# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2011
# सामान्य अध्ययन
## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल
## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. In the Union Budget 2011-12, a full exemption from the basic customs duty was extended to the bio-based asphalt (bioasphalt). What is the importance of this material?**
**केन्द्रीय बजट 2011-12 में जैव-मूल ऐस्फाल्ट (बायोऐस्फाल्ट) पर मूल सीमाशुल्क की पूरी छूट प्रदान की गई है। इस पदार्थ का क्या महत्व है?**

1. Unlike traditional asphalt, bio-asphalt is not based on fossil fuels./पारंपरिक ऐस्फाल्ट के विपरीत, बायोऐस्फाल्ट जीवाश्म ईधनों पर आधारित नहीं होता।
2. Bioasphalt can be made from non-renewable resources./बायोऐस्फाल्ट अनवीकरणीय (नॉन-रिन्यूवेबल) साधनों से निर्मित हो सकता है।
3. Bioasphalt can be made from organic waste materials.
बायोऐस्फाल्ट जैव अपशिष्ट पदार्थों से निर्मित हो सकता है।
4. It is eco-friendly to use bioasphalt for surfacing of the roads./बायोऐस्फाल्ट से सड़कों की ऊपरी सतह बिछाना पारिस्थितिकी के अनुकूल है।

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन से कथन सही है?**

(a) 1, 2 and 3 /केवल 1, 2, और 3
(b) 1, 3 and 4/केवल 1, 3 और 4
(c) 2 and 4/केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3, और 4

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या**–बायोऐस्फाल्ट, पारम्परिक एस्फाल्ट (डामर) का विकल्प है, जिसका निर्माण जीवाश्म ईंधनों पर आधारित नहीं होता है। इसका निर्माण गैर-पेट्रोलियम आधारित नवीकरणीय स्रोतों से किया जाता है। इन स्रोतों में मक्का, धान, चीनी, शीरा, सफेद सरसों के तेल का अपशिष्ट, ताड़ के तेल का अपशिष्ट, लिग्निन, मक्का आदि सम्मिलित है। बायोऐस्फाल्ट सड़कों की सतह का तापमान कम रखने में मददगार है। अतः बायोऐस्फाल्ट से सड़कों की ऊपरी सतह बिछाना पारिस्थितिकी के अनुकूल है।

**2. Consider the following :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**

1. Carbon dioxide/कार्बन डाईऑक्साइड
2. Oxides of Nitrogen/नाइट्रोजन के ऑक्साइड
3. Oxides of Sulphur/सल्फर के ऑक्साइड

**Which of the above is/ are the emission/ emissions from coal combustion at thermal power plants?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से उत्सर्जन उष्मीय शक्ति संयत्रों में कोयला दहन से उत्सर्जित होता है/ होते हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर**– **(d)**

**व्याख्या**– उष्मीय शक्ति संयंत्रों में कोयला दहन के परिणामस्वरूप कार्बन डाईऑक्साइड, नाइट्रोजनों के ऑक्साइड, सल्फर के ऑक्साइड्स तथा वायुजनित अकार्बनिक कणों इत्यादि का उत्सर्जन होता है।

**3. Satellites used for telecommunication relay are kept in a geostationary orbit. A satellite is said to be in such an orbit when :/दूरसंचार प्रसारण हेतु प्रयुक्त उपग्रहों को भू-अप्रगामी कक्षा में रखा जाता है। एक उपग्रह ऐसी कक्षा में तब होता है जब:**

1. The orbit is geosynchronous.
कक्षा भू-तुल्यकालिक होती है।
2. The orbit is circular /कक्षा वृत्ताकार होती है।
3. The orbit lies in the plane of the Earth's equator.
कक्षा पृथ्वी की भूमध्य रेखा के समतल होती है।
4. The orbit is at an altitude of 22,236 km.
कक्षा 22,236 Km की तुंगता पर होती है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 1, 3 and 4 only /केवल 1, 3 और 4
(c) 2 and 4 only / केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3, and 4 /1, 2, 3, और 4

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – भू-अप्रगामी कक्षा भू-तुल्यकालिक होती है जो पृथ्वी की भूमध्य रेखा के समतल होती है तथा भू-तुल्यकालिक कक्षा वृत्ताकार होती है। अतः कथन 1, 2 तथा 3 सही है।

**4. India has experienced persistent and high food inflation in the recent past. What could be the reasons?**
**हाल के वर्षों में भारत निरंतर और उच्च खाद्य स्फीति से गुजरा है। इसके क्या कारण हो सकते हैं?**

1. Due to a gradual switchover to the cultivation of commercial crops, the area under the cultivation of food grains has steadily decreased in the last five years by about 30%
उत्तरोत्तर वाणिज्यिक फसलों की खेती में प्रयुक्त होने के कारण खाद्यान्नों का कृषि क्षेत्र विगत पाँच वर्षों में लगातार घटते हुए लगभग 30 प्रतिशत घट गया है।

2. As a consequence of increasing incomes, the consumption patterns of the people have undergone a significant change.
बढ़ी हुई आय के कारण लोगों के उपभोग प्रतिरूप में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं।
3. The food supply chain has structural constraints.
आहार की आपूर्ति शृंखला में कई संरचनात्मक अवरोध हैं।

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – बढ़ी हुई आय के कारण लोगों के उपभोग प्रतिरूप में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं, जिससे खाद्य स्फीति और उच्च हुई है। भारत में हाल के वर्षों में निरंतर और उच्च खाद्य स्फीति के कारणों में कई खाद्य वस्तुओं की माँग आपूर्ति शृंखला में संरचनात्मक अवरोध प्रमुख है।

**5. At present, scientists can determine the arrangement or relative positions of genes or DNA sequences on a chromosome. How does this knowledge benefit us?**
**वर्तमान में वैज्ञानिक किसी गुणसूत्र में जीन इकाइयों का विन्यास अथवा उनकी सापेक्षिक स्थिति अथवा डी. एन.ए. अनुक्रमों को निर्धारित कर सकते हैं। यह ज्ञान हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है?**

1. It is possible to know the pedigree of livestock.
उसकी मदद से पशुधन की वंशावली जानी जा सकती है।
2. It is possible to understand the causes of all human diseases./उसकी मदद से सभी मानव रोगों के कारण ज्ञात हो सकते हैं।
3. It is possible to develop disease-resistant animal breeds./उसकी मदद से पशुओं की रोग-सह नस्ले विकसित की जा सकती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या**– डी.एन.ए. अनुक्रमों की सहायता से पशुओं की वंशावलियों को जानने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आनुवंशिक रोगों जैसे अल्जाइमर, म्योटोनिक, डिस्ट्रॉफी, सिस्टिक फाइब्रोसिस तथा जीनों की अक्षमता एवं उनमें उत्पन्न दोषों के चलते होने वाली कई बीमारियों का कारण ज्ञात कर उनका उपचार संभव हो सकता है।

**6. In terms of economy, the visit by foreign nationals to witness two the XIX Common Wealth Games in India amounted to**
**आर्थिक क्रियाकलापों के संदर्भ में XIX राष्ट्रमंडल खेलों को देखने के लिए विदेशी नागरिकों का भारत में आगमन**

(a) Export/निर्यात था
(b) Import/आयात था
(c) Production/उत्पादन था
(d) Consumption/ उपभोग था

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या**– आर्थिक क्रियाकलापों के संदर्भ में XIX राष्ट्रमण्डल खेलों को देखने के लिए विदेशी नागरिकों का भारत में आगमन निर्यात था। 19वें राष्ट्रमण्डल खेल 3-14 अक्टूबर, 2010 को भारत के नई दिल्ली में सम्पन्न हुए। भारत में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रमंडल खेल में 17 खेलों की 260 स्पर्द्धाओं में राष्ट्रमण्डल खेल महासंघ से जुड़े 71 देशों के लगभग सात हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसे देखने के लिए विदेशी नागरिकों का भारत आगमन निर्यात के अंतर्गत माना जाएगा। इस आगमन से देश को प्राप्त आय पर्यटन के अंतर्गत आयेगी जो निर्यात लेखे के अंतर्गत अदृश्य मद है। निर्यात में दृश्य वस्तुएं, सेवाएं तथा विदेशों में विनियोग से प्राप्त आय सम्मिलित है।

**7. Microbial fuel cells are considered a source of sustainable energy. Why ?**
**सूक्ष्मजैविक ईंधन कोशिकाएँ (माइक्रोबियल फ्यूल सेल) ऊर्जा का धारणीय (सस्टैनेबल) स्रोत समझी जाती हैं। क्यों?**

1. They use living organisms as catalysts to generate electricity from certain substrates.
ये जीवित जीवों को उत्प्रेरक के रूप में प्रयुक्त कर कुछ सबस्ट्रेटों से विद्युतीय उत्पादन कर सकती हैं।
2. They use a variety of inorganic materials as substrates./ये विविध प्रकार के अजैव पदार्थ सबस्ट्रेट के रूप में प्रयुक्त करती हैं।
3. They can sbe installed in waste water treatment plants to cleanse water and produce electricity.
ये जल का शोधन और विद्युत उत्पादन करने के लिए अपशिष्ट जल शोधन संयंत्रों में स्थापित की जा सकती हैं।

**Which of the statement given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सूक्ष्म जैविक ईंधन (माइक्रोबियल फ्यूल सेल) जैव परिवर्तनीय सबस्ट्रेट में उपलब्ध रासायनिक ऊर्जा को सीधे विद्युतीय ऊर्जा में परिवर्तित कर देती है। एम. एफ. सी. (माइक्रोबियल फ्यूल सेल) को विद्युत उत्पादन का आकर्षक विकल्प भी माना जाता है क्योंकि इसमें कार्बनिक पदार्थ जैसे - सुक्रोज, ग्लूकोज, एसीटेट, स्टार्च फार्मेट, मेथेनाल, प्रोटीन इत्यादि सबस्ट्रेट के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

**8. Which one of the following statements appropriately describes the "fiscal stimulus"?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन "वित्तीय उत्प्रेरक" की समुचित व्याख्या करता है?**

(a) It is a massive investmen by the Government in manufacturing sector to ensure the supply of goods to meet the demand surge cause by rapid economic growth.
यह सरकार द्वारा उत्पादन क्षेत्र में किया गया वृहद् निवेश है जिसका लक्ष्य माल की आपूर्ति कर तीव्र आर्थिक विकास के कारण बढ़ी हुई माँग को पूरा करना है

(b) It is an intense affirmative action of the Government to boost economic activity in the country.
यह सरकार की गहन निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है

(c) It is Government's intensive action on financial institutions to ensure disbursement of loans to agriculture and allied sectors to promote greater food production and contain food inflation.
यह सरकार द्वारा वित्तीय संस्थानों पर की गई गहन कार्यवाही है जिसका लक्ष्य कृषि तथा सहबद्ध क्षेत्रों को ऋण वितरित कराना है जिससे वृहत्तर खाद्य उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके और खाद्य स्फीति पर अंकुश लग सके

(d) It is an extreme affirmative action by the Government to pursue its policy of financial inclusion.
यह सरकार की चरम निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य वित्तीय समावेशन नीति का अनुसरण करना है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–'वित्तीय उत्प्रेरक' सरकार की गहन निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। सरकार वित्तीय उत्प्रेरक को अर्थव्यवस्था को मंदी से उबारने अथवा वित्तीय संकट से बचाने के लिए प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को मंदी से बचाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

**9. The formation of ozone hole in the Antarctic region has been a cause of concern. What could be the reason for the formation of this hole**
**अंटार्कटिक क्षेत्र में ओजोन छिद्र का बनना चिंता का विषय है। इस छिद्र के बनने का संभावित कारण क्या है?**

(a) Presence of prominent tropospheric turbulence; and inflowof chlorofluorocarbons.
विशिष्ट क्षोभमंडलीय विक्षोभ की उपस्थिति; तथा क्लोरोफ्लोरोकार्बनों का अंतर्वाह

(b) Presence of prominent polar front and stratospheric clouds; and inflow of chlorofluorocarbons.
विशिष्ट ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की उपस्थिति; तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बनों का अंतर्वाह

(c) Absence of polar front and stratospheric clouds; and inflow of methane and chlorofluorocarbons.
ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की अनुपस्थिति; तथा मेथेन और क्लोरोफ्लोरोकार्बनों का अंतर्वाह

(d) Increased temperature at polar region due to global warming.
वैश्विक तापन से ध्रुवीय प्रदेश में हुई तापमान वृद्धि

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – अंटार्कटिक क्षेत्र में ओजोन छिद्र का बनना चिंता का विषय है, इस छिद्र के बनने का संभावित कारण विशिष्ट ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की उपस्थिति तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बनों का अंतर्वाह है। ध्रुवीय समतापमंडलीय बादलों में उपस्थित नाइट्रिक अम्ल, क्लोरोफ्लोरोकार्बनों से अभिक्रिया कर क्लोरीन का निर्माण करता है जो कि ओजोन परत के प्रकाश रासायनिक विनाश के लिए उत्तरदायी है।

**10. Consider the following actions which the Government can take?/निम्नलिखित कार्यवाहियों पर विचार करें जो सरकार द्वारा लिए जा सकते हैं–**

1. Devaluing the domestic currency.
घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन
2. Reduction in the export subsidy.
निर्यातों को मिलने वाली आर्थिक सहायता में कटौती
3. Adopting suitable policies which attract greater FDI and more funds from FIIs.
उन उपयुक्त नीतियों को लागू करना जिससे देश में अधिक FDI आए तथा FIIs से अधिक निधि आए

**Which of the above action/actions can help in reducing the current account deficit?**
**उपर्युक्त में से कौन-सी क्रिया/क्रियाएँ चालू खाते के घाटे को घटाने में सहायक साबित हो सकती है/हैं?**

(a) 1 and 2 / 1 और 2 (b) 2 and 3 / 2 और 3
(c) 3 only / केवल 3 (d) 1 and 3 / 1 और 3

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– चालू खाते को घटाने के लिए घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन और उन उपयुक्त नीतियों को लागू करना जिससे देश में अधिक FDI आए FIIs से अधिक निधि आए, इत्यादि कार्यवाही किसी सरकार द्वारा की जा सकती है।

**11. The Constitution (Seventy-Third Amendment) Act, 1992, which aims at promoting the Panchayati Raj Institutions in the country, provides for which of the following ?**
**संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992, जिसका लक्ष्य देश में पंचायती राज संस्थापनों को प्रोत्साहित करना है, निम्नलिखित में से किस/ किन चीजों की व्यवस्था करता है?**

1. Constitution of District Planning Committees.
जिला योजना समितियों का गठन करने की
2. State Election Commissions to conduct all panchayat elections.
राज्य निर्वाचन आयोगों द्वारा सभी पंचायतों का चुनाव करने की
3. Establishment of State Finance Commissions.
राज्य वित्त आयोगों की स्थापना करने की

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2

(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3
**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या**–संविधान का 73वाँ संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा भारत में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की गई है। ये ग्राम, ब्लाक और जिला स्तर पर स्थापित की गई है। इन्हें क्रमशः ग्राम सभा, ब्लॉक अथवा समिति और जिला परिषद के नाम से जाना जाता है। यह अधिनियम 24 अप्रैल, 1993 से पूरे देश में लागू हुआ था।

भारत में पंचायती राज प्रणाली संविधान के नीति निदेशक तत्वों के तहत दिए गए अनुच्छेद-40 के निर्देशों के अधीन प्रारम्भ की गई। नीति निदेशक तत्वों के इस अनुच्छेद में ग्राम पंचायतों का गठन करने और उन्हें स्वायत्त शासन की शक्ति प्रदान करने हेतु कदम उठाने का प्रावधान किया गया है।

पंचायतों के लिए संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा निम्न के प्रावधान हैं – राज्य निर्वाचन आयोग (अनु. 243K), राज्य वित्त आयोग अनु. [243(I)] है। परन्तु जिला योजना समिति का गठन (अनु. 243(ZD) 74वाँ संविधान संशोधन के तहत किया गया था।

अतः इस प्रश्न का उत्तर विकल्प c होना चहिए। परन्तु आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर d माना था।

**12. Two important rivers–one with its source in Jharkhand (and known by a different name in Odisha), and another, with its source in Odisha merge at a place only a short distance from the coast of Bay of Bengal before flowing into the sea. This is an important site of wildlife and biodiversity and a protected area. Which one of the following could be this?**
**दो महत्वपूर्ण नदियां–जिनमें से एक का स्त्रोत झारखंड में है (और जो उड़ीसा में दूसरे नाम से जानी जाती है) तथा दूसरी जिसका स्त्रोत उड़ीसा में है–समुद्र में प्रवाह करने से पूर्व एक ऐसे स्थान पर संगम करती हैं जो बंगाल की खाड़ी से कुछ ही दूर है। यह वन्यजीवन तथा जैवविविधता का प्रमुख स्थल है और सुरक्षित क्षेत्र है। निम्नलिखित में वह स्थल कौन-सा है?**

(a) Bhitarkanika/भितरकनिका
(b) Chandipur-on-sea/चांदीपुर-ऑन-सी
(c) Gopalpur-on-sea/गोपालपुर-ऑन-सी
(d) Simlipal/सिमलीपाल
**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – भितरकनिका नामक स्थान पर ब्राह्मणी और वैतरणी नदी समुद्र में गिरने से पहले मिलती है। वन्यजीव तथा जैव विविधता से पारित क्षेत्र के रूप में भितरकनिका विख्यात है। झारखण्ड में ब्राह्मणी नदी दक्षिणी कोयल के नाम से जानी जाती है। राउरकेला नामक स्थान पर शंख नदी (उद्गम क्षेत्र झारखण्ड तथा छत्तीसगढ़ सीमा के निकट) से दक्षिण कोयल में मिल जाने के बाद इसका नाम ब्राह्मणी हो जाता है। उड़ीसा राज्य के क्योंझर जिले के वैतरणी नदी का उद्गम गुप्त गंगा पहाड़ी से होता है।

**13. A rapid increase in the rate of inflation is sometimes attributed to the "base effect". What is "base effect" ?**
**स्फीति दर में होने वाली तीव्र वृद्धि का आरोप्य कभी-कभी ''आधार प्रभाव'' (base effect) पर लगाया जाता है। यह ''आधार प्रभाव'' क्या है?**

(a) It is the impact of drastic deficiency in supply due to failure of crops./यह फसलों के खराब होने से आपूर्ति में उत्पन्न उग्र अभाव का प्रभाव है
(b) It is the impact of the surge in demand due to rapid economic growth./यह तीव्र आर्थिक विकास के कारण तेजी से बढ़ रही माँग का प्रभाव है
(c) It is the impact of the price levels of previous year on the calculation of inflation rate.
यह विगत वर्ष की कीमतों का स्फीति दर की गणना पर आया प्रभाव है
(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct in this context.
इस संदर्भ में उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है
**उत्तर**–**(c)**

**व्याख्या** – आधार प्रभाव पूर्व के आंकड़ों का वर्तमान आंकड़ों की गणना पर पड़ने वाले प्रभाव को कहते हैं। स्फीति दर में वृद्धि के संदर्भ में विगत वर्ष की कीमतों का वर्तमान स्फीति दर की गणना पर आया प्रभाव ही 'आधार प्रभाव' है।

$$\text{GDP Deflator} = \frac{\text{Nominal (or current prices) GDP}}{\text{Real (or Constant prices) GDP}} \times 100$$

**14. India is regarded as a country with "Demographic Dividend". This is due to**
**भारत की गिनती ''जनांकिकीय लाभांश'' (डेमोग्राफिक डिविडेंड) वाले देश के रूप में की जाती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि –**

(a) Its high population in the age group below 15 years.
यहाँ 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(b) Its high population in the age group of 15-64 years
यहाँ 15-64 वर्ष आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(c) Its high population in the age group above 65 years
यहाँ 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(d) Its high total population
यहाँ की कुल जनसंख्या अधिक है
**उत्तर**–**(b)**

**व्याख्या** – भारत की गिनती 'जनांकिकीय लाभांश' (डेमोग्राफिक डिविडेन्ड) वाले देश के रूप में की जाती है। इसका कारण यह है कि यहाँ 15-64 वर्ष आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है तथा बच्चों एवं वृद्धों की संख्या कम है।

**15. Regarding ''carbon credits'', which one of the following statements is not correct ?**
**''कार्बन क्रेडिट'' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) The carbon credit system was ratified in conjunction with the Kyoto Protocol .
कार्बन क्रेडिट प्रणाली क्योटो प्रोटोकोल के संयोजन से सम्पुष्ट की गई थी

(b) Carbon credits are awarded to countries or groups that have reduced greenhouse gases below their emission quota.
कार्बन क्रेडिट उन देशों या समूहों को प्रदत्त की जाती है जो ग्रीन-हाउस गैसों का उत्सर्जन घटाकर उसे उत्सर्जन अभ्यंश के नीचे ला चुके होते हैं

(c) The goal of the carbon credit system is to limit the increase of carbon dioxide emission.
कार्बन क्रेडिट का लक्ष्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाना है

(d) Carbon credits are traded at a price fixed from time to time by the United Nations Environment Programme.
कार्बन क्रेडिट का क्रय-विक्रय संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के द्वारा समय-समय पर नियत मूल्यों के आधार पर किया जाता है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** –कार्बन क्रेडिट प्रणाली के अनुसार किसी देश में उपलब्ध उद्योगों के अनुसार उस देश के द्वारा किए जाने वाले अधिकतम कार्बन उत्सर्जनों का निर्धारण किया जाता है। कार्बन क्रेडिट प्रणाली को क्योटो प्रोटोकाल के अंतर्गत पर्यावरण में कार्बन उत्सर्जनों को कम करने के लिए लागू किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कार्बन क्रेडिट का क्रय-विक्रय उनके वर्तमान बाजार मूल्यों के अनुसार किया जाता है।

**16. Which one of the following is not a feature of "Value Added Tax" ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी ''मूल्य आधारित कर'' (वैल्यू ऐडेड टैक्स) की विशेषता नहीं है?**

(a) It is a multi-point destination-based system of taxation.
यह बहु-बिंदु लक्ष्य आधारित कर (टैक्सेशन) प्रणाली है

(b) It is a tax levied on value addition at each stage of transaction in the production-distribution chain
यह उत्पादन/वितरण शृंखला में लेनदेन के हर चरण में हुए मूल्य-संवर्धन पर लगाया गया कर (टैक्स) है

(c) It is a tax on the final consumption of goods or services and must ultimately be borne by the consumer.
यह वस्तुओं तथा सेवाओं पर उपभोग के अंतिम चरण में लगाया गया कर (टैक्स) है जिसका वहन अंततः उपभोक्ताओं को करना पड़ता है

(d) It is basically a subject of the Central Government and the State Governments are only a facilitator for its successful implementation
यह मूलभूत रूप से केन्द्र सरकार का विषय है; और राज्य सरकारों का दायित्व इसे सफलता के साथ लागू करने तक सीमित है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – ''मूल्य आधारित कर'' बहु-बिंदु लक्ष्य आधारित कर प्रणाली है। इसमें उत्पादन/वितरण शृंखला में लेन-देन के हर चरण में हुए मूल्य संवर्धन पर कर लगाया जाता है। यह वस्तुओं तथा सेवाओं के अंतिम उपभोग पर लगाया गया कर है, जिसका वहन अंततः उपभोक्ताओं को करना पड़ता है।

**17. A 'closed economy'' is an economy in which**
**''बंद अर्थव्यवस्था'' वह अर्थव्यवस्था है जिसमें–**

(a) the money supply is fully controlled
मुद्रा पूर्ति पूर्णतः नियंत्रित होती है

(b) deficit financing takes place.
घाटे की वित्त व्यवस्था होती है

(c) only exports take place
केवल निर्यात होता है

(d) neither exports nor imports take place
न तो निर्यात, न ही आयात होता है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – बन्द अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है जहाँ न तो आयात होता है और न तो निर्यात होता है। अर्थात् बन्द अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है जो वस्तुओं सेवाओं इत्यादि के आयात-निर्यात को बंद रखता है। अतः (d) सही है।

**18. When the bark of a tree is removed in a circular fashion all around near its base, it gradually dries up and dies because**
**जब किसी वृक्ष की छाल, वृक्ष के आधार के पास से गोलाकार चारों तरफ से हटा दी जाती है, तो यह वृक्ष धीरे-धीरे सूख कर मर जाता है, क्योंकि**

(a) Water from soil cannot rise to aerial parts
मृदा से जल वायव अंगों में नहीं पहुँच पाता

(b) Roots are starved of energy
जड़े ऊर्जा से वंचित रह जाती हैं

(c) Tree is infected by soil microbes
वृक्ष मृदा-जीवाणुओं से संक्रमित हो जाता है

(d) Roots do not receive oxygen for respiration
जड़ों को श्वसन हेतु ऑक्सीजन नहीं प्राप्त हो पाता

**उत्तर– (b)**

**व्याख्या** – संवहनी पादपों में दो प्रकार के ऊतक पाए जाते हैं – फ्लोएम और जाइलम। फ्लोएम किसी वृक्ष के छाल की सबसे आंतरिक परत होती है। इसका मुख्य कार्य प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में निर्मित घुलनशील कार्बनिक पदार्थ का परिवहन करना है। वृक्ष के आधार के पास से गोलाकार चारों तरफ से किसी वृक्ष की छाल निकाल देने पर फ्लोएम भी क्षतिग्रस्त हो जाएगा जिसके फलस्वरूप प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में पत्तियों द्वारा निर्मित पोषक तत्त्व जड़ों तक नहीं पहुँच सकेंगे तथा जड़ें ऊर्जा से वंचित रह जाएंगी और वृक्ष धीरे-धीरे सूख कर मृत हो जाएगा।

**19. The "New START" treaty was in the news. What is this treaty ?**
**''न्यू स्टार्ट संधि'' (New START treaty) समाचारों में रही थी। यह संधि क्या है?**

(a) It is a bilateral strategic nuclear arms reduction treaty between the USA and the Russian Federation./यह संयुक्त राज्य अमेरिका तथा रूसी संघ के बीच नाभिकीय शस्त्रों पर कटौती करने की द्विपक्षीय सामरिक महत्व की संधि है

(b) It is a multilateral energy security cooperation treaty among the members of the East Asia Summit./यह पूर्वी एशिया शीर्ष सम्मेलन के सदस्यों के बीच बहुपक्षीय ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है

(c) It is a treaty between the Russian Federation and the European Union for the energy security cooperation./यह रूसी संघ तथा यूरोपीय संघ के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है

(d) It is a multilateral cooperation treaty among the BRICS countries for the promotion of trade.
यह ''ब्रिक्स'' (BRICS) देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए की गई बहुपक्षीय सहयोग संधि है

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या** – शीत युद्धकाल के दौरान अमेरिका और रूस के बीच 31 जुलाई, 1991 को हस्ताक्षरित 'स्टार्ट' के स्थान पर एक नई स्टार्ट संधि पर अमेरिका व रूस के बीच हस्ताक्षर चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में 8 अप्रैल, 2010 को किए गए। नई स्टार्ट संधि के तहत दोनों देश सात वर्षों में अपने परमाणु हथियारों की संख्या में एक-तिहाई तक कटौती करने तथा उन्हें ले जाने वाली पनडुब्बियों, मिसाइलों व बमवर्षकों की संख्या में आधी से अधिक कटौती के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**20. Three of the following criteria have contributed to the recognition of Western Ghats-Sri Lanka and Indo-Burma regions as hotspots of biodiversity :**
**निम्नलिखित में से तीन मानकों के आधार पर पश्चिमी घाट-श्रीलंका एवं इंडो-बर्मा क्षेत्रों को जैवविविधता के प्रखर स्थलों (हॉटस्पॉट्स) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है :**

1. Species richness / जाति बहुतायता (स्पीशीस रिचनेस)
2. Vegetation density / वानस्पतिक घनत्व
3. Endemism / स्थानिकता
4. Ethno- botanical importance
मानवजाति-वानस्पतिक महत्व
5. Threat perception / आशंका बोध
6. Adaptation of flora and fauna to warm and humid conditions
वनस्पति एवं प्राणीजाति का ऊष्ण व आर्द्र परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन

**Which three of the above are correct criteria in this context?**
**उपर्युक्त में से कौन-से तीन मानक इस संदर्भ में सही हैं?**

(a) 1, 2 and 6 / 1, 2 और 6
(b) 2, 4 and 6 / 2, 4 और 6
(c) 1,3 and 5 / 1, 3 और 5
(d) 3, 4 and 6 / 3, 4 और 6

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**–जाति बहुतायता, स्थानिकता तथा आशंका बोध नामक तीन मानकों के आधार पर पश्चिमी घाट- श्रीलंका एवं इंडो-बर्मा क्षेत्रों को जैव विविधता के प्रखर स्थलों (हॉटस्पॉट्स) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

**21. Human activities in the recent past have caused the increased concentration of carbon dioxide in the atmosphere, but a lot of it does not remain in the lower atmosphere because of**
**हाल के वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता में बढ़ोतरी हुई है, किंतु उसमें से बहुत-सी वायुमंडल के निचले भाग में नहीं रहती, क्योंकि :**

1. its escape into the outer stratosphere.
वह बाह्य समतापमंडल में पलायन कर जाती है।
2. the photosynthesis by phyto-plankston in the oceans.
समुद्रों में पादपप्लवक प्रकाशसंश्लेषण कर लेते हैं।
3. the trapping of air in the polar ice caps.
ध्रुवीय बर्फ-छत्रक वायु का प्रग्रहण कर लेते हैं।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 and 2 / 1 और 2 (b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3 /2 और 3 (d) 3 only /केवल 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – वैश्वीकरण, तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या, वनों की कमी एवं अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड की सान्द्रता में बढ़ोत्तरी हुई है, किन्तु उसमें अधिकांश वायुमण्डल के निचले भाग में नहीं रहती जिसका एक प्रमुख कारण यह है कि समुद्रों में पादप प्लवक प्रकाश संश्लेषण कर लेते हैं।

**22. In the context of ecosystem productivity, marine upwelling zones are important as they increase the marine productivity by bringing the**
**पारितंत्र उत्पादकता के संदर्भ में समुद्री उत्प्रवाह (अपवेलिंग) क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये निम्नलिखित माध्यम/माध्यमों से समुद्री उत्पादकता बढ़ाते हैं :**

1. decomposer microorganisms to the surface.
अपघटक सूक्ष्मजीवियों को सतह पर लाकर।
2. dutrients to the surface. /पोषकों को सतह पर लाकर।
3. bottom-dwelling organisms to the surface.
अधस्थली जीवों को सतह पर लाकर।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 and 2 / 1 और 2 (b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3 /2 और 3 (d) 3 only /केवल 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – पारितंत्र उत्पादकता के संदर्भ में समुद्री उत्प्रवाह (अपवेलिंग) क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये पोषकों को सतह पर लाकर समुद्री उत्पादकता बढ़ाते हैं। समुद्र प्रवाह के अंतर्गत वायु प्रवाह द्वारा समुद्र की सतह पर विद्यमान गर्म एवं पोषकरहित जल को ठण्डे तथा पोषक तत्वों से परिपूर्ण जल के माध्यम से स्थानान्तरित कर दिया जाता है।

**23. If a tropical rain forest is removed, it does not regenerate quickly as compared to a tropical deciduous forest.This is because**
**यदि उष्णकटिबंधीय वर्षा-वन काट दिया जाए, तो यह उष्णकटिबंधीय पर्णपाती बन की तुलना में शीघ्र पुनर्योजित नहीं हो पाता। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि**

(a) the soil of rain forest is deficient in nutrients
वर्षा-वन की मृदा में पोषकों का अभाव होता है
(b) propagules of the trees in a rain forest have poor viability
वर्षा-वन में वृक्षों के प्रवर्ध्यों की जीवनक्षमता दुर्बल होती है
(c) the rain forest species are slow-growing
वर्षा-वन की जातियां धीमी गति से बढ़ती हैं
(d) exotic species invade the fertile soil of rain forest
विदेशज जातियाँ वर्षा-वन की उर्वर मुद्रा पर अतिक्रमण कर जाती हैं

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या**–यदि उष्णकटिबन्धीय वर्षा वन काट दिया जाए तो यह उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन की तुलना में शीघ्र पुनर्नियोजित नहीं हो पाता, जिसका सबसे प्रमुख कारण वर्षा वन की मृदा में पोषकों का अभाव होता है।

**24. The Himalyan Range is very rich in species diversity. Which one among the following is the most appropriate reason for this phenomenon?**
**हिमालय पर्वत प्रदेश जाति-विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इस संवृति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सबसे उपयुक्त है?**

(a) It has a high rainfall that supports luxuriant vegetative growth./यहाँ अधिक वर्षा होती है जो प्रचुर वनस्पति वृद्धि को बढ़ावा देती है
(b) It is a confluence of different bio-geographical zones./यह विभिन्न जीव-भौगोलिक क्षेत्रों का संगम है
(c) Exotic and invasive species have not been introduced in this region./इस क्षेत्र में विदेशज तथा अतिक्रामक जातियां प्रवेश नहीं कराई गई हैं
(d) It has less human interference.
यहां मनुष्यों का कम हस्तक्षेप है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – हिमालय पर्वत भारतीय उपमहाद्वीप की प्राकृतिक एवं राजनीतिक सीमा बनाता है। हिमालय की भौगोलिक परिस्थिति के कारण ही भारतीय उपमहाद्वीप का शेष एशिया से अलग व्यक्तित्व बन सका है। हिमालय पर्वत प्रदेश जाति विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इसका सर्वप्रमुख कारण यह है कि यह विभिन्न जीव भौगोलिक क्षेत्रों का संगम है।

**25. With reference to India, consider the following Central Acts :**
**भारत के संदर्भ में निम्नलिखित केन्द्रीय अधिनियमों पर विचार कीजिए –**

1. Import and Export (Control) Act, 1947
आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947
2. Mining and Mineral Development (Regulation) Act,1957
खनन एवं खनिज विकास (नियमन) अधिनियम, 1957
3. Customs Act, 1962
सीमाशुल्क अधिनियम, 1962
4. India Forest Act, 1927
भारतीय वन अधिनियम, 1927

**Which of the above Acts have relevance to/ bearing on the biodiversity conservation in the country?**
**उपर्युक्त में से कौन-से अधिनियम देश में जीव-विविधता संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं अथवा उस पर असर डालते हैं**

(a) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(b) 2, 3 and 4 only / केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4
(d) None of the above Acts
उपर्युक्त अधिनियमों में से कोई भी नहीं

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या** – भारत में जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण अधिनियम हैं–
1. मत्स्य अधिनियम, 1897
2. भारतीय वन अधिनियम, 1927
3. खनन एवं खनिज विकास (नियमन) 1957
4. सीमा शुल्क अधिनियम, 1962
5. आयात एवं निर्यात अधिनियम, 1947
6. कृषि उत्पाद (ग्रेडिंग और विपणन) अधिनियम, 1937
7. खतरनाक कीट और पिस्यू अधिनियम, 1914
8. इलायची अधिनियम, 1965

**26. Karl Marx explained the process of class struggle with the help of which one of the following theories ?**
**कार्ल मार्क्स ने वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त की मदद से समझाया है?**

(a) Empirical liberalism/आनुभविक उदारवाद
(b) Existentialism/अस्तित्ववाद
(c) Darwin's theory of evolution/डार्विन का विकासवाद
(d) Dialectical meterialism/द्वंद्वात्मक भौतिकवाद

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– कार्ल मार्क्स ने वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया को 'द्वंद्वात्मक भौतिकवाद' के सिद्धान्त की मदद से समझाया। मार्क्स का विचार है कि ऐतिहासिक प्रक्रिया में प्राचीन समाज का आधार दासता मध्यमवर्गीय समाज का आधार नकद पूँजी तथा सामंतवादी समाज का आधार भूमि है। यही मार्क्स का 'इतिहास की भौतिकवादी' व्याख्या है। उनका विचार है कि समाज का इतिहास आर्थिक कारणों से निर्धारित होता है जिसके मूल में वर्ग संघर्ष का द्वन्द्व होता है।

**27. A layer in the Earth's atmosphere called Ionosphere facilitates radio communication. Why?**
**पृथ्वी के वायुमंडल में आयनमंडल कहलाने वाली परत रेडियो संचार को सुसाध्य बनाती है। क्यों?**

1. The presence of ozone causes the reflection of radio waves to Earth.
ओजोन की उपस्थिति रेडियो तरंगों को पृथ्वी की ओर परावर्तित करती है।

2. Radio waves have a very long wavelength.
रेडियो तरंगों की तरंग-दैर्ध्य अति दीर्घ होती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – पृथ्वी के वायुमण्डल में आयनमण्डल कहलाने वाली परत रेडियो संचार को सुसाध्य बनाती है क्योंकि आयनमंडल में विद्युत आवेशित आयनों की उपस्थिति होती है।

**28. Both Foreign Direct Investment (FDI) and Foreign Institutional Investor (FII) are related to investment in a country. Which one of the following statements best represents an important difference between the two ?**
**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) तथा संस्थागत विदेशी निवेशक (FII) दोनों ही, किसी देश में निवेश से सम्बद्ध हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दोनों के बीच की एक महत्वपूर्ण भिन्नता को सबसे अच्छे ढंग से व्यक्त करता है?**

(a) FII helps bring better management skills and technology, while FDI only brings in capital .
FII बेहतर प्रबंधन कुशलताएं तथा प्रौद्योगिकी अंतरण को लाने में सहायक है, जबकि FDI केवल पूँजी लेकर आता है
(b) FII helps in increasing capital availability in general, while FDI only targets specific sectors.
FII व्यापक स्तर पर पूँजी उपलब्धता बढ़ाने में सहायक है, जबकि FDI का लक्ष्य केवल विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित होता है
(c) FDI flows only into the secondary market, while FII targets primary market.
FDI केवल द्वितीयक बाजार में चलित होता है, जबकि FII का लक्ष्य प्राथमिक बाजार होता है
(d) FII is considered to be more stable than FDI.
FDI की तुलना में FII अधिक स्थायी माना जाता है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) तथा संस्थागत विदेशी निवेशक (FII) दोनों ही किसी देश में निवेश से सम्बद्ध है। FII व्यापक स्तर पर पूँजी उपलब्धता बढ़ाने में सहायक है, जबकि FDI का लक्ष्य केवल विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित होता है दोनों के बीच की एक महत्वपूर्ण भिन्नता को सबसे अच्छे ढंग से व्यक्त करता है। भौतिक सम्पदा जैसे कारखाने, भूमि, पूँजीगत वस्तुएं तथा आधारिक संरचना वाले क्षेत्रों में अपना धन लगाते हैं तो इसे प्रत्यक्ष विदेशी पूँजी निवेश कहा जाता है। अधिकांशतया इस प्रकार के निवेश बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किए जाते हैं। FII (संस्थागत विदेशी निवेश) द्वितीयक बाजार में ही मुख्य रूप से चालित होता है। इस प्रकार कथन (b) सही है।

**29. A genetically engineered form of brinjal, known as the Bt-brinjal, has been developed. The objective of this is**
**बैंगन की आनुवंशिक अभियांत्रिकी से उसकी एक नई किस्म Bt-बैंगन विकसित की गई है। इसका लक्ष्य**

(a) To make it pest-resistant
इसे नाशकजीव-सह बनाना है
(b) To improve its taste and nutritive qualities
इसे अधिक स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाना है
(c) To make it drought-resistant
इसे जलाभाव-सह बनाना है
(d) To make its shelf-life longer
इसकी निधानी आयु बढ़ाना है

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – बैंगन की आनुवंशिक अभियांत्रिकी से उसकी एक नई किस्म 'बीटी बैंगन' विकसित की गई है। इसका लक्ष्य इसे नाशकजीव सह बनाना है। बीटी बैंगन आनुवंशिक अभियांत्रिकी से विकसित बैंगन की नई किस्म है।

**30. With reference to "Aam Admi Bima Yojana", consider the following statements :**
**''आम आदमी बीमा योजना'' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The member insured under the scheme must be the head of the family or an earning member of the family in a rural landless house-hold.
इस योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति भूमिहीन ग्रामीण कुटुम्ब के परिवार का मुखिया अथवा कमाऊ सदस्य होना चाहिए।
2. The member insured must be in the age group of 30 to 65 years.
बीमाकृत व्यक्ति 30 से 65 के आयु वर्ग में होना चाहिए।
3. There is a provision for free scholarship for up to two children of the insured who are studying between classes 9 and 12.
योजना में बीमाकृत व्यक्ति के कक्षा 9 से 12 के बीच पढ़ रहे दो बच्चों तक के लिए निःशुल्क छात्रवृत्ति का प्रावधान है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक नई आम आदमी बीमा योजना 2 अक्टूबर, 2007 से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण भूमिहीन परिवार का मुखिया या परिवार का रोजगार करने वाला एक सदस्य, जिसकी उम्र 18-59 वर्ष के मध्य हो। इस योजना के तहत बीमा पा सकता है। बीमा लाभार्थियों के 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले दो बच्चों को प्रति बच्चे 100 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दिया जाता है। अतः कथन 1 एवं 3 सही हैं।

**31. In the context of global oil prices, ''Brent crude oil'' is frequently referred to in the news. What does this term imply?**
**तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में ''ब्रेंट कच्चे तेल'' (Brent crude oil) का समाचारों में प्रायः उल्लेख आता है। इस पद का क्या अभिप्राय है?**

1. It is a major classification of crude oil.
   यह कच्चे तेल का एक प्रमुख वर्गीकरण है।
2. It is sourced from North Sea.
   यह उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है।
3. It does not contain sulphur.
   यह सल्फर-मुक्त होता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 2 only / केवल 2
(b) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में 'ब्रेंट कच्चे तेल' का समाचारों में प्रायः उल्लेख आता है। 'ब्रेंट कच्चा तेल' कच्चे तेल के प्रमुख वर्गीकरणों में सबसे बड़ा है। इसे उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है। इसके अंतर्गत ब्रेंट क्रूड, ब्रेट स्वीट, लाइट क्रूड, एकोफिस्क एवं ओसेबर्ग शामिल हैं। यह तेल विश्व के कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लगभग दो-तिहाई के मूल्य निर्धारण हेतु प्रयुक्त होता है।

**32. The function of heavy water in a nuclear reactor is to**
**एक नाभिकीय रिऐक्टर में भारी जल का क्या कार्य होता है?**

(a) Slow down the speed of neutrons
न्यूट्रॉन की गति को कम करना
(b) Increase the speed of neutrons
न्यूट्रॉन की गति को बढ़ाना
(c) Cool down the reactor
रिऐक्टर को ठंडा करना
(d) Stop the nuclear reaction.
नाभिकीय क्रिया को रोकना

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – एक नाभिकीय रिएक्टर में भारी जल ($D_2O$) का कार्य न्यूट्रॉन की गति को कम करना है। ड्यूटेरियम $H_2$ का आइसोटोप्स है। भारी जल हाइड्रोजन के गुरुत्तर समस्थानिक (ड्यूटोरियम) और ऑक्सीजन का यौगिक है। इसका सापेक्षिक घनत्व 1.1044 और हिमांक साधारण जल से थोड़ा अधिक होता है। नाभिकीय ऊर्जा के साथ-साथ अनुसंधान रिएक्टरों के लिए आवश्यक गुरुजल माँग की आपूर्ति के निमित्त उत्पादन के लिए गुरुजल बोर्ड, मुम्बई उत्तरदायी है।

**33.** In India, if a religious sect/ community is given the status of a national minority, what special advantages it is entitled to ?
**भारत में किसी धार्मिक संप्रदाय/ समुदाय को यदि राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक वर्ग का दर्जा दिया जाता है तो वह किस/ किन विशेष लाभ/लाभों का हकदार हो जाता है?**

1. It can establish and administer exclusive educational institutions
   यह संप्रदाय/समुदाय विशेष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन कर सकता है।
2. The President of India automatically nominates a representative of the community to Lok Sabha .
   भारत के राष्ट्रपति स्वयमेव इस संप्रदाय/ समुदाय के एक प्रतिनिधि को लोकसभा में मनोनीत कर देते हैं।
3. It can derive benefits from the Prime Minister's 15 Point Programme.
   यह संप्रदाय/समुदाय प्रधानमंत्री के 15-प्वाइंट कार्यक्रम का लाभ प्राप्त कर सकता है।

**Which of the statements given above is/ are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 के अंतर्गत शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार है। अनुच्छेद 30 (1) के अनुसार धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा। अनुच्छेद 30 (2) के अनुसार शिक्षा संस्थाओं की सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरुद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्गों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का 15 प्वाइंट कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

**34. India is home to lakhs of persons with disabilities. What are the benefits available to them under the law?**
**भारत में विकलांग व्यक्तियों (Persons with disabilities) की संख्या लाखों में है। वैधानिक स्तर पर उन्हें कौन-कौन से लाभ उपलब्ध हैं?**

1. Free schooling till the age of 18 years in government-run schools.
   सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में 18 वर्ष की आयु तक निःशुल्क शिक्षा।
2. Preferential allotment of land for setting up business.
   व्यवसाय स्थापित करने के लिए वरीयता से भूमि का आबंटन।
3. Ramps in public buildings.
   सार्वजनिक भवनों में ढाल की उपलब्धता होना।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या**– विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 नामक कानून फरवरी, 1996 में लागू किया गया। इस कानून के तहत केंद्र और राज्य स्तर पर विकलांगों के पुनर्वास को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों जैसे शिक्षा, रोजगार और व्यावसायिक प्रशिक्षण, अनुकूल परिवेश का निर्माण, विकलांगों के लिए पुनर्वास सेवाओं का प्रावधान, संस्थागत सेवाएँ और सहायक सामाजिक सुरक्षा उपाय जैसे केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर बेरोजगारी भत्ता तथा शिकायत निवारण तंत्र आदि बातों पर ध्यान

दिया गया है। इसी के अंतर्गत विकलांग बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है तथा व्यवसाय स्थापित करने के लिए वरीयता से भूमि का आवंटन तथा सार्वजनिक भवनों में ढाल की उपलब्धता का भी प्रावधान किया गया है।

**35. With what purpose is the Government of India promoting the concept of "Mega Food Parks"?**
**भारत सरकार ''मेगा फूड पार्क'' की अवधारणा को किन-किन उद्देश्यों से प्रोत्साहित कर रही है?**

1. To provide good infrastructure facilities for the food processing industry.
   खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्तम अवसंरचना सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु।
2. To increase the processing of perishable items and reduce wastage.
   खराब होने वाले पदार्थों का अधिक मात्रा में प्रसंस्करण करने और अपव्यय घटाने हेतु।
3. To provide emerging and eco-friendly food processing technologies to entrepreneurs.
   उद्यमियों के लिए उद्गामी और पारिस्थितिकी के अनुकूल आहार प्रसंस्करण प्रौद्योगिकीयां उपलब्ध कराने हेतु।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर**– **(b)**

**व्याख्या** – ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा 19 दिसंबर, 2007 को अनुमोदित की गई थी। इसी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा सितंबर, 2008 में ''मेगा फूड पार्क'' योजना शुरू की गई थी। इस योजना के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं – खराब होने वाली वस्तुओं के प्रसंस्करण को बढ़ाने एवं अपव्यय को कम करने हेतु। किसान की आय में वृद्धि कृषि उत्पादों के मूल्यवर्धन को अधिक करना। अतः कथन (1) और (2) सही है। (3) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हेतु उत्तम/पर्याप्त अवसंरचना सुविधाओं के साथ कार्य से बाजार तक मूल्यवर्द्धित आपूर्ति शृंखला उपलब्ध कराना।

**36. The authorization for the withdrawal of funds from the Consolidated Fund of India must come from**
**भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए निम्नलिखित में से किसका अनुमोदन अनिवार्य है?**

(a) The President of India / भारत के राष्ट्रपति
(b) The Parliament of India/ भारत की संसद
(c) The Prime Minister of India / भारत के प्रधानमंत्री
(d) The Union Finance Minister/ संघीय वित्त मंत्री

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए भारत की संसद का अनुमोदन अनिवार्य है। व्यय के विषय में संसदीय नियंत्रण की धुरी है भारत की संचित निधि। यह एक जलाशय है जिसमें भारत सरकार को प्राप्त सभी राजस्व और उसके द्वारा लिए गए सभी उधार संदत्त किए जाएंगे। अनुच्छेद 266 (3) के अनुसार भारत की संचित निधि में से धनराशियाँ विधि के अनुसार ही व्यय की जाएंगी।

**37. All revenues received by the Union Government by way of taxes and other receipts for the conduct of Government business are credited to the**
**करों और सरकारी कामकाज के निर्वाह में हुई अन्य प्राप्तियों से संघीय सरकार को प्राप्त हुआ समूचा राजस्व जमा होता है–**

(a) Contingency Fund of India
भारत की आकस्मिकता निधि में
(b) Public Account/लोक लेखे में
(c) Consolidated Fund of India
भारत की संचित निधि में
(d) Deposits and Advance Fund
निक्षेप तथा अग्रिम निधि में

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या**– करों और सरकारी कामकाज के निर्वाह में हुई अन्य प्राप्तियों से संघीय सरकार को प्राप्त हुआ समूचा राजस्व भारत की संचित निधि में जमा होता है। अनुच्छेद 266 (1) के अनुसार अनुच्छेद 267 के उपबंधों के तथा कुछ करों और शुल्कों के शुद्ध आगम पूर्णतः या भागतः राज्यों को सौंप दिए जाने के संबंध में इस अध्याय के उपबंधों के अधीन रहते हुए भारत सरकार को प्राप्त सभी राजस्व, उस सरकार द्वारा राज्य हुंडियाँ निर्गमित करके, उधार द्वारा या अर्थोपाय अग्रिमों द्वारा लिए गए सभी उधार और उधारों के प्रति संदाय में उस सरकार को प्राप्त सभी धनराशियों की एक संचित निधि बनेगी जो 'भारत की संचित निधि' के नाम से ज्ञात होगी।

**38. Microfinance is the provision of financial services to people of low-income groups. This includes both the consumers and the self-employed. The service/services rendered under microfinance is/are :**
**सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) निम्न आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए वित्तीय सेवाओं का प्रावधान कराता है। यह सेवाएँ उपभोक्ताओं और स्वरोजगार में जुटे व्यक्तियों दोनों को प्रदत्त की जाती हैं। सूक्ष्म-वित्त के अंतर्गत जो सेवा/सेवाएँ उपलब्ध की जाती है/हैं, वह है/वे हैंः**

1. Credit facilities/ऋण सुविधाएँ
2. Savings facilities/बचत सुविधाएँ
3. Insurance facilities/बीमा सुविधाएँ
4. Fund Transfer facilities/निधि अंतरण सुविधाएँ

**Select the correct answer using the codes given below the lists :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 4 only / केवल 1 और 4
(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3, and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – ग्रामीण निर्धनों, विशेष रूप से महिलाओं को बिना किसी समपार्श्विक गारण्टी के आय सृजनकारी गतिविधियों के संचालनार्थ साख सुविधा उपलब्ध कराना सूक्ष्म साख कहलाता है। सूक्ष्म वित्त के अंतर्गत जो सेवा/सेवाएँ उपलब्ध की जाती हैं वे ऋण

सुविधाएँ, बचत सुविधाएँ, बीमा सुविधाएँ तथा निधि अंतरण सुविधाएं हैं।

**39. Southeast Asia has captivated the attention of global community over space and time as a geostrategically significant region. Which among the following is the most convincing explanation for this global perspective ?**
**भू-युद्धनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के नाते दक्षिण पूर्वी एशिया लंबे अंतराल और समय से वैश्विक समुदाय का ध्यान आकर्षित करता आया है। इस वैश्विक संदर्भ की निम्नलिखित में से कौन-सी व्याख्या सबसे प्रत्ययकारी है?**

(a) It was the hot theatre during the Second World War
यह द्वितीय विश्व युद्ध का सक्रिय घटनास्थल था
(b) Its location between the Asian Powers of China and India./यह एशिया की दो शक्तियों चीन और भारत के बीच स्थित है
(c) It was the arena of superpower confrontation during the Cold War period/यह शीत युद्ध की अवधि में महाशक्तियों के बीच परस्पर मुकाबले की रणभूमि थी
(d) Its location between the Pacific and Indian oceans and its pre-eminent maritime character.
यह प्रशांत महासागर और हिंद महासागर के बीच स्थित है और उसका चरित्र उत्कृष्ट समुद्रवर्ती है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – भू-युद्धनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के नाते दक्षिण-पूर्वी एशिया लम्बे अंतराल और समय से वैश्विक समुदाय का ध्यान आकर्षित करता है, यह प्रशांत महासागर और हिन्द महासागर के बीच स्थित है और उसका चरित्र उत्कृष्ट समुद्रवर्ती है। इस क्षेत्र के महत्व को देखते हुए स्पाइकमैन द्वारा रिमलैण्ड का सिद्धान्त दिया गया था।

**40. A company marketing food products advertises that its items do not contain trans-fats. What does this campaign signify to the customers?**
**आहार-उत्पादों के विक्रय में जुटी एक कंपनी यह विज्ञापित करती है कि उसके उत्पादों में ट्रांस-वसा (ट्रांसफैट्स) नहीं होती। उसके इस अभियान का उपभोक्ताओं के लिए क्या अभिप्राय है?**

1. The food products are not made out of hydrogenated oils.
कंपनी के आहार उत्पाद हाइड्रोजनीकृत तेलों से नहीं निर्मित किए जाते।
2. The food products are not made out of animal facts/oils.
कंपनी के आहार उत्पाद पशु उत्पन्न वसा/ तेलों से नहीं निर्मित किए जाते।
3. The oils used are not likely to damage the cardiovascular health of the consumers.
कंपनी के द्वारा प्रयुक्त तेल संभवतया उपभोक्ताओं के हृद्वाहिका स्वास्थ्य को क्षति नहीं पहुँचाएगा।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – आहार उत्पादों के विक्रय में जुटी एक कम्पनी यह विज्ञप्ति करती है कि उसके उत्पादों में ट्रांस वसा (ट्रांसफैट्स) नहीं होती, तो वह कम्पनी उपभोक्ताओं को यह बताना चाहती है कि उसके आहार उत्पाद हाइड्रोजनीकृत तेलों से नहीं निर्मित किए जाते अर्थात् कंपनी के द्वारा प्रयुक्त तेल संभवतया उपभोक्ताओं के हृद्वाहिका स्वास्थ्य को क्षति नहीं पहुँचाएगा।

**41. Among the following who are eligible to benefit from the "Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act" ?**
**निम्नलिखित में से कौन ''महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम'' के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का पात्र है?**

(a) Adult members of only the scheduled caste and scheduled tribe households
केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों के वयस्क सदस्य
(b) Adult members of below poverty line (BPL) households
गरीबी रेखा से नीचे के (BPL) परिवारों के वयस्क सदस्य
(c) Adult members of households of all backward communities
सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य
(d) Adult members of any household
किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम' के तहत चयनित जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में **प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को** वर्ष में कम से कम 100 दिन अकुशल श्रम वाले रोजगार की गारण्टी दी गई है। इस योजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2 फरवरी, 2006 को आन्ध्र प्रदेश के अनन्तपुर जिले से किया। पहले चरण के कार्यान्वयन के लिए चयनित 200 जिलों में वह 150 जिले शामिल थे, जहाँ काम के बदले रोजगार कार्यक्रम पहले से चल रहा था, 'काम के बदले अनाज योजना' व 'सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना' का विलय अब इस नई योजना में कर दिया गया है। 1 अप्रैल, 2008 से इस योजना को सम्पूर्ण देश में लागू कर दिया गया है।

**42. With reference to "Look East Policy" of India, consider the following statements**
**भारत की ''पूर्व की ओर देखो'' नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. India wants to establish itself as an important regional player in the East Asian Affairs
भारत पूर्वी एशियाई मामलों में स्वयं को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय नायक के रूप में स्थापित करना चाहता है।
2. India wants to plug the vacuum created by the termination of Cold War./भारत शीत युद्ध समाप्त होने से उत्पन्न शून्य को भरना चाहता है।

3. India wants to restore the historical and cultural ties with its neighbours in Southeast and East Asia.
भारत अपने दक्षिणपूर्वी तथा पूर्वी एशियाई पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध पुनः स्थापित करना चाहता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–'पूर्व की तरफ देखो नीति' के अंतर्गत भारत ने पूर्वी एशिया के देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत बनाए हैं। वर्ष के दौरान इन देशों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता, विचार विनिमय आदि के माध्यम से संबंधों को सुदृढ़ बनाया गया। इस क्षेत्र के दो देशों के राष्ट्रपतियों की भारत यात्रा उल्लेखनीय है। मंगोलिया के राष्ट्रपति तथा कोरिया गणतंत्र के राष्ट्रपति ने क्रमशः सितम्बर, 2009 तथा जनवरी, 2010 में भारत की यात्रा की। भारत की पूर्व की ओर देखो नीति के अंतर्गत भारत पूर्वी एशियाई मामलों में स्वयं को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय नायक के रूप में स्थापित करना चाहता है। भारत अपने दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी एशियाई पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक संबंध पुनः स्थापित करना चाहता है।

**43. When the annual Union Budget is not passed by the Lok Sabha./यदि वार्षिक संघीय बजट लोकसभा द्वारा पारित नहीं होता, तो–**

(a) the Budget is modified and presented again
बजट में संशोधन कर यह दुबारा पेश किया जाता है
(b) the Budget is referred to the Rajya Sabha for suggestions
सुझाव हेतु बजट राज्यसभा को भेज दिया जाता है
(c) the Union Finance Minister is asked to resign
संघीय वित्त मंत्री से त्यागपत्र देने के लिए कहा जाता है
(d) the Prime Minister submits the resignation of Council of Ministers
प्रधानमंत्री अपनी मंत्री परिषद् का त्यागपत्र पेश कर देता है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – बजट सरकार की राजस्व नीति का एक व्यावहारिक रूप है। हमारे यहाँ बजट सामान्य तौर पर आगामी वित्तीय वर्ष हेतु माँगें पास कराकर आवश्यक सरकारी खर्चों हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाती है और पूर्ण वार्षिक बजट कुछ माह बाद उपयुक्त समय पर प्रस्तुत किया जाता है। यदि वार्षिक संघीय बजट लोकसभा द्वारा नहीं पारित होता है तो इसका तात्पर्य है कि सरकार अल्पमत में है तथा प्रधानमंत्री अपनी मंत्री परिषद् का त्यागपत्र प्रस्तुत कर देता है।

**44. Under the Constitution of India, which one of the following is not a fundamental duty ?**
**भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा मूल कर्तव्य नहीं है?**

(a) To vote in public elections
लोक चुनावों में मतदान करना
(b) To develop the scientific temper
वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करना
(c) To safeguard public property
सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना
(d) To abide by the Constitution and respect its ideals/संविधान के प्रति निष्ठावान रहना और उसके आदर्शों का सम्मान करना

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अंतर्गत लोक चुनावों में मतदान करना मूल कर्तव्य नहीं है। अनुच्छेद 51 (क) मूल कर्तव्य के तहत भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह –

- संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे,
- स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे,
- भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें,
- देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें,
- वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें,
- सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें।

**45. With reference to the Finance Commission of India, Which of the following statements is correct?**
**भारत के वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?**

(a) It encourages the inflow of foreign capital for infrastructure development
वह अवसंरचना विकास हेतु विदेशी पूंजी अंतर्प्रवाह प्रोत्साहित करता है
(b) It facilitates the proper distribution of finances among the Public Sector Undertakings
वह सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में समुचित वित्त वितरण को सुगम बनाता है
(c) It ensures transparency in financial administration
वह वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है
(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct in this context
इस संदर्भ में उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सहीं नहीं है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – केंद्र से राज्यों को वित्तीय हस्तांतरण हेतु दिशा-निर्देश सुझाने हेतु वित्त आयोग (Finance Commission) का गठन किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 280(1) में यह व्यवस्था है कि राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष के पश्चात् या आवश्यकता पड़ने पर उससे पूर्व एक वित्त आयोग का गठन किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त चार अन्य सदस्य होंगे। अनुच्छेद 280(3) के अनुसार आयोग का कर्तव्य होगा कि वह राष्ट्रपति को निम्नलिखित के संबंध में अपनी संस्तुतियाँ दें –

(i) केंद्र तथा राज्यों के बीच विभाजनीय करों से प्राप्त शुद्ध राजस्व का वितरण तथा इसमें विभिन्न राज्यों का हिस्सा।
(ii) भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धांतों के बारे में

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्द्धन के लिए आवश्यक अध्युपायो के बारे में

(iv) सुदृढ़ वित्त के हित में राष्ट्रपति द्वारा आयोग को निर्दिष्ट किया गया अन्य कोई मामला।

**46. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1. Right to education
   शिक्षा का अधिकार
2. Right to equal access to public service
   समानता के साथ सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार
3. Right to food
   भोजन का अधिकार

**Which of the above is/are Human Right/ Human Rights under ''Universal Declaration of Human Rights''?**
**''मानव अधिकारों की व्यापक उद्घोषणा'' के अंतर्गत उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से अधिकार मानव अधिकार/ अधिकारों में आता है/आते हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – ''मानव अधिकारों की व्यापक उद्घोषणा'' के अंतर्गत शिक्षा का अधिकार (अनु. 26), समानता के साथ सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार [अनु. 21 (2)] तथा भोजन का अधिकार [अनु. 25(1)] आते हैं।

**47. There is a concern over the increase in harmful algal blooms in the seawaters of India. What could be the causative factors for this phenomenon?**
**भारत के समुद्री जल में हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई है । इस संवृत्ति का/के क्या कारक तत्व हो सकता है/ सकते हैं?**

1. Discharge of nutrients from the estuaries.
   ज्वारनदमुख से पोषकों का प्रस्राव
2. Run-off from the land during the monsoon.
   मानसून में भूमि से जल-वाह
3. Upwelling in the seas./समुद्रों में उत्प्रवाह

**Select the correct answer from the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–भारत के समुद्री जल में हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई है। इसका प्रमुख कारण ज्वारनदमुख में पोषकों का प्रस्राव मानसून में भूमि से जल-वाह तथा समुद्रों में उत्प्रवाह इत्यादि।

**48. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

1. Photosynthesis/प्रकाशसंश्लेषण
2. Respiration /श्वसन
3. Decay of organic matter/जैव पदार्थों का अपक्षय
4. Volcanic action/ज्वालामुखी क्रियाएं

**Which of the above add carbon dioxide to the carbon cycle on Earth ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सी क्रियाएं पृथ्वी के कार्बन चक्र में कार्बन डाइऑक्साइड जोड़ती हैं?**

(a) 1and 4 only /केवल 1 और 4
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 2, 3 and 4 /केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3, और 4

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या**– कार्बन डाईऑक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन गैस है। वायुमण्डल में कार्बन डाईऑक्साइड आवश्यकतानुसार 0.03 प्रतिशत पायी जाती है। इसका जलीय विलयन अम्लीय होता है। वायुमण्डलीय दाब पर यह $-78.5^{o}C$ ताप पर ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाती है जिसे 'शुष्क बर्फ' कहते हैं। 'शुष्क बर्फ' का प्रयोग रेफ्रिजरेशन में किया जाता है। श्वसन, जैव पदार्थों का अपक्षय तथा ज्वालामुखी क्रियायें कार्बन चक्र में कार्बन डाईऑक्साइड जोड़ती है जबकि प्रकाशसंश्लेषण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कार्बन डाईऑक्साइड वायुमण्डल में कम हो जाती है।

**49. Recently, the USA decided to support India's membership in multi-lateral export control regimes called the ''Australia Group'' and the ''Wassenaar Arrangement'' What is the difference between them ?**
**हाल में संयुक्त राज्य अमेरिका ने ''ऑस्ट्रेलिया समूह'' तथा ''वैसेनार व्यवस्था'' के नाम से ज्ञात बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं में भारत के सदस्य बनाए जाने को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इन दोनों व्यवस्थाओं के बीच क्या अंतर है?**

1. The Australia Group is an informal arrangement which aims to allow exporting countries to minimize the risk of assisting chemical and biological weapons proliferation, whereas the Wassenaar Arrangement is a formal group under the OECD holding identical objectives
   ''आस्ट्रेलिया समूह'' एक अनौपचारिक व्यवस्था है जिसका लक्ष्य निर्यातक देशों द्वारा रासायनिक तथा जैविक हथियारों के प्रगुणन में सहायक होने के जोखिम को न्यूनीकृत करना है, जबकि ''वैसेनार व्यवस्था'' OECD के अंतर्गत गठित औपचारिक समूह है जिसके समान लक्ष्य हैं।
2. The Australia group comprises predominantly of Asian, African and North American countries, whereas the member countries of Wassenaar Arrangement are predominantly from the European Union and American continents
   ``ऑस्ट्रेलिया समूह'' के सहभागी मुख्यतः एशियाई, अफ्रीकी और उत्तरी अमेरिका के देश हैं, जबकि ''वैसेनार व्यवस्था'' के सहभागी मुख्यतः यूरोपीय संघ और अमेरिकी महाद्वीपों के देश हैं।

**Which of the statements given above is/ are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1

(b) 2 only /केवल 2

(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– ऑस्ट्रेलिया समूह 1985 में स्थापित अनौपचारिक समूह है, जिसमें 43 सदस्य हैं। इसमें यूरोपीय संघ के सभी 27 सदस्य शामिल हैं। इसका लक्ष्य निर्यातक देशों द्वारा रासायनिक तथा जैविक हथियारों के प्रगुणन में सहायक होने के जोखिम को न्यूनीकृत करना है। 'वैसेनार व्यवस्था' बहुस्तरीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्था है। इसके 42 सदस्य देश हैं जिसमें मुख्यतः यूरोपीय संघ और अमेरिकी महाद्वीपों के देश (एशिया से जापान और अफ्रीका से द. अफ्रीका) शामिल हैं।

**50. The surface of a lake is frozen in severe winter, but the water at its bottom is still liquid. What is the reason ?**
**कड़े जाड़े में झील की सतह हिमशीतित हो जाती है, किंतु उसके तल में जल द्रव अवस्था में बना रहता है। यह किस कारण से होता है?**

(a) Ice is a bad conductor of heat
बर्फ ऊष्मा की कुचालक है

(b) Since the surface of the lake is at the same temperature as the air, no heat is lost
झील की सतह और वायु का तापमान एक-सा होने के कारण ऊष्मा की कोई हानि नहीं होती

(c) The density of water is maximum at $4^oC$
जल की सघनता $4^oC$ पर अधिकतम होती है

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct
इस संदर्भ में उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – कड़े जाड़े में झील की सतह हिमशीतित हो जाती है, किंतु उसके तल में जल द्रव अवस्था में बना रहता है। क्योंकि जल की सघनता $4^oC$ पर अधिकतम होती है। सतह का जल $0^oC$ पर जम जाता है परन्तु सतह के नीचे विद्यमान जल का तापमान $4^oC$ होने के कारण झील की ऊपरी हिमशीतित सतह ऊष्मारोधी का कार्य करती है तथा जल में उपस्थित ऊष्मा को बाहर नहीं जाने देती है।

**51. A sandy and saline area is the natural habitat of an Indian animal species. The animal has no predators in that area but its existence is threatened due to the destruction of its habitat . Which one of the following could be that animal ?**
**बलुई और लवणीय क्षेत्र एक भारतीय पशु जाति का प्राकृतिक आवास है। उस क्षेत्र में उस पशु के कोई परभक्षी नहीं है किंतु आवास ध्वंस होने के कारण उसका अस्तित्व खतरे में है। यह पशु निम्नलिखित में कौन-सा हो सकता है?**

(a) Indian wild buffalo/भारतीय वन्य भैंस

(b) Indian wild ass/भारतीय वन्य गधा

(c) Indian wild boar/ भारतीय वन्य शूकर

(d) Indian gazelle/भारतीय गजेल (कुरंग)

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – बलुई और लवणीय क्षेत्र एक भारतीय पशु जाति का प्राकृतिक आवास है, ऐसा पशु भारतीय वन्य गधा है। कच्छ का रण इसका प्राकृतिक आवास है। इस क्षेत्र में उस पशु के कोई परभक्षी नहीं है किन्तु आवास ध्वंस होने के कारण उसका अस्तित्व खतरे में है।

**52. La Nina is suspected to have caused recent floods in Australia. How is La Nina different from El Nino?**
**यह संदेह है कि आस्ट्रेलिया में हाल में आयी बाढ़ ''ला-नीना'' के कारण आयी थी। ''ला-नीना'' ''एल-नीनो'' से कैसे भिन्न है?**

1. La Nina is characterized by unusually cold ocean temperature in equatorial Indian Ocean whereas El Nino is characterized by unusually warm ocean temperature in the equatorial Pacific Ocean.
ला-नीना विषुवतीय हिंद महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से ठंडे तापमान से चरित्रित होता है, जबकि एल-नीनो विषुवतीय प्रशांत महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से गर्म तापमान से चरित्रित होता है।
2. El Nino has adverse effect on south–west monsoon of India, but La Nina has no effect on monsoon climate .
एल-नीनो का भारत की दक्षिण-पश्चिमी मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, किंतु ला-नीना का मानसूनी जलवायु पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1

(b) 2 only / केवल 2

(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2 न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – ला-नीना का सम्बन्ध पश्चिमी प्रशान्त महासागर के ऊष्मन से है जबकि एल-नीनो का सम्बन्ध पूर्वी प्रशान्त महासागरीय जल के तापमान में वृद्धि से है। एल-नीनो का भारत के दक्षिण-पश्चिमी मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जबकि ला-नीना के कारण इण्डोनेशिया एवं ऑस्ट्रेलिया के समीपवर्ती भागों में सामान्य से अधिक वर्षा होती है और भारत में भी ग्रीष्मकालीन मानसून अधिक सक्रिय हो जाता है।

**53. The tendency for increased litigation was visible after the introduction of the land settlement system of Lord Cornwallis in 1793. The reason for this is normally traced to which of the following provisions ?**
**1793 में लार्ड कार्नवालिस की भू-व्यवस्था प्रणाली लागू होने के बाद कानूनी विवादों की प्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी देखी गई थी। निम्नलिखित प्रावधानों में से किस एक को सामान्यतया इसके कारक के रूप में जोड़ कर देखा जाता है?**

(a) Making Zamindar's position stronger vis-a-vis the ryot/रैयत की तुलना में जमींदार की स्थिति को अधिक सशक्त बनाना

(b) Making East India Company an overlord of Zamindars
ईस्ट इंडिया कंपनी को जमींदारों का अधिपति बनाना

(c) Making judicial system more efficient
न्यायिक पद्धति को अधिक कार्यकुशल बनाना

(d) None of the (a), (b) and (c) above
उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – कार्नवालिस की भू-व्यवस्था प्रणाली में जमींदारों को भूमि का स्वामी मान लिया गया तथा 1790 में उनसे 10 वर्ष की व्यवस्था कर दी गई। यही व्यवस्था 1793 में स्थायी कर दी गई जमींदारों तथा उसके उत्तराधिकारियों को शाश्वत रूप से दूसरी दर से भूमि कर देना होगा। भूमि के लगान का 8/9 भाग कम्पनी को देना था तथा 1/9 अपनी सेवाओं के लिए अपने पास रखना था। विकल्प में दिया गया कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**54. Which one of the following observations is not true about the Quit India Movement of 1942?**
**1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है?**

(a) It was a non–violent movement
यह आंदोलन अहिंसक था

(b) It was led by Mahatma Gandhi
उसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था

(c) It was a spontaneous movement
यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था

(d) It did not attract the labour class in general
इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – 9 अगस्त, 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन प्रारम्भ हुआ। प्रारंभिक चरण में यह आंदोलन अहिंसक था, किन्तु जैसे महात्मा गांधी और अन्य कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार किया गया तो यह आंदोलन स्वप्रेरित होकर चरम सीमा तक पहुँचते-पहुँचते हिंसक आंदोलन में परिवर्तित हो गया था। इससे स्पष्ट है कि यह आंदोलन नेतृत्वहीन हो गया, क्योंकि तत्कालीन सरकारी दस्तावेजों से ज्ञात होता है कि इस आंदोलन में सरकारी संपत्ति व कर्मचारियों को आंदोलनकारियों द्वारा भारी क्षति पहुँचाई गई थी।

**55. Which amongst the following provided a common factor for tribal insurrection in India in the 19th century?**
**भारत में 19वीं शताब्दी के जनजातीय विद्रोह के लिए निम्नलिखित में से कौन-से तत्व ने साझा कारण मुहैया किया?**

(a) Introduction of a new system of land revenue and taxation of tribal products
भू-राजस्व की नई प्रणाली का लागू होना और जनजातीय उत्पादों पर कर का लगाए जाना

(b) Influence of foreign religious missionaries in tribal areas
जनजातीय क्षेत्रों में विदेशी धर्म प्रचारकों का प्रभाव

(c) Rise of a large number of money lenders, traders and revenue farmers as middlemen in tribal areas
जनजातीय क्षेत्रों में बिचौलियों के रूप में बड़ी संख्या में महाजनों, व्यापारियों और लगान के ठेकेदारों का बढ़ना

(d) The complete disruption of the old agrarian order of the tribal communities.
जनजातीय समुदायों की प्राचीन भूमि संबंधी व्यवस्था का संपूर्ण विदारण

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – भारत में 19वीं शताब्दी में हुए जनजातीय आंदोलन के प्रमुख कारण इस प्रकार थे – (i) सरकार ने आदिवासियों के सरदारों को जमींदार का दर्जा प्रदान कर एवं लगान की नई पद्धति को लागू कर उनकी परम्पराओं को कमजोर किया। (ii) आदिवासी क्षेत्रों में सरकार द्वारा ईसाई मिशनरियों की घुसपैठ कराना। (iii) आदिवासियों के बीच महाजनों, व्यापारियों और लगान वसूल करने वाले ऐसे समूह को लादा गया, जो बिचौलिए की भूमिका में थे। (iv) वन क्षेत्रों में सरकारी नियंत्रण कठोर करने, ईंधन और पशुचारे के रूप में वन के उपयोग पर प्रतिबंध तथा झूम और पड़ खेती पर रोक।

**56. India maintained its early cultural contacts and trade links with Southeast Asia across the Bay of Bengal. For this pre-eminence of early maritime history of Bay of Bengal, which of the following could be the most convincing explanation /explanations?**
**भारत ने दक्षिणपूर्वी एशिया के साथ अपने आरंभिक सांस्कृतिक संपर्क तथा व्यापारिक संबंध बंगाल की खाड़ी के पार बना रखे थे। निम्नलिखित में से कौन-सी बंगाल की खाड़ी के इस उत्कृष्ट आरंभिक समुद्री इतिहास की सबसे विश्वसनीय व्याख्या/व्याख्याएं हो सकती है/हैं?**

(a) As compared to other countries, India had a better ship-building technology in ancient and medieval times
प्राचीन काल तथा मध्य काल में भारत के पास दूसरों की तुलना में अति उत्तम पोत-निर्माण तकनीकी उपलब्ध थी

(b) The rulers of southern India always patronized traders, brahmin priests and buddhist monks in this context.
इस उद्देश्य के लिए दक्षिण भारतीय शासकों ने व्यापारियों, ब्राह्मण पुजारियों और बौद्ध भिक्षुओं को सदा संरक्षण दिया।

(c) Monsoon winds across the Bay of Bengal facilitated sea voyages
बंगाल की खाड़ी में चलनेवाली मानसूनी हवाओं ने समुद्री यात्राओं को सुगम बना दिया था

(d) Both (a) and (b) are convincing explanations in this context
इस संबंध में (a) तथा (b) दोनों विश्वसनीय व्याख्याएं हैं

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारत ने दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ अपने आरम्भिक सांस्कृतिक सम्पर्क तथा व्यापारिक संबंध बंगाल की खाड़ी के पार तक बना रखे थे। इसका प्रमुख कारण बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं के द्वारा समुद्री यात्राओं की सुगमता थी।

**57. What is the difference between Bluetooth and Wi-Fi Devices?**
**ब्लूटूथ (Bluetooth) तथा वाई-फाई (Wi-Fi) के बीच क्या अंतर है?**

(a) Bluetooth uses 2.4 GHz radio frequency band, whereas Wi-Fi can use 2.4 GHz or 5 GHz frequency band

ब्लूटूथ 2.4 GHz रेडियो-आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है जबकि वाई-फाई 2.4 GHz अथवा 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है

(b) Bluetooth is used for Wireless Local Area Networks (WLAN) only, whereas Wi-Fi is used for Wireless Wide Area Networks (WWAN) only.
ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई केवल बेतार विस्तृत क्षेत्रीय जाल (WWAN) प्रयुक्त करता है

(c) When information is transmitted between two devices using Bluetooth technology, the devices have to be in the line of sight of each other, but when Wi-Fi technology is used the devices need not be in the line of sight of each other
जब ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी प्रयोग कर रहे दो उपकरणों के बीच सूचना प्रेषित की जाती है, तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक है, किंतु जब वाई-फाई प्रौद्योगिकी प्रयोग में लाई जाती है तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक नहीं है।

(d) The statements (a) and (b) given above are correct in this context
इस संदर्भ में (a) तथा (b) दोनों कथन सही हैं

**उत्तर**– (a)

**व्याख्या**– ब्लूटूथ 2.402 GHz से 2.480 GHz की रेंज में रेडियो फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम का प्रयोग करता है जबकि वाई-फाई IEEE 802.11 स्टैण्डर्ड दर आधारित प्रौद्योगिकी है, जिसमें 2.4 GHz, 35 GHz तथा 5 GHz फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम का प्रयोग किया जाता है।

**58. With reference to micro-irrigation , which of the following statements is/are correct ?**
**सूक्ष्म-सिंचाई की पद्धति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

1. Fertilizer/nutrient loss can be reduced
मृदा से उर्वरक/पोषक हानि कम की जा सकती है।
2. It is the only means of irrigation in dry land farming
यह वर्षाधीन खेती की सिंचाई का एकमात्र साधन है।
3. In some areas of farming, receding of ground water table can be checked
इससे कुछ कृषि क्षेत्रों में भौम जलस्तर को कम होने से रोका जा सकता है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – सूक्ष्म सिंचाई पद्धति सिंचाई की आधुनिक उत्कृष्ट तकनीकी में से एक है। इसके द्वारा मृदा से उर्वरक/पोषक हानि कम की जा सकती है तथा इससे कुछ कृषि क्षेत्रों में भौम जलस्तर को कम होने से रोका जा सकता है।

**59. With reference to the period of colonial rule in India, "Home Charges" formed an important part of drain of wealth from India. Which of the following funds constituted "Home Charges"?**
**भारत में उपनिवेशी शासन काल में ''होम चार्जेज'' भारत से संपत्ति दोहन का महत्वपूर्ण अंग थे। निम्नलिखित में से कौन-सी निधि/निधियां ''होम-चार्जेज'' की संघटक थी/थीं?**

1. Funds used to support the India Office in London
लंदन में इंडिया आफिस के भरण-पोषण के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।
2. Funds used to pay salaries and pensions of British personnel engaged in India
भारत में कार्यरत अंग्रेज कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन देने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।
3. Funds used for waging wars outside India by the British
भारत के बाहर हुए युद्धों को लड़ने में अंग्रेजों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – भारत में उपनिवेशी शासनकाल में ''होम चार्जेज'' भारत में सम्पत्ति दोहन का महत्वपूर्ण अंग था। औपनिवेशिक भारत में होम चार्जेज (गृह शुल्कों) से तात्पर्य इंग्लैण्ड स्थित राज्य सचिव द्वारा भारत की ओर से किया जाने वाला व्यय था। इसमें लंदन में इंडिया ऑफिस के भरण-पोषण के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली निधि, भारत में कार्यरत अंग्रेजी कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन देने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली निधि इत्यादि सम्मिलित थे।

**60. What was the reason for Mahatma Gandhi to organize a satyagraha on behalf of the peasants of Kheda ?**
**खेड़ा के किसानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटित करने का क्या कारण था?**

1. The Administration did not suspend the land revenue collection in spite of a drought .
अकाल पड़ने के बावजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगित नहीं की थी।
2. The Administration proposed to introduce Permanent Settlement in Gujarat.
प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थाई बंदोबस्त लागू कर दिया जाए।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या**– वर्ष 1918 में खेड़ा (गुजरात) में किसानों की फसल नष्ट हो जाने के बाद भी ब्रिटिश सरकार ने लगान में छूट नहीं दी तथा भू-राजस्व की उगाह जारी रखी। अकाल पड़ने के बावजूद प्रशासन ने भू राजस्व की उगाही स्थगित नहीं की। इसी पर महात्मा गांधी ने खेड़ा के किसानों के साथ सत्याग्रह की शुरुआत की। अतः कथन (1) सत्य है तथा कथन (2) असत्य है।

**61. Biodiversity forms the basis for human existence in the following ways :**
**जीव-विविधता निम्नलिखित माध्यम/माध्यमों द्वारा मानव अस्तित्व का आधार बनी हुई है :**

1. Soil formation/मृदा निर्माण
2. Prevention of soil erosion/मृदा अपरदन की रोकथाम
3. Recycling of waste/अपशिष्ट का पुनः चक्रण
4. Pollination of crops/सस्य परागण

**Select the correct answer using the code given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2 and 3 only / केवल 1, 2 और 3
(b) 2, 3 and 4 only / केवल 2, 3 और 4
(c) 1 and 4 only / केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – जैव-विविधता मृदा निर्माण, मृदा अपरदन की रोकथाम, सस्य परागण तथा अपशिष्ट के पुनः चक्रण द्वारा मानव अस्तित्व का आधार बनी हुई है।

**62. Aspartame is an artificial sweetener sold in the market. It consists of amino acids and provides calories like other amino acids. Yet it is used as a low-scalorie sweetening agent in food items. What is the basis of this use ?**
**बाजार में बिकने वाला ऐस्परटेम कृत्रिम मधुरक है। यह एमीनो अम्लों से बना होता है और अन्य ऐमीनो अम्लों के समान ही कैलोरी प्रदान करता है। फिर भी यह भोज्य पदार्थों में कम कैलोरी मधुरक के रूप में इस्तेमाल होता है। उसके इस इस्तेमाल का क्या आधार है?**

(a) Aspartame is as sweet as table sugar, but unlike table sugar, it is not readily oxidized in human body due to lack of requisite enzymes.
ऐस्परटेम सामान्य चीनी जितना ही मीठा होता है, किंतु चीनी के विपरीत यह मानव शरीर में आवश्यक एन्जाइमों के अभाव के कारण शीघ्र ऑक्सीकृत नहीं हो पाता

(b) When aspartame is used in food processing , the sweet taste remains, but it becomes resistant to oxidation.
जब ऐस्परटेम आहार प्रसंस्करण में प्रयुक्त होता है, तब उसका मीठा स्वाद तो बना रहता है किंतु यह ऑक्सीकरण-प्रतिरोधी हो जाता है

(c) Aspartame is as sweet as sugar, but after ingestion into the body, it is converted into metabolites that yield no calories
ऐस्परटेम चीनी जितना ही मीठा होता है, किंतु शरीर में अंतर्ग्रहण होने के बाद यह कुछ ऐसे उपचयजों (मेटाबोलाइट्स) में परिवर्तित हो जाता है जो कोई कैलोरी नहीं देते

(d) Aspartame is several times sweeter than table sugar, hence food items made with small quantities of aspartame yield fewer calories on oxidation.
ऐस्परटेम सामान्य चीनी से कई गुना अधिक मीठा होता है, अतः थोड़े से ऐस्परटेम में बने भोज्य पदार्थ ऑक्सीकृत होने पर कम कैलोरी प्रदान करते हैं।

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – ऐस्परटेम बाजार में बिकने वाला कृत्रिम मधुरक है। यह सामान्य चीनी या सुक्रोज की तुलना में कई गुना अधिक मीठा होता है। अतः ऐस्परटेम की बहुत कम मात्रा ही मीठा स्वाद उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त है। इसलिए उसका कैलोरी अंश नगण्य है।

**63. What was the purpose with which Sir William Wedderburn and W.S. Caine had set up the Indian Parliamentary Committee in 1893 ?**
**सन् 1893 में सर विलियम वेडरबर्न तथा डब्लू.एस. कैन ने किस उद्देश्य से इंडियन पार्लियामेंटरी कमेटी की स्थापना की थी?**

(a) To agitate for Indian political reforms in the House of Commons
भारत में राजनैतिक सुधारों हेतु हाउस ऑफ कॉमन्स में आंदोलन करने के लिए

(b) To campaign for the entry of Indians into the imperial Judiciary
भारतीयों के साम्राज्यिक न्यायपालिका में प्रवेश हेतु अभियान करने के लिए

(c) To facilitate a discussion on India's Independence in the British Parliament
भारतीय स्वतंत्रता पर ब्रिटिश संसद में चर्चा सुगम करने के लिए

(d) To agitate for the entry of eminent Indians into the British Parliament .
ब्रिटिश संसद में विख्यात भारतीयों के प्रवेश हेतु आंदोलन करने के लिए

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – सन् 1893 में सर विलियम वेडरबर्न तथा डब्ल्यू. एस. कैन ने इंडियन पार्लियामेंट्री कमेटी की स्थापना भारत में राजनैतिक सुधारों हेतु हाउस ऑफ कॉमन्स में आंदोलन करने के लिए की थी।

**64. What is the difference between a CFL and an LED lamp?/सीएफएल (CFL) तथा एलईडी (LED) लैंप में क्या अंतर है?**

1. To produce light, a CFL uses mercury vapour and phosphor while an LED lamp uses semi-conductor material.
प्रकाश उत्पन्न करने के लिए सीएफएल पारा-वाष्प और संदीपक का प्रयोग करता है, जबकि एलईडी लैंप अर्द्धचालक पदार्थों का प्रयोग करता है।
2. The average life span of a CFL is much longer than that of an LED lamps
सीएफएल की औसत जीवन-अवधि एलईडी लैंप से बहुत अधिक होती है।
3. A CFL is less energy-efficient as compared to an LED lamp.
एलईडी लैंप की तुलना में सीएफएल कम ऊर्जा-सक्षम है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सीएफएल (कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लाइट) में पारा वाष्प से विद्युत गुजारकर पराबैगनी प्रकाश उत्पन्न किया जाता है जिसे लैम्प के अंदर फॉस्फर कोटिंग से अवशोषित कराकर रोशनी उत्पन्न की जाती है। एलईडी (लाइट एमिटिंग डायोड) लैम्पों में पारम्परिक अर्द्धचालक प्रकाश उत्सर्जक डायोडों, आर्गेनिक एलईडी या पालीमर एलईडी तकनीक का प्रयोग होता है। सीएफएल का औसत कार्यकाल 6000 से 15000 घण्टे तक का होता है जबकि एलईडी लैम्प सामान्यतः 25-30 साल तक चल सकता है।

**65. Recently,''oilzapper'' was in the news. What is it?**
**हाल में ''आयलजैपर'' समाचारों में था। यह क्या है?**

(a) It is an eco-friendly technology for the remediation of oily sludge and oil spills
यह तेलीय पंक तथा बिखरे हुए तेल के उपचार हेतु पारिस्थितिकी के अनुकूल विकसित प्रौद्योगिकी है।
(b) It is the latest technology developed for under sea oil exploration
यह समुद्र के भीतर तेल अन्वेषण हेतु विकसित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है
(c) It is a genetically engineered high biofuel yielding maize variety
यह आनुवंशिक इंजीनियरी से निर्मित उच्च मात्रा में जैव-ईंधन प्रदान करने वाली मक्का की किस्म है
(d) It is the latest technology to control the accidentally caused flames oil wells.
यह तेल के कुओं में आकस्मिक उपजी लपटों को नियंत्रित करने वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – हाल में 'आयलजैपर' समाचारों में था। यह तैलीय पंक तथा बिखरे हुए तेल के उपचार हेतु पारिस्थितिकी के अनुसार विकसित प्रौद्योगिकी है। इसका विकास 'द एनर्जी एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट' (TERI) द्वारा किया गया है।

**66. A married couple adopted a male child. A few years later, twin boys were born to them. The blood group of the couple is AB positive and O negative. The blood group of the three sons is A positive, B positive and O positive. The blood group of the adopted son is**
**एक विवाहित दंपति ने एक बालक को गोद लिया। इसके कुछ वर्ष उपरांत उन्हें जुड़वा पुत्र हुए। दंपति में एक का रक्त वर्ग AB पॉजीटिव है और दूसरे का O नेगीटिव है। तीनों पुत्रों में से एक का रक्त वर्ग A पॉजीटिव, दूसरे का B पॉजीटिव, और तीसरे का O पॉजीटिव है। गोद लिए गए पुत्र का रक्त वर्ग कौन-सा है?**

(a) O positive / O पॉजीटिव
(b) A positive / A पॉजीटिव
(c) B positive / B पॉजीटिव
(d) Cannot be determined on the basis of the given data.
उपलब्ध जानकारी के आधार पर कहा नहीं जा सकता।

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सर्वप्रथम कार्ल लैण्ड स्टाइनर ने सन् 1931 में मनुष्य के रक्त को तीन वर्गों में बाँटा था। इसके बाद डी-कैस्टीलों तथा स्टूलरी ने मनुष्य के रक्त में चौथे वर्ग का भी पता लगाया। अब मनुष्य के रक्त को चार वर्गों में बाँटा गया है। ये हैं - रुधिर वर्ग A, रुधिर वर्ग B, रुधिर वर्ग AB तथा रुधिर वर्ग O। तीसरे (गोद लिए हुए) पुत्र का रक्त वर्ग O पॉजिटिव है क्योंकि दोनों दम्पत्तियों में एक का रक्त वर्ग AB पॉजिटिव एवं दूसरे का O निगेटिव होने पर उनके जुड़वा पुत्रों के रक्त वर्ग A पॉजिटिव, B निगेटिव या AB पॉजिटिव होंगे।

**67. Mahatma Gandhi said that some of his deepest convictions were reflected in a book titled, ''Unto this Last'' and the book transformed his life. What was the message from the book that transformed Mahatma Gandhi?**
**महात्मा गांधी ने कहा था कि उनकी कुछ सबसे गहन धारणाएं ''ऑनटू दिस लास्ट'' नामक पुस्तक में प्रतिबिंबित होती हैं और इस पुस्तक ने उनके जीवन को बदल डाला। इस पुस्तक का वह संदेश क्या था जिसने महात्मा गांधी को बदल डाला?**

(a) Uplifting the oppressed and poor is the moral responsibility of an educated man
सुशिक्षित व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह शोषित तथा निर्धनों का उत्थान करे
(b) The good of individual is contained in the good of all
व्यक्ति का कल्याण सब के कल्याण में निहित है
(c) The life of celibacy and spiritual pursuit are essential for a noble life
उच्च जीवन के लिए ब्रह्मचर्य तथा आध्यात्मिक चिंतन अनिवार्य है
(d) All the statements (a), (b) and (c) are correct in this context
इस संदर्भ में सभी उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथन सही हैं

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–महात्मा गाँधी ने जॉन रस्किन की पुस्तक 'अनटू दिस लास्ट' अफ्रीका प्रवास के समय पढ़ी थी। इस पुस्तक ने गाँधीजी के जीवन को बदल दिया। इस पुस्तक का वह संदेश जिसने महात्मा गाँधी के जीवन को बदला वह था - व्यक्ति का कल्याण सबके कल्याण में निहित है।

**68. With reference to Indian freedom struggle, Usha Mehta is well-known for**
**भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में ऊषा मेहता की ख्याति**

(a) Running the secret Congress Radio in the wake of Quit India Movement
भारत छोड़ो आंदोलन की बेला में गुप्त कांग्रेस रेडियो चलाने हेतु है

(b) Participating in the Second Round Table Conference
द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता हेतु है
(c) Leading a contingent of Indian National Army
आजाद हिंद फौज की एक टुकड़ी का नेतृत्व करने हेतु है
(d) Assisting in the formation of Interim Government under Pandit Jawaharlal Nehru
पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार के गठन में सहायक भूमिका निभाने हेतु है

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – भारत छोड़ो आन्दोलन 9 अगस्त, 1942 को प्रारम्भ हुआ। इस आन्दोलन के दौरान कांग्रेस द्वारा मुम्बई के कई भागों में गुप्त रेडियो प्रसारित किया जाता था। इस रेडियो पर डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रसारण करते थे जबकि ऊषा मेहता भूमिगत रेडियो का संचालन करने वाले छोटे से दल की सदस्या थीं।

**69. A new optical disc format known as the Blu-ray Disc (BD) is becoming popular. In what way is it different from the traditional DVD ?**
**ऑप्टिकल डिस्क का नया फॉर्मेट, जो ब्लू-रे डिस्क (BD बीडी ) के नाम से जाना जाता है, लोकप्रिय हो रहा है। यह परंपरागत डीवीडी (DVD) से किस प्रकार भिन्न है?**

1. DVD supports Standard Definition video while BD supports High Definition video.
डीवीडी मानक परिभाषा विडियो (स्टैंडर्ड डेफिनेशन विडियो) को समर्थित करता है, जबकि बीडी उच्च परिभाषा विडियो (हाई डेफिनेशन विडियो) को समर्थित करता है।
2. Comapred to a DVD, the BD format has several times more storage capacity.
डीवीडी की तुलना में बीडी फार्मेट की भंडारण क्षमता कई गुना अधिक है।
3. Thickness of BD is 2.4mm while that of DVD is 1.2 mm./बीडी की मोटाई 2.4 mm है, जबकि डीवीडी की मोटाई 1.2 mm है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर**– **(b)**

**व्याख्या** – ब्लू-रे डिस्क अगली पीढ़ी का ऑप्टिकल डिस्क है जो हाई डेफिनेशन वीडियो को समर्थित करती है। डीवीडी डिस्क अधिकतम 4.7 GB(एकल पटल) या 8.5 GB(दोहरी पटल) डाटा का संग्रहण कर सकती है तथा एकल पात वाली ब्लू-रे डिस्क 25 GB जबकि दोहरी पटल वाली 50 GB डाटा एकत्रित कर सकती है।

**70. With referece to the period of Indian freedom struggle, which of the following was/were recommended by the Nehru report ?**
**भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के काल के संदर्भ में नेहरू रिपोर्ट में निम्नलिखित में से किस की/किस-किस की अनुशंसा की गई थी?**

1. Complete Independence for India
भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता
2. Joint electorates for reservation of seats for minorities.
अल्पसंख्यकों हेतु आरक्षित स्थानों के लिए संयुक्त निर्वाचन-क्षेत्र
3. Provision of fundamental rights for the people of Indian in the Constitution
संविधान में भारतीयों के लिए मौलिक अधिकारों का प्रावधान

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – 11 मई, 1928 को मुम्बई में दूसरे सर्वदलीय सम्मेलन में पं. मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक नौ सदस्यीय समिति की स्थापना की गई जिसे भारत के संविधान के सिद्धान्तों का निर्धारण करना था। रिपोर्ट में की गई सिफारिशें इस प्रकार थीं –
(i) भारत को डोमिनियन स्टेट (अधिराज्य) का दर्जा।
(ii) भारत एक संघ होगा जिसके नियंत्रण में केंद्र में द्विसदनीय विधानमण्डल होगा, मंत्रिमण्डल सदन के प्रति उत्तरदायी होगा।
(iii) गवर्नर जनरल की स्थिति संवैधानिक मुखिया की होगी।
(iv) साम्प्रदायिक आधार पर पृथक् निर्वाचक मण्डल की माँग अस्वीकार कर दी गई।
(v) नागरिकता को परिभाषित करते हुए मूल अधिकारों का प्रतिपादन किया गया।

**71. Among the following State, which one has the most suitable climatic conditions for the cultivation of a large variety of orchids with minimum cost of production, and can develop and export oriented industry in this field ?**
**निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में ऐसी सर्वोपयुक्त जलवायु-विषयक स्थितियाँ उपलब्ध हैं जिसमें न्यूनतम लागत से आर्किड की विविध किस्मों की खेती हो सकती है, और वह इस क्षेत्र में निर्यात-उन्मुख उद्योग विकसित कर सकता है?**

(a) Andhra Pradesh / आंध्र प्रदेश
(b) Arunachal Pradesh/ अरुणाचल प्रदेश
(c) Madhya Pradesh/ मध्य प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/ उत्तर प्रदेश

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – अरुणाचल प्रदेश राज्य में सर्वोत्तम जलवायु-विषयक स्थितियाँ उपलब्ध हैं जिससे यहाँ पर आर्किड की विविध किस्मों की खेती हो सकती है तथा यहाँ पर निर्यातोन्मुखी उद्योग विकसित किया जा सकता है। उत्तर-पूर्वी भारत में अरुणाचल प्रदेश प्रमुख पर्यटक क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इसे प्रकृति का खजाना और आर्किड की विविध किस्मों का घर माना जाता है।

**72. Which one of the following is not a site for in-situ method of conservation of flora ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थान (in-situ) पद्धति नहीं है?**

(a) Biosphere Reserve
जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्व)
(b) Botanical Garden /वानस्पतिक उद्यान
(c) National Park/राष्ट्रीय पार्क
(d) Wild life Sanctuary/वन्यप्राणी अभ्यारण्य

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – वनस्पति संरक्षण हेतु वानस्पतिक उद्यान स्वस्थान पद्धति के अंतर्गत नहीं आता है जबकि जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय पार्क, वन्य प्राणी अभ्यारण्य इसमें सम्मिलित हैं।

**73. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**In India, a Metropolitan Planning Committee**
**भारत में महानगर योजना समिति**

1. is constituted under the provisions of the Constitution of India.
भारतीय संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत गठित होती है।
2. prepares the draft development plans for metropolitan area./उस महानगरीय क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार करती है।
3. has the sole responsibility for implementing Government sponsored schemes in the metropolitan area.
उस महानगरीय क्षेत्र में सरकार की प्रयोजित योजनाओं को लागू करने का पूर्ण दायित्व पूरा करती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2
(b) 2 only/ केवल 2
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**–भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (Z E) में महानगर योजना के लिए समिति के गठन का प्रावधान है। इसके अनुसार प्रत्येक महानगर क्षेत्र में, सम्पूर्ण महानगर क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार करने के लिए एक महानगर योजना समिति का गठन किया जायेगा।

**74. What is the difference between ''vote–on-account'' and ''interim budget'' ?**
**लेखानुमोदन और अंतरिम बजट के बीच क्या अंतर है?**

1. The provision of a ''vote-on-account'' is used by a regular Government, while an ''interim budget'' is a provision used by a caretaker Government.
स्थाई सरकार लेखानुमोदन के प्रावधान का प्रयोग करती है, जबकि कार्यवाहक सरकार अंतरिम बजट के प्रावधान का प्रयोग करती है।
2. A ''vote-on-account'' only deals with the expenditure in Governmenrt's budget while an "interim budget" includes both expenditure sand receipts.
लेखानुमोदन सरकार के बजट के व्यय पक्ष मात्र से संबद्ध होता है, जबकि अंतरिम बजट में व्यय तथा आवती दोनों सम्मिलित होते हैं।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1 and 2/ 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 and nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–अनुच्छेद 116 (क) के अंतर्गत लोकसभा लेखा अनुदान पारित कर सरकार के लिए एक अग्रिम राशि मंजूर कर सकती है, जिसके बारे में बजट निवारण देना सरकार के लिए सम्भव नहीं है। यह सरकार के बजट के व्यय पक्ष से सम्बद्ध होता है। अंतरिम बजट में व्यय तथा आवती दोनों सम्मिलित होते हैं तथा यह चुनाव से पूर्व कार्यवाहक सरकार द्वारा तथा चुनाव के बाद नियमित सरकार अर्थात दोनों सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

**75. Regarding the International Monetary Fund, which one of the following statements is correct?**
**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) It can grant loans to any country
यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है
(b) It can grant loans to only developed countries
यह केवल विकसित देशों को ऋण प्रदान कर सकता है
(c) It grants loans to only member countries
यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है
(d) It can grant loans to the central bank of a country
यह किसी देश के केंद्रीय बैंक को ऋण प्रदान कर सकता है

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**– अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) एक अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक संगठन है। ब्रेटनवुड्स सम्मेलन के निर्णयानुसार इसकी स्थापना जुलाई, 1944 को वाशिंगटन (अमेरिका) में हुई थी। यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है, जिससे उनका प्रतिकूल भुगतान संतुलन ठीक हो सके।

**76. The 2004 Tsunami made people realize that mangroves can serve as a reliable safety hedge against coastal calamities. How do mangroves function as a safety hedge ?**
**2004 की सुनामी ने लोगों को यह महसूस करा दिया कि गरान (मैंग्रोव) तटीय आपदाओं के विरुद्ध विश्वसनीय सुरक्षा बाड़े का कार्य कर सकते हैं। गरान सुरक्षा बाड़े के रूप में किस प्रकार कार्य करते हैं?**

(a) The mangrove swamps separate the human settlements from the sea by a wide zone in which people neither live nor venture out .
गरान अनूप होने से समुद्र और मानव बस्तियों के बीच एक ऐसा बड़ा क्षेत्र खड़ा हो जाता है जहां लोग न तो रहते हैं न जाते हैं
(b) The mangroves provide both food and medicines which people are in need of after any natural disaster.
गरान भोजन और औषधि दोनों प्रदान करते हैं जिनकी प्राकृतिक आपदा के बाद लोगों को जरूरत पड़ती है

(c) The mangrove trees are tall with dense canopies and serve as an excellent shelter during a cyclone or tsunami
गरान के वृक्ष घने वितान के लंबे वृक्ष होते हैं जो चक्रवात और सुनामी के समय उत्तम सुरक्षा प्रदान करते हैं

(d) The mangrove trees do not get uprooted by storms and tides because of their extensive roots
गरान के वृक्ष अपनी सघन जड़ों के कारण तूफान और ज्वार भाटे से नहीं उखड़ते

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मैंग्रोव वन सुनामी और चक्रवात जैसी तटीय आपदाओं के विरुद्ध विश्वसनीय सुरक्षा बाड़े का कार्य करते हैं क्योंकि ये वृक्ष अपनी सघन जड़ों के कारण तूफान और ज्वार भाटे से नहीं उखड़ते हैं। जिससे इसका प्रभाव स्थल तक नहीं पहुँच पाता है, जो स्थल के लिये सुरक्षा कवच का कार्य करते हैं।

**77. The Jain philosophy holds that the world is created and maintained by**
**जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण**

(a) Universal law /सार्वभौमिक विधान से हुआ है
(b) Universal Truth/सार्वभौमिक सत्य से हुआ है
(c) Universal Faith/सार्वभौमिक आस्था से हुआ है
(d) Universal Soul/सार्वभौमिक आत्मा से हुआ है

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – जैन दर्शन मानता है कि समस्त विश्व जीव तथा अजीव नामक दो नित्य एवं स्वतंत्र तत्वों से मिलकर बने हैं। जीव चेतन है जबकि अजीव जड़ है। यहाँ जीव का अर्थ सार्वभौमिक आत्मा न होकर व्यक्तिगत आत्मा से है। जैन मतानुसार आत्माएं अनेक होती हैं तथा सृष्टि के कण-कण में जीवों का वास है। इसलिए जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण सार्वभौमिक विधान से हुआ है।

**78. Salinization occurs when the irrigation water accumulated in the soil evaporates, leaving behind salts and minerals. What are the effects of salinization on the irrigated land ?**
**मृदा का लवणीभवन मृदा में एकत्रित सिंचित जल के वाष्पीकृत होने से पीछे छूटे नमक और खनिजों से उत्पन्न होता है। सिंचित भूमि पर लवणीभवन का क्या प्रभाव पड़ता है?**

(a) It greatly increases the crop production
यह फसलों के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि लाता है
(b) It makes some soils impermeable
यह कुछ मृदाओं को अपारगम्य बना देता है
(c) It raises the water table
यह भौम जलस्तर को ऊपर ले आता है
(d) It fills the air spaces in the soil with water
यह मृदा के वायु अवकाशों को जल से भर देता है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– मृदा का लवणीभवन मृदा में एकत्रित सिंचित जल के वाष्पीकृत होने से पीछे छूटे नमक और खनिजों से उत्पन्न होता है। सिंचित भूमि पर लवणीभवन होने के कारण मृदा अपारगम्य बन जाती है।

**79. The ''Red Data Books'' published by the International Union for Conservation of Nature and Natural Resources (IUCN) contain lists of**
**प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा प्रकाशित ''रेड डाटा बुक्स'' में निम्नलिखित सूची/सूचियां सम्मिलित की जाती है/हैं :**

1. Endemic plant and animal species present in the biodiversity hotspots
जीवविविधता के प्रखर स्थलों (हॉट-स्पाट्स) में विद्यमान स्थानिक पौधों और पशु जातियों की सूची
2. Threatened plant and animal species.
संकटग्रस्त पौधों और पशु जातियों की सूची
3. Protected sites for conservation of nature and natural resources in various contries.
विभिन्न देशों में प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण हेतु संरक्षित स्थलों की सूची

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 3 / 1 और 3 (b) 2 only / केवल 2
(c) 2 and 3 / 2 और 3 (d) 3 only केवल 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा प्रकाशित ''रेड डाटा बुक्स'' में संकटग्रस्त पौधों और पशु जातियों की सूचियाँ सम्मिलित की जाती हैं। IUCN की स्थापना 1948 में प्रकृति के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

**80. Why is the offering of ''teaser loans'' by commercial banks a cause of economic concern?**
**वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए जाने वाले लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) क्यों कर आर्थिक चिंता का विषय हैं?**

1. The teaser loans are considered to be an aspect of sub-prime lending and banks may be exposed to the risk of defaulters in future.
लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) अधोमुख्य ऋणों (सब-प्राइम लेंडिंग) का ही एक रूप समझे जाते हैं तथा बैंकों को यह जोखिम रहता है कि भविष्य में उनके ऋण चुकता न हो।
2. In India, the teaser loans are mostly given to inexperienced entrepreneurs to set up manufacturing or export units
देश में लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) मुख्यतः अनुभवहीन उद्यमियों को उत्पादन संबंधी अथवा निर्यात इकाइयां स्थापित करने के लिए दिए जाते हैं।

**Which of the statements given above is /are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither1 nor 2/ न तो 1 और न ही 2

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या**– वाणिज्यिक बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऐसे लोक लुभावन ऋण (Teaser Loan) हैं जो ऋण लेने वाले व्यक्ति को ऋण के चुनाव की क्षमता तथा अन्य मानकों को बिना ध्यान रखे हुए प्रदान किए जाते हैं। ऐसे ऋणों पर प्रारम्भिक वर्षों में ब्याज की दर आकर्षक रूप से कम रहती है तथा बाद के वर्षों में बढ़ जाती है।

**81. An artificial satellite orbiting around the Earth does not fall down. This is so because the attraction of Earth.**
**पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिए पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण**

(a) does not exist at such distance
उतनी दूरी पर अस्तित्वहीन होता है

(b) is neutralized by the attraction of the moon
चंद्रमा के आकर्षण से निष्क्रिय हो जाता है

(c) provides the necessary speed for its steady motion
उसकी नियमित चाल के लिए आवश्यक गति प्रदान करता है

(d) provides the necessary acceleration for its motion.
उसकी गति के लिए आवश्यक त्वरण प्रदान करता है

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिए पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण उसकी गति के लिए आवश्यक त्वरण प्रदान करता है। पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करते हुए कृत्रिम उपग्रह पर दो प्रकार के बल कार्य करते हैं – एक है केंद्रीय बल और दूसरा प्रक्षोभ बल। गोलाकार पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल केंद्रीय बल होता है जिसके कारण उपग्रह अपनी गति के लिए आवश्यक अपकेंद्री त्वरण प्राप्त कर पृथ्वी की वृत्तीय अथवा दीर्घवृत्तीय कक्षा में परिक्रमा करता है और पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता है।

**82. In the context of Indian economy, consider the following statements:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The growth rate of GDP has steadily increased in the last five years.
विगत पांच वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सतत रूप से बढ़ी है
2. The growth rate in per capita income has steadily increased in the last five years.
विगत पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर सतत रूप से बढ़ी है।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1

(b) 2 only /केवल 2

(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों

(d) Neither1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – आधार मूल्य 2004-05 पर प्रति व्यक्ति आय तथा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर इस प्रकार रही है –

| **वर्ष** | **06-07** | **07-08** | **08-09** | **09-10** | **10-11** |
|---|---|---|---|---|---|
| **PCI प्रतिव्यक्ति आय** | 7.8 | 8.1 | 4.9 | 6.1 | 6.6 |
| **GDP सकल घरेलू उत्पाद** | 9.6 | 9.2 | 6.9 | 8.0 | 8.6 |

उपर्युक्त तालिका देखने से स्पष्ट हो जाता है कि न तो प्रति व्यक्ति आय और न ही सकल घरेलू उत्पाद विगत पाँच वर्षों में लगातार बढ़ा है।
**नोट**-वर्तमान में आधार मूल्य 2011-12 है।

**83. In India, which of the following have the highest share in the disbursement of credit to agriculture and allied activites ?**
**भारत में निम्नलिखित में से किस की कृषि तथा सहबद्ध गतिविधियों में ऋण के वितरण में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?**

(a) Commercial Banks/वाणिज्यिक बैंकों की

(b) Cooperative Banks/सहकारी बैंकों की

(c) Regional Rural Banks/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की

(d) Microfinance Institutions.
सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) संस्थाओं की

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – कृषि तथा सहबद्ध क्षेत्रों में व्यय के रूप में सबसे अधिक हिस्सेदारी वाणिज्यिक बैंकों की है। वाणिज्य बैंकों ने 2006-07 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ कृषि क्षेत्र को 140380 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष ऋण उपलब्ध कराया जबकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने लगभग 20,440 करोड़ रुपए का वार्षिक ऋण उपलब्ध कराया है।

**84. Which of the following can aid the furthering the Government's objective of inclusive growth ?**
**सरकार के समावेशित वृद्धि लक्ष्य को आगे ले जाने में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कार्य सहायक साबित हो सकते हैं :**

1. Promoting Self-Help Groups
स्व-सहायता समूहों (सेल्फ-हैल्प ग्रुप्स) को प्रोत्साहन देना
2. Promoting Micro, Small and Medium Enterprises
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना
3. Implementing the Right to Education Act
शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करना

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/केवल 1

(b) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2

(c) 2 and 3 only / केवल 2 और 3

(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – समावेशित विकास ऐसा विकास कहलाता है जिसमें आर्थिक विकास की उच्च दर से जनित राष्ट्रीय आय के वितरण में समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों को उचित हिस्सा मिले अर्थात् राष्ट्रीय आय का रिसाव नीचे की ओर अधिक हो। सरकार के समावेशित वृद्धि लक्ष्य को आगे ले जाने के लिए स्वयं-सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) को प्रोत्साहित करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करना ये सभी कार्य सहायक साबित हो सकते हैं।

**85. Why is the Government of India disinvesting its equity in the Central Public Sector Enterprises (CPSEs)?**
**भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी इक्विटी का विनिवेश क्यों कर रही है?**

1. The Government intends to use the revenue earned from the disinvestment mainly to pay back the external debt.
   सरकार अपनी इक्विटी के विनिवेश से मिले राजस्व का उपयोग मुख्यतः अपने बाह्य ऋण को लौटाने में करना चाहती है।
2. The Government no longer intends to retain the management control of the CPSEs.
   सरकार अब CPSEs के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथों में नहीं रखना चाहती।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर– (d)**

**व्याख्या** – भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी इक्विटी का विनिवेश कर रही है। उसने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश से प्राप्त राशि 2005 में गठित 'राष्ट्रीय निवेश निधि' में जाती है जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक क्षेत्र की परियोजनाओं में निवेश करना है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नागरिकों की हिस्सेदारी, बेहतर कार्पोरेट गवर्नेन्स तथा प्रबन्धन पर नियंत्रण इत्यादि सरकारी विनिवेश के प्रमुख बिन्दु हैं।

**86. What is the difference between Asteroids and comets ?**
**क्षुद्रग्रहों तथा धूमकेतु के बीच क्या अंतर होता है?**

1. Asteroids are small rocky planetoids, while comets are formed of frozen gases held together by rocky and metallic material.
   क्षुद्रग्रह लघु चट्टानी ग्राहिकाएं (प्लेनेटॉयड) हैं, जबकि धूमकेतु हिमशीतित गैसों से निर्मित होते हैं जिन्हें चट्टानी और धातु पदार्थ आपस में बांधे रखते हैं।
2. Asteroids are found mostly between the orbits of Jupiter and Mars, while comets are found mostly between Venus and Mercury.
   क्षुद्रग्रह अधिकांशतः बृहस्पति और मंगल के परिक्रमापथों के बीच पाए जाते हैं, जबकि धूमकेतु अधिकांशतः शुक्र और बुध के बीच पाए जाते हैं।
3. Comets show a perceptible glowing tail, while asteroids do not.
   धूमकेतु गोचर दीप्तिमान पुच्छ दर्शाते हैं, जबकि क्षुद्रग्रह यह नहीं दर्शाते।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(c) 3 only / केवल 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – मंगल एवं बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच कुछ छोटे-छोटे आकाशीय पिण्ड हैं जो सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, उसे क्षुद्र ग्रह कहते हैं। खगोलशास्त्रियों के अनुसार ग्रहों के विस्फोट के फलस्वरूप टूटे टुकड़ों से क्षुद्र ग्रह का निर्माण हुआ है। सौरमण्डल के छोर पर बहुत ही छोटे-छोटे अरबों पिण्ड विद्यमान हैं जो धूमकेतु या पुच्छल तारे कहलाते हैं। यह गैस एवं धूल का संग्रह है, जो आकाश में लम्बी चमकदार पूँछ सहित प्रकाश के चमकीले गोले के रूप में दिखाई देते हैं।

**87. Economic growth is usually coupled with**
**आर्थिक विकास सामान्यतया युग्मित होता है**

(a) Deflation / अवस्फीति के साथ
(b) Inflation / स्फीति के साथ
(c) Stagflation / स्टैगफ्लेशन के साथ
(d) Hyperinflation/अतिस्फीति के साथ

**उत्तर– (b)**

**व्याख्या** – मुद्रा स्फीति या मुद्रा प्रसार वह अवस्था है जिसमें मुद्रा का मूल्य गिर जाता है और कीमतें बढ़ जाती हैं। आर्थिक दृष्टिकोण सीमित एवं नियंत्रित मुद्रा स्फीति अल्पविकसित अर्थव्यवस्था हेतु लाभदायक होती है क्योंकि इससे उत्पादन में वृद्धि होती है।

**88. The lowering of Bank Rate by the Reserve Bank of India leads to**
**भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक दर कम करने के फलस्वरूप**

(a) More liquidity in the market
    बाजार की तरलता बढ़ जाती है
(b) Less liquidity in the market
    बाजार की तरलता घट जाती है
(c) No change in the liquidity in the market
    बाजार की तरलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(d) Mobilization of more deposits by commercial bank
    वाणिज्यिक बैंक अधिक जमापूंजी संगृहीत कर लेते हैं

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या** – भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक दर कम कर देने के फलस्वरूप बाजार की तरलता बढ़ जाती है। बैंक दर में कटौती का उद्देश्य अन्य ब्याज दरों को कम करने में सहायता प्रदान करना होता है जिसे बैंकों से उधार को प्रोत्साहन प्राप्त होता है।

**89. Westerlies in southern hemisphere are stronger and persistent than in northern hnemisphere. Why?**
**उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में पश्चिमी पवन अधिक सशक्त तथा स्थाई होती है। क्यों?**

1. Southern hemisphere has less landmass as compared to northern hemisphere.
   उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में भू-खंड कम है।
2. Coriolis force is higher in southern hemisphere as compared to northern hemisphere.
   उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में कोरिऑलिस बल अधिक होता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only / केवल 2

(c) Both 1and 2 / 1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्द्ध में पश्चिमी पवन अधिक सशक्त तथा स्थायी होती है क्योंकि दक्षिणी गोलार्द्ध में जल भाग अधिक होने के कारण $40^o$-$60^o$ अक्षांशों में पवनें बिना किसी रुकावट के प्रचण्ड वेग से चलती हैं जबकि उत्तरी गोलार्द्ध में स्थल भाग की अधिकता होने के कारण ये पवनें अनियमित रूप से चलती हैं। कोरियॉलिस बल का प्रभाव उत्तरी व दक्षिणी गोलार्द्ध में समान रूप से होता है।

**90. Between India and East Asia, the navigation-time and distance can be greatly reduced by which of the following?**
**निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौसंचालन समय (नेविगेशन टाइम) और दूरी अत्यधिक कम किए जा सकते हैं?**

1. Deeping the Malacca straits between Malaysia and Indonesia.
   मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच मलक्का जलडमरूमध्य को अधिक गहरा बना कर।
2. Opening a new canal across the Kra isthmus between the Gulf of Siam and Andaman Sea.
   सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच क्रा भूसंधि जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोल कर।

**Which of the statements given above is /are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1

(b) 2 only / केवल 2

(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच क्रा भू-संधि या जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोलकर भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौसंचालन समय और दूरी को अत्यधिक कम किया जा सकता है।

**91. Regular intake of fresh fruits and vegetables is recommended in the diet since they are a good source of antioxidations. How do antioxidants help a person maintain health and promote longevity ?**
**आहार में नियमित रूप से ताजे फल और सब्जियां ग्रहण करना वांछनीय है क्योंकि ये ऑक्सीकरण रोधी (antioxidants) तत्वों के अच्छे स्रोत होते हैं। ऑक्सीकरण-रोधी तत्व व्यक्ति के स्वस्थ बने रहने और दीर्घायु होने में किस प्रकार सहायक सिद्ध होते हैं?**

(a) They activate the enzymes necessary for vitamin synthesis in the body and help prevent vitamin deficiency
ये शरीर में उन एन्जाइमों को सक्रिय कर देते हैं जो विटामिनों के संश्लेषण के लिए आवश्यक होते हैं और विटामिन-हीनता नहीं होने देने में मदद करते हैं

(b) They prevent excessive oxidation of carbohydrates, fats and proteins in the body and help avoid unnecessary wastage of energy
ये शरीर में कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा प्रोटीन के अतिरिक्त ऑक्सीकरण को रोकते हैं और ऊर्जा को अनावश्यक नष्ट होने से बचाने में मदद करते हैं

(c) They neutralize the free radicals produced in the body during metabolism
ये शरीर में चयापचय के उपोत्पाद के रूप में उत्पन्न मुक्त मूलकों को निष्क्रिय बनाते हैं।

(d) They activate certain genes in the cells of the body and help delay the ageing process.
ये शरीर की कोशिकाओं में कुछ जीन को सक्रिय करते हैं और वृद्धत्व की क्रिया को विलंबित करने में मदद करते हैं

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – आहार में नियमित रूप से ताजे फल और सब्जियाँ ग्रहण करना वांछनीय है क्योंकि ये ऑक्सीकरण रोधी तत्वों के अच्छे स्रोत होते हैं। ऑक्सीकरण-रोधी तत्व व्यक्ति के स्वस्थ बने रहने और दीर्घायु होने में सहायक सिद्ध होते हैं क्योंकि ये शरीर में चयापचय के उपोत्पाद के रूप में उत्पन्न मुक्त मूलकों को निष्क्रिय बनाते हैं। ऑक्सीकरण एक रासायनिक अभिक्रिया है जिसमें इलेक्ट्रॉनों का स्थानान्तरण किसी पदार्थ से ऑक्सीकारक एजेंट में होता है। ऑक्सीकरण अभिक्रिया के परिणामस्वरूप मुक्त मूलक उत्पन्न हो सकते हैं जिनके द्वारा कोशिकाओं को क्षति पहुँचाने वाली शृंखला अभिक्रिया आरम्भ हो सकती है।

**92. Regarding the Indus Valley Civilization, consider the following statements:**
**सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. It was predominantly a secular civilization and the religious element, though present, did not dominate the scene.
   यह प्रमुखतः लौकिक सभ्यता थी तथा उसमें धार्मिक तत्व, यद्यपि उपस्थित था, वर्चस्वशाली नहीं था।
2. During this period, cotton was used for manufacturing textiles in India.
   उस काल में भारत में कपास से वस्त्र बनाए जाते थे।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1

(b) 2 only /केवल 2

(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – सैंधव सभ्यता का धार्मिक दृष्टिकोण प्रमुखतः लौकिक तथा व्यावहारिक था। इस सभ्यता में मातृदेवी, पुरुष देवता (पशुपति) की उपासना के साथ-साथ अनेक पशु-पक्षियों, वनस्पतियों, वृक्षों आदि के पूजा के साक्ष्य मिलते हैं। सबसे पहले कपास उपजाने की विधि का ज्ञान सिन्धु निवासियों को ही था चूँकि यह सबसे पहले सिन्धु क्षेत्र में हुआ था, इस कारण यूनानियों ने इसे 'सिन्डन' नाम दिया।

93. **The lower Gangetic plain is characterised by humid climate with high temperature throughout the year. Which one among the following pairs of crops is most suitable for this region ?**
**गंगा के निचले मैदानों की यह विशेषता है कि यहां वर्ष भर जलवायु उच्च तापमान के साथ आर्द्र बनी रहती है। इस क्षेत्र के लिए निम्नलिखित फसलों के युग्मों में से कौन-सा युग्म सबसे उपयुक्त है?**

(a) Paddy and cotton /धान और कपास
(b) Wheat and Jute /गेहूं और जूट
(c) Paddy and Jute/धान और जूट
(d) Wheat and cotton/गेहूं और कपास

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – गंगा के निचले मैदानों की सर्वप्रमुख विशेषता यह है कि यहाँ पर वर्ष भर जलवायु उच्च तापमान के साथ आर्द्र बनी रहती है जिससे यह क्षेत्र धान और जूट फसलों के लिए सबसे उपयुक्त है।

94. **What could be the main reason/resons for the formation of African and Eurasian desert belt ?**
**अफ्रीकी और यूरेशियाई मरूस्थली क्षेत्र के निर्माण का/के मुख्य कारण क्या/क्या-क्या हो सकता है/सकते हैं?**

1. It is located in the sub-tropical high pressure cells.
यह उपोष्ण उच्च दाब कोशिकाओं (हाई प्रेशर सेल) में अवस्थित है।
2. It is under the influence of warm ocean currents .
यह उष्ण महासागर धाराओं के प्रभाव क्षेत्र में पड़ता है।

**Which of the statements given above is/are correct in this context ?/इस संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/ न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – व्यापारिक पवनों की आर्द्रता की पहुँच से दूरी, महाद्वीप अथवा बड़े स्थल के पश्चिमी किनारे पर अवस्थिति तथा ठंडी धाराओं का प्रभाव अफ्रीका और यूरेशियाई मरुस्थली क्षेत्र के निर्माण का प्रमुख कारण है। इसके अतिरिक्त उपोष्ण उच्च दाब कोशिकाओं (हाई प्रेशर सेल) में अवस्थिति भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण है। यह ठंडी धाराओं के प्रभाव में है जो उच्च शुष्कता की ओर ले जाती है।

95. **The jet aircrafts fly very easily and smoothly in the lower stratosphere.What could be the appropriate explanation?**
**समतापमंडल के निचले भाग में जेट विमान बहुत आसानी और निर्विघ्नता के साथ उड़ सकते हैं। इसका उपयुक्त स्पष्टीकरण क्या है?**

1. There are no clouds or water vapour in the lower stratosphere./समतापमंडल के निचले भाग में बादल या जल-वाष्प नहीं होते।
2. There are no vertical winds in the lower stratosphere
समतापमंडल के निचले भाग में ऊर्ध्वाधर पवन नहीं होतीं।

**Which of the statements given above is/are correct in this context?**
**इस संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन इस का/के उपयुक्त स्पष्टीकरण है/हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – समताप मंडल के निचले भाग में जेट विमान बहुत आसानी और निर्विघ्नता के साथ उड़ सकते हैं क्योंकि इसमें मौसमी घटनाएं जैसे - आंधी, बादलों की गरज, बिजली की कड़क, जलवाष्प एवं धूल आदि कुछ नहीं होता है। समतापमण्डल 18 से 32 किमी. की ऊँचाई तक है। इस मंडल में वायुयान व जेट विमान उड़ाने की आदर्श दशा पाई जाती है।

96. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. Biodiversity is normally greater in the lower latitudes as compared to the higher
उच्चतर अक्षांशों की तुलना में निम्नतर अक्षांशों में जीवविविधता सामान्यतः अधिक होती है।
2. Along the mountain gradients, biodiversity is normally greater in lower altitudes as compared to the higher altitudes.
पर्वतीय प्रवणताओं (ग्रेडिएन्ट्स) में, उच्चतर उन्नतांशों की तुलना में निम्नत्तर उन्नतांशों में जीवविविधता सामान्यतः अधिक होती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर**– **(c)**

**व्याख्या**– पर्वतीय क्षेत्रों में उच्चतर उन्नतांशों की अपेक्षा निम्नतर उन्नतांशों में जैव विविधता साधारणतया अधिक होती है तथा उच्चतर अक्षांशों की अपेक्षा निम्नतर अक्षांशों में जीव विविधता सामान्यतः अधिक होती है।

97. **The Brahmaputra, Irrawady and Mekong rivers originate in Tibet and flow through narrow and parallel mountain ranges in their upper reaches. Of these rivers. Brahmaputra makes a ''U'' turn in its course to flow into India .This ''U''turn is due to :**
**तिब्बत में उत्पत्ति पाने वाली ब्रह्मपुत्र, ईरावदी और मैकांग नदियां अपने ऊपरी पाटों में संकीर्ण और समांतर पर्वत श्रेणियों से होकर प्रवाहित होती हैं। इन नदियों में ब्रह्मपुत्र भारत में प्रविष्ट होने से ठीक पहले अपने प्रवाह में एक यू-टर्न (U-turn) लेती है। यह यू-टर्न क्यों बनता है?**

(a) Uplift of folded Himalayan series
वलित हिमालय श्रेणियों के उत्थान के कारण

(b) Syntaxial bending of geologically young Himalayas
भूवैज्ञानिकीय तरुण हिमालय के अक्षसंघीय नमन के कारण

(c) Geo-tectonic disturbance in the tertiary folded mountain chains
तृतीय कल्पीय वलित पर्वत-मालाओं में भूविवर्तनीक विक्षोभ के कारण

(d) Both (a) and (b) above
इस संदर्भ में उपर्युक्त (a) और (b) दोनों कारण तर्कसंगत हैं

**उत्तर– (b)**

**व्याख्या**– ब्रह्मपुत्र, ईरावदी और मैकांग नदियों की उत्पत्ति तिब्बत में होती है। ये संकीर्ण और समानान्तर पर्वत श्रेणियों से होकर प्रवाहित होती हैं। ब्रह्मपुत्र नदी भारत में प्रवेश से पूर्व एक यू टर्न लेती है, यह यू टर्न भू-वैज्ञानिकीय तरुण हिमालय के अक्ष संघीय नमन के कारण हैं।

**98. A state in India has the following characteristics :**
**निम्नलिखित विशेषताएँ भारत के एक राज्य की विशिष्टताएं हैं :**

1. Its northern part is arid and semiarid.
उसका उत्तरी भाग शुष्क एवं अर्धशुष्क है।
2. Its central part produces cotton
उसके मध्य भाग में कपास का उत्पादन होता है।
3. Cultivation of cash crops is predominant over food crops.
उस राज्य में खाद्य फसलों की तुलना में नकदी फसलों की खेती अधिक होती है।

**Which one of the following states has all of the above charactersistics ?**
**उपर्युक्त सभी विशिष्टताएँ निम्नलिखित में से किस एक राज्य में पाई जाती हैं?**

(a) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Karnataka /कर्नाटक
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडू

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – गुजरात राज्य का उत्तरी भाग शुष्क एवं अर्द्धशुष्क है। इसके मध्य भाग में कपास का उत्पादन होता है तथा यहाँ पर खाद्य फसलों की तुलना में नकदी या व्यापारिक फसलों की अधिक खेती की जाती है। इसका (गुजरात) वर्तमान अस्तित्व 1 मई, 1960 को आया। यह भारत के पश्चिमी तट पर स्थित है। यहाँ की मुख्य फसल, तम्बाकू, कपास एवं मूंगफली है।

**99. What is ''Virtual Private Network''?**
**आभासी निजी परिपथ (Virtual Private Network) क्या है?**

(a) It is a private computer network of an organization where the remote users can transmit encrypted information through the server of the organization .
यह किसी संस्था का निजी कंप्यूटर परिपथ है, जिसमें सुदूर बैठे प्रयोक्ता संस्था के परिवेषक (सर्वर) के माध्यम से सूचना प्रेषित कर सकते हैं

(b) It is a computer network across a public internet that provides users access to their organization's network while maintaining the security of the information transmitted.
यह निजी इंटरनेट पर बना कंप्यूटर परिपथ है, जो प्रयोक्ताओं को अपनी संस्था के परिपथ में प्रवेश करने की सुविधा देता है और प्रेषित की जा रही सूचना को सुरक्षित रखता है

(c) It is a computer network in which users can access a shared pool of computing resources through a service provider.
यह एक ऐसा कंप्यूटर परिपथ है, जिसके द्वारा प्रयोक्ता सेवा प्रबंधक (सर्विस प्रोवाइडर) के माध्यम से कंप्यूटिंग संसाधनों के साझे भंडार में प्रवेश पा सकते हैं,

(d) None of the statements (a), (b), and (c) given above is correct description of Virtual Private Network
उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी आभासी निजी परिपथ का सही वर्णन नहीं है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – आभासी निजी परिपथ (VPN) किसी संगठन या कंपनी को इंटरनेट जैसी सार्वजनिक नेटवर्क में मौजूदा ढांचे पर अपने निजी इंटरनेट को सुरक्षित रूप से विस्तारित करने की अनुमति प्रदान करता है।

**100. The ''dharma'' and ''rita'' depict a central idea of ancient Vedic civilization of India. In this context, consider the following statements :**
**''धर्म'' तथा ''ऋत'' भारत की प्राचीन वैदिक सभ्यता के एक केंद्रीय विचार को चित्रित करते हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. Dharma was a conception of obligations and of the discharge of one's duties to oneself and to others.
धर्म व्यक्ति के दायित्वों एवं स्वयं तथा दूसरों के प्रति व्यक्तिगत कर्तव्यों की संकल्पना था।
2. Rita was the fundamental moral law governing the functioning of the universe and all it contained.
ऋत मूलभूत नैतिक विधान था जो सृष्टि और उसमें अंतर्निहित सारे तत्वों के क्रियाकलापों को संचालित करता था।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – ऋग्वेद जिसका समय 1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. माना जाता है, धर्म शब्द विधि के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इसका सम्बन्ध नैतिकता से है। 'ऋत' का अर्थ विश्व की नैतिक एवं भौतिक व्यवस्था से माना गया है। ऋत से तात्पर्य सत्य तथा अविनाशी सत्ता से है।

# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2012

# सामान्य अध्ययन

## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. In the areas covered under the Panchayat (Extension to the Scheduled Areas) Act, 1996, what is the role/power of Gram Sabha ?**
**पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत समाविष्ट क्षेत्रों में ग्राम सभा की क्या भूमिका/ शक्ति है?**

1. Gram Sabha has the power to prevent alienation of land in the Scheduled Areas.
ग्राम सभा के पास अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि का हस्तांतरण रोकने की शक्ति होती है।
2. Gram Sabha has the ownership of minor forest produce.
ग्राम सभा के पास लघु वनोपज का स्वामित्व होता है।
3. Recommendation of Gram Sabha is required for granting prospecting licence or mining lease for any mineral in the Scheduled Areas.
अनुसूचित क्षेत्रों में किसी भी खनिज के लिए खनन का पट्टा अथवा पूर्वेक्षण लाइसेंस प्रदान करने हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा आवश्यक है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अनुसार ग्राम सभा के पास लघु वनोपज का स्वामित्व होने के साथ-साथ अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि का हस्तांतरण रोकने का स्वामित्व भी प्राप्त है और किसी अनुसूचित क्षेत्र में कुछ खनिज के लिए खनन पट्टा एवं पूर्वेक्षण लाइसेंस प्रदान करने हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा आवश्यक नहीं होती है।

**2. In the parliament of India, the purpose of an adjournment motion is?**
**भारतीय संसद में स्थगन प्रस्ताव लाने का क्या उद्देश्य है?**

(a) to allow a discussion on a definite matter of urgent public importance
सार्वजनिक महत्त्व के निश्चित अत्यावश्यक मुद्दे पर बहस करने हेतु
(b) to let opposition members collect information from the ministers
विपक्षी सदस्यों के मंत्रियों से सूचना प्राप्त करने हेतु
(c) to allow a reduction of specific amount in demand for grant
किसी अनुदान की माँग में एक निश्चित मात्रा में कटौती करने हेतु
(d) to postpone the proceedings to check the inappropriate or violent behaviour on the part of some members/कुछ सदस्यों के हिंसक अथवा अनुचित व्यवहार पर रोक लगाने के लिए कार्यवाही स्थगित करने हेतु

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारतीय संसद में स्थगन प्रस्ताव लाने का उद्देश्य सार्वजनिक महत्व के निश्चित अत्यावश्यक मुद्दे पर बहस करना है। किसी सत्र में प्रतिदिन बहुत सी बैठकें होती हैं जिन्हें स्थगन द्वारा अलग किया जाता है। स्थगन के द्वारा सदन के कामकाज पर विचार को विनिर्दिष्ट समय के लिए टाला जाता है। यह कुछ घंटे, दिन या सप्ताह की अवधि का भी हो सकता है।

**3. How does National Biodiversity Authority (NBA) help in protecting the Indian agriculture ?**
**राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA) भारत में कृषि संरक्षण में किस प्रकार सहायक है?**

1. NBA checks the biopiracy and protects the indigenous and traditional genetic resources.
NBA जैव चोरी को रोकता है तथा देशी और परम्परागत आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण करता है।
2. NBA directly monitors and supervises the scientific research on genetic modification of crop plants.
NBA कृषि पादपों के आनुवंशिक संशोधन पर चल रहे वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रत्यक्षतः मॉनीटर करता है और इसका निरीक्षण करता है।
3. Application for Intellectual Property Rights related to genetic/biological resources cannot be made without the approval of NBA .
NBA की अनुशंसा के बिना आनुवंशिक/जैविक संसाधनों से सम्बन्धित बौद्धिक सम्पदा अधिकार हेतु आवेदन नहीं किया जा सकता है।

**Which of the statements given above is /are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1,2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**–राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की अनुशंसा के बिना आनुवंशिक/जैविक संसाधनों से संबंधित बौद्धिक सम्पदा अधिकार हेतु आवेदन नहीं किया जा सकता है। यह प्राधिकरण जैव चोरी को रोकता है तथा देशी और परम्परागत आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण करता है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA) की स्थापना वर्ष 2003 में जैव विविधता अधिनियम 2002 के अन्तर्गत की गई। इसका मुख्यालय चेन्नई में है।

**4. The National Green Tribunal Act, 2010 was enacted in consonance with which of the following provisions of the Constitution of India ?**
**राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रावधान के आनुरूप्य अधिनियमित हुआ था/हुए थे?**

1. Right to healthy environment, construed as a part of Right to life under Article 21
   स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के आनुरूप्य, जो अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जीवन के अधिकार का अंग माना जाता है।
2. Provision of grants for raising the level of administration in the Scheduled Areas for the welfare of Scheduled Tribes under Article 275 (1)
   अनुच्छेद 275 (1) के अन्तर्गत अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन का स्तर बढ़ाने के लिए प्रावधानित अनुदान के आनुरूप्य
3. Powers and functions of Gram Sabha as mentioned under Article 243 (A)
   अनुच्छेद 243 (A) के अन्तर्गत उल्लिखित ग्राम सभा की शक्तियों और कार्यों के आनुरूप्य

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 भारतीय संविधान के स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के आनुरूप्य, जो अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का अंग है के प्रावधान के अनुरूप अधिनियमित हुआ था। पर्यावरण सम्बन्धी मामलों की सुनवाई के लिए अलग से एक राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (National Green Tribunal - NGT) अक्टूबर 2010 में अस्तित्व में आ गया। सर्वोच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लोकेश्वर सिंह पांटा को न्यायाधिकरण का प्रमुख बनाया गया। इस न्यायाधिकरण का गठन राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण 2010 के तहत किया गया।

**5. If National Water Mission is properly and completely implemented, how will it impact the country ?**
**यदि राष्ट्रीय जल मिशन सही ढंग से और पूर्णतः लागू किया जाए, तो देश पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा?**

1. Part of the water needs of urban areas will be met through recycling of wastewater.
   शहरी क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं की आंशिक आपूर्ति अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण से हो सकेगी।
2. The water requirements of coastal cities with inadequate alternative sources of water will be met by adopting appropriate technologies that allow for the use of ocean water.
   ऐसे समुद्रतटीय शहर, जिनके पास जल के अपर्याप्त वैकल्पिक स्रोत हैं, की जल आवश्यकताओं की आपूर्ति ऐसी समुचित प्रौद्योगिकी व्यवहार में लाकर की जा सकेगी जो समुद्री जल को प्रयोग लायक बना सकेगी।
3. All the rivers of Himalayan origin will be linked to the rivers of peninsular India.
   हिमालय से उद्‌गमित सभी नदियाँ प्रायद्वीपीय भारत की नदियों से जोड़ दी जाएँगी।
4. The expenses incurred by farmers for digging, bore-wells and for installing motors and pump-sets to draw groundwater will be completely reimbursed by the Government.
   सरकार कृषकों द्वारा भौम जल निकालने के लिए बोरिंग से खोदे गए कुएँ और उन पर लगाई गई मोटर और पम्प-सेट पर वहन किए गए व्यय की पूरी तरह प्रतिपूर्ति करेगी।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – यदि राष्ट्रीय जल मिशन (National Water Mission-NWM) सही ढंग से और पूर्णतः लागू किया जाए तो शहरी क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं की आंशिक आपूर्ति अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण से हो सकेगी तथा ऐसे समुद्रतटीय शहर, जिनके पास जल के अपर्याप्त वैकल्पिक स्रोत हैं, की जल आवश्यकताओं की आपूर्ति ऐसी समुचित प्रौद्योगिकी व्यवहार में लाकर की जा सकेगी जो समुद्री जल को प्रयोग लायक बना सकेगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जल नीति 2002 में उपलब्ध सही और भूजल के उपयुक्त और टिकाऊ उपयोग के लिए समन्वित जल संसाधन विकास सुविकसित सूचना प्रणाली तैयार करने, जल संरक्षण और मांग प्रबंधन, मात्रा एवं गुणवत्ता सहित पर्यावरणीय मसलों इत्यादि पर बल दिया जायेगा।

**6. Consider the following provisions under the Directive Principles of State Policy as enshrined in the Constitution of India :**
**भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिए :**

1. Securing for citizens of India a uniform civil code
   भारतीय नागरिकों के लिए समान नागरिक (सिविल) संहिता सुरक्षित करना
2. Organizing village Panchayats
   ग्राम पंचायतों को संघटित करना
3. Promoting cottage industries in rural areas
   ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना
4. Securing for all the workers reasonable leisure and cultural opportunities.
   सभी कर्मकारों के लिए यथोचित अवकाश तथा सांस्कृतिक अवसर सुरक्षित करना

**Which of the above are the Gandhian Principles that are reflected in the Directive Principles of State Policy.**
**उपर्युक्त में से कौन-से गांधीवादी सिद्धान्त हैं, जो राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में प्रतिबिम्बित होते हैं?**

(a) 1, 2 and 4 only / केवल 1, 2 और 4
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3

(c) 1, 3 and 4 only / केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के कई प्रावधानों में गाँधीवादी विचारधारा की झलक मिलती है। जैसे - ग्राम पंचायतों का संगठन (अनुच्छेद 40), कर्मकारों हेतु निर्वाह मजदूरी (अनुच्छेद 43), कृषि और पशुपालन का संगठन (अनुच्छेद 48)।

**7. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. Union Territories are not represented in the Rajya Sabha.
संघ राज्यक्षेत्रों का राज्य सभा में प्रतिनिधित्व नहीं होता।
2. It is within the purview of the Chief Election Commissioner to adjudicate the election disputes.
निर्वाचन झगड़ों का निर्णय करना मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अधिकार-क्षेत्र में है।
3. According to the Constitution of India, the Parliament consists of the Lok Sabha and the Rajya Sabha only.
भारत के संविधान के अनुसार, संसद में केवल लोक सभा और राज्य सभा होती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1 (b) 2 and 3 /2 और 3
(c) 1 and 3 /1 और 3 (d) None/कोई भी नहीं
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**– राज्यसभा में 250 से अधिक सदस्य नहीं होंगे। इनमें से (क) 12, राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्दिष्ट होंगे और (ख) शेष (अर्थात् 238) राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होंगे जो अप्रत्यक्ष निर्वाचन पद्धति से चुने जाएंगे (अनुच्छेद 80)। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार निर्वाचन अर्जी का विनिश्चय करने की शक्ति उच्च न्यायालय में है और इससे अपील उच्चतम न्यायालय को हो सकती है भारतीय संविधान के अनुसार संसद् में राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा होते (अनुच्छेद 79) हैं।

**8. With reference to consumers rights/privileges under the provisions of law in India, which of the following statements is/are correct ?**
**भारतीय विधान के प्रावधानों के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के अधिकारों/विशेषाधिकारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. Consumers are empowered to take samples for food testing/उपभोक्ताओं को खाद्य की जाँच करने के लिए नमूने लेने का अधिकार है।
2. When a consumer files a complaint in any consumer forum, no fee is required to be paid.
उपभोक्ता यदि उपभोक्ता मंच में अपनी शिकायत दर्ज करता है, तो उसे इसके लिए कोई फीस नहीं देनी होती।
3. In case of death of a consumer, his /her legal heir can file a complaint in the consumer forum on his/her behalf/उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने पर, उसका वैधानिक उत्तराधिकारी उसकी ओर से उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज कर सकता है।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – वर्ष 1986 में भारत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 पारित किया गया था। इसके प्रावधानों के अंतर्गत उपभोक्ताओं को खाद्य की जाँच करने के लिए नमूने लेने का अधिकार है। गड़बड़ी पाए जाने पर उपभोक्ता द्वारा उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यदि वाद के दौरान वादी उपभोक्ता की मृत्यु हो जाती है तो उसका वैधानिक उत्तराधिकारी उसकी ओर से उपभोक्ता मंच में अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है।

**9. Regarding the office of the Lok Sabha Speaker, consider the following statements :**
**लोक सभा अध्यक्ष के पद के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. He/She holds the office during the pleasure of the President
वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है।
2. He/She need not be a member of the House at the time of his/her election but has to become a member of the House within six months from the date of his/her election.
यह आवश्यक नहीं कि अपने निर्वाचन के समय वह सदन का सदस्य हो, परन्तु उसे अपने निर्वाचन के बाद छः माह के भीतर सदन का सदस्य हो जाना पड़ेगा।
3. If he/she intends to resign, the letter of his her resignation has to be addressed to the Deputy Speaker.
यदि वह त्यागपत्र देना चाहे, तो उसे अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को सम्बोधित करना होगा।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2
(b) 3 only /केवल 3
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) None/कोई भी नहीं
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – लोकसभा अध्यक्ष, पद से त्याग-पत्र देना चाहे, तो उसे अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को सम्बोधित करना होगा। लोकसभा अपनी पहली बैठक के पश्चात् यथाशीघ्र अपने दो सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुनती है अनुच्छेद (93)। अध्यक्ष या उपाध्यक्ष सदन के जीवनकाल पर्यन्त अपना पद धारण करेगा किन्तु उसका पद निम्नलिखित रूप से इसके पहले समाप्त हो सकता है – (i) उसके सदन के सदस्य न रहने पर, (ii) यदि वह अध्यक्ष है तो उपाध्यक्ष को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग करने पर (उपाध्यक्ष की दशा में त्यागपत्र अध्यक्ष को सम्बोधित होगा), (iii) लोकसभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा उसे अपने पद से हटाये जाने पर (अनुच्छेद 94)।

10. **Which of the following are included in the original jurisdiction of the Supreme Court?**
**निम्नलिखित में से कौन-से उच्चतम न्यायालय की आरम्भिक अधिकारिता में आते हैं?**
   1. A dispute between the Government of India and one or more States
   भारत सरकार तथा एक या अधिक राज्यों के बीच का विवाद
   2. A dispute regarding elections to either House of the Parliament or that of Legislature of a State
   संसद के किसी भी सदन या राज्य विधानमण्डल में हुए चुनाव पर विवाद
   3. A dispute between the Government of India and a Union Territory
   भारत सरकार तथा किसी संघ राज्यक्षेत्र के बीच का विवाद
   4. A dispute between two or more State
   दो या अधिक राज्यों के बीच का विवाद

   **Select the correct answer using the code given below:**
   **निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**
   (a) 1 and 2 /1 और 2 (b) 2 and 3 /2 और 3
   (c) 1 and 4 /1 और 4 (d) 3 and 4 /3 और 4
   **उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – उच्चतम न्यायालय की आरम्भिक अधिकारिता संविधान के अनुच्छेद 131 में दी गई है। अनुच्छेद 131 के अधीन उच्चतम न्यायालय के कृत्य शुद्ध रूप से परिसंघीय है और भारत सरकार और एक या अधिक राज्यों के बीच, एक ओर भारत सरकार और एक या अधिक राज्य और दूसरी ओर एक या अधिक अन्य राज्यों के बीच या दो या दो से अधिक राज्यों के बीच विवादों तक सीमित है।

11. **Consider the following kinds of organisms :**
**जीवों के निम्नलिखित प्रकारों पर विचार कीजिए :**
   1. Bacteria/ जीवाणु
   2. Fungi/कवक
   3. Flowering plants/पुष्पीय पादप

   **Some species of which of the above kinds of organisms are employed as biopesticides ?**
   **उपर्युक्त जीव-प्रकारों में से किसकी/किनकी कुछ जातियों को जैव पीड़कनाशियों के रूप में प्रयोग किया जाता है?**
   (a) 1 only /केवल 1
   (b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
   (c) 1 and 2 only /केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
   **उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – जीवाणु, कवक तथा पुष्पीय पादप को जैव पीड़कनाशियों के रूप में प्रयोग किया जाता है। जैव पीड़कनाशी एक प्रकार के कीटनाशक हैं जो जानवरों, पौधों, बैक्टीरिया कवक आदि से प्राप्त होते हैं। जैसे–बैसिलस थुरिजिनेसिस (BT), पाइरेथ्रिन (गुलदाउदी के फूल से प्राप्त), नीम का तेल, ट्राइकोडर्मा (कवक से प्राप्त) आदि।

12. **Biomass gasification is considered to be one of the sustainable solutions to the power crisis in India. In this context, which of the following statements is/are correct ?**
**जीवभार गैसीकरण को भारत में ऊर्जा संकट के धारणीय (सस्टेनेबल) हलों में से एक समझा जाता है। इस सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
   1. Coconut shells, groundnut shells and rice husk can be used in biomass gasification .
   नारियल आवरण, मूँगफली का छिलका और धान की भूसी का उपयोग जीवभार गैसीकरण के लिए किया जा सकता है।
   2. The combustible gases generated from biomass gasification consist of hydrogen and carbon dioxide only.
   जीवभार गैसीकरण द्वारा जनित ज्वलनशील गैसों में केवल हाइड्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड होती हैं।
   3. The combustible gases generated from biomass gasification can be used for direct heat generation but not in internal combustion engines.
   जीवभार गैसीकरण द्वारा जनित ज्वलनशील गैसों को ऊष्मा उत्पादन में सीधे ही उपयोग कर सकते हैं लेकिन अन्तर्दहन इंजनों में नहीं।

   **Select the correct answer using the codes given below :**
   **निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**
   (a) 1 only /केवल 1
   (b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
   (c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
   **उत्तर – (a)**

**व्याख्या** –जीवभार गैसीकरण को ऊर्जा संकट के धारणीय (सस्टेनेबल) हलों में से एक समझा जाता है। इस संदर्भ में नारियल आवरण, मूँगफली का छिलका और धान की भूसी का उपयोग जीवभार गैसीकरण के लिए किया जाता है। जीव भार गैसीफिकेशन ताप रासायनिक अभिक्रिया द्वारा ठोस जीवभार ईंधन को गैसी दहनशील ईंधन में परिवर्तित करने की एक प्रक्रिया है।

13. **What is the role of ultraviolet (UV) radiation in the water purification systems?**
**जल शुद्धीकरण प्रणालियों में पराबैंगनी (अल्ट्रा वायलेट, UV) विकिरण की क्या भूमिका है?**
   1. It inactivates/kills the harmful microorganisms in water./यह जल में उपस्थित नुकसानदेह सूक्ष्मजीवों को निष्क्रिय/नष्ट कर देती है।
   2. It removes all the undesirable odours from the water./यह जल में उपस्थित सभी अवांछनीय गंधों को दूर कर देती है।
   3. It quickens the sedimentation of solid particles, removes turbidity and improves the clarity of water./यह जल में उपस्थित ठोस कणों के अवसादन को तेज करती है, आविलता दूर करती है और जल की निर्मलता में सुधार लाती है।

   **Which of the statements given above is/are correct**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
   (a) 1 only /केवल 1
   (b) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3

(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – जल शुद्धीकरण में पराबैंगनी (अल्ट्रा वायलेट-UV) विकिरण जल में उपस्थित हानिकारक सूक्ष्म जीवों को निष्क्रिय/नष्ट कर देता है। वायुमण्डल में स्थित कतिपय गैसें (यथा - ओजोन) सौर्यिक विकिरण तरंगों को छान कर ही धरातल पर आने देती है। ये गैसें सूर्य की पराबैंगनी विकिरण को बीच में ही रोक लेती है तथा धरातल को अति गर्म होने से बचाती है।

**14. Graphene is frequently in news recently . What is its importance ?**
**ग्राफीन आजकल प्रायः सुर्खियों में रहता है। उसका क्या महत्त्व है?**

1. It is a two-dimensional material and has good electrical conductivity
   वह एक द्वि-आयामीय पदार्थ है और उसकी विद्युत् चालकता उत्तम है।
2. It is one of the thinnest but strongest materials tested so far.
   वह अब तक जाँचे गए सबसे तनु किन्तु सबसे शक्तिशाली पदार्थों में से है।
3. It is entirely made of silicon and has high optical transparency.
   वह पूर्णतः सिलिकॉन से बना होता है और उसकी चाक्षुष पारदर्शिता उच्च होती है।
4. It can be used as 'conducting electrodes' required for touch screens, LCDs and organic LEDs.
   उसका टच स्क्रीन, LCD और कार्बनिक LED के लिए 'चालक इलेक्ट्रोड' के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**Which of the statements give above are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2

(b) 3 and 4 only/ केवल 3 और 4

(c) 1, 2 and 4 only/ केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – 'ग्राफीन' आजकल प्रायः सुर्खियों में रहता है। वह अब तक जाँचे गए सबसे तनु किन्तु सबसे शक्तिशाली पदार्थों में से है तथा यह एक द्विआयामी पदार्थ है और उसकी विद्युत चालकता उत्तम है। उसका टच स्क्रीन, LCD और कार्बनिक LED के लिए 'चालक इलेक्ट्रोड' के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**15. Lead, ingested or inhaled is a health hazard. After the addition of lead to petrol has been banned, what still are the sources of lead poisoning ?**
**शरीर में श्वास अथवा खाने से पहुँचा सीसा (लेड) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पेट्रोल में सीसे का योग प्रतिबन्धित होने के बाद से अब सीसे की विषाक्तता उत्पन्न करने वाले स्रोत कौन-कौन से हैं?**

1. Smelting units / प्रगलन इकाइयाँ
2. Pens and pencils /पेन (कलम) और पेंसिलें
3. Paints /पेन्ट
4. Hair oils and cosmetics
   केश तेल एवं प्रसाधन सामग्रियाँ

**Select the correct answer using the codes given below**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3

(b) 1 and 3 only /केवल 1 और 3

(c) 2 and 4 only /केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत विकल्पों में सीसे की विषाक्तता उत्पन्न करने वाले स्रोत प्रगलन इकाइयाँ और पेन्ट हैं। घरों में पुताई हेतु प्रयोग किए जाने वाले पेंट में सीसे की पाई जाने वाली मात्रा मानव स्वास्थ्य के लिए घातक है। वेल्डिंग, रबर-निर्माण प्रक्रिया, जिंक एवं कॉपर को गलाने वाली प्रगलन इकाइयाँ वातावरण में सीसे को मुक्त करती हैं।

**16. With reference to 'stem cells', frequently in the news, which of the following statements is / are correct?/अक्सर सुर्खियों में रहने वाली 'स्टेम कोशिकाओं' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. Stem cells can be derived from mammals only.
   स्टेम कोशिकाएँ केवल स्तनपायी जीवों से ही प्राप्त की जा सकती हैं।
2. Stem cells can be used for screening new drugs.
   स्टेम कोशिकाएँ नई औषधियों को परखने के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।
3. Stem cells can be used for medical therapies.
   स्टेम कोशिकाएँ चिकित्सा थेरेपी के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2

(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3

(c) 3 only /केवल 3

(d) 1,2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – स्टेम कोशिकाएं वे विशेष कोशिकाएं होती है, जिनमें विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने की क्षमता होती है। इन्हें स्तम्भ कोशिकाएं भी कहते हैं। अक्सर सुर्खियों में रहने वाली 'स्टेम कोशिकाएं' नई औषधियों को परखने के लिए प्रयोग की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त इनका उपयोग चिकित्सा थेरेपी के लिए भी किया जा सकता है। प्रत्येक कोशिका स्वयं पूर्ण होती हैं, वह स्वायत्त है। यह स्वतंत्र रूप से पोषण, श्वसन वृद्धि, जनन तथा स्वनियमित जैसी क्रियायें स्वतः कर सकती हैं।

**17. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**Chlorofluorocarbons, known as ozone-depleting substances, are used**
**क्लोरोफ्लोरोकार्बन, जो ओजोन-ह्रासक पदार्थों के रूप में अर्जित हैं, उनका प्रयोग**

1. in the production of plastic foams
   सुघट्य फोम के निर्माण में होता है

2. in the production of tubeless tyres
   ट्यूबलेस टायरों के निर्माण में होता है
3. in cleaning certain electronic components
   कुछ विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक अवयवों की सफाई करने में होता है
4. as pressurizing, agents in aerosol cans
   एरोसॉल कैन में दाबकारी एजेंट के रूप में होता है।

**Which of the statements given above is /are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 4 only/केवल 4
(c) 1,3 and 4 only /केवल 1, 3 और 4
(d) 1,2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – क्लोरोफ्लोरोकार्बन, जो ओजोन ह्रासक पदार्थों के रूप में चर्चित है, उनका प्रयोग कुछ विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक अवयवों की सफाई करने में होता है। ऐरोसॉल कैन में दाबकारी एजेंट के रूप में होता है एवं सुघट्य फोम के निर्माण में भी होता है। क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) क्लोरीन, फ्लुओरीन तथा कार्बन तत्वों के साधारण यौगिक हैं।

**18. A team of scientists at Brookhaven National laboratory including those from India created the heaviest anti-matter (anti-helium nucleus).**
**What is/are the implication/implications of the creation of anti-matter ?**
**ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक दल, जिसमें भारतीय वैज्ञानिक भी सम्मिलित थे, ने ऐंटि-हीलियम केन्द्रक के रूप में सबसे भारी ऐंटि-द्रव्य उत्पन्न किया। ऐंटि-द्रव्य उत्पन्न करने की क्या/क्या-क्या विवक्षा/विवक्षाएँ है/हैं?**

1. It will make mineral prospecting and oil exploration easier and cheaper.
   यह खनिज पूर्वेक्षण और तेल की खोज को अधिक आसान और कम महँगा बना देगा।
2. It will help probe the possibility of the existence of stars and galaxies made of anti matter.
   यह ऐंटि-द्रव्य से निर्मित तारों और आकाशगंगाओं के होने की सम्भावना की जाँच करने में सहायक होगा।
3. It will help understand the evolution of the universe.
   यह ब्रह्माण्ड के विकास की समझ विकसित करने में सहायक होगा।

**Select the correct answer using, the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक दल, जिसमें भारतीय वैज्ञानिक भी सम्मिलित थे, ने ऐंटी-हीलियम के रूप में सबसे भारी ऐंटी-द्रव्य उत्पन्न किया। यह ऐंटी-द्रव्य से निर्मित तारों या आकाश गंगाओं के होने की संभावना की जाँच करने में सहायक होगा तथा यह ब्रह्माण्ड की समझ विकसित करने में भी सहायक होगा।

**19. Which of the following is /are cited by the scientists as evidence/evidences for the continued expansion of universe ?**
**वैज्ञानिक निम्नलिखित में से किस/किन परिघटना/परिघटनाओं को ब्रह्माण्ड के निरन्तर विस्तरण के साक्ष्य के रूप में उद्धृत करते हैं?**

1. Detection of microwaves in space
   अन्तरिक्ष में सूक्ष्मतरंगों की उपस्थिति का पता चलना
2. Observation of redshift phenomenon in space
   अन्तरिक्ष में रेडशिफ्ट परिघटना का अवलोकन
3. Movement of asteroids in space
   अन्तरिक्ष में क्षुद्रग्रहों की गति
4. Occurrence of supernova explosions in space
   अन्तरिक्ष में सुपरनोवा विस्फोटों का होना

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 / 1 और 2
(b) 2 only / केवल 2
(c) 1, 3 and 4 /1, 3 और 4
(d) None of the above can be cited as evidence
    उपर्युक्त में से कोई भी साक्ष्य के रूप में उद्धृत नहीं किया जा सकता

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रेडिशिफ्ट परिघटना के अवलोकन तथा अंतरिक्ष में सूक्ष्म तरंगों की उपस्थिति के पता चलने को ब्रह्माण्ड के निरंतर विस्तरण के साक्ष्य के रूप में उद्धृत करते हैं। इसके अतिरिक्त अन्तरिक्ष में सुपरनोवा विस्फोटों को होने एवं क्षुद्रग्रहों की गति इत्यादि का ब्रह्माण्ड के विस्तरण के रूप में प्रयोग नहीं होता है।

**20. Electrically charged particles from space travelling at speeds of several hundred km/sec can severely harm living beings if they reach the surface of the Earth .What prevents them from reaching the surface of the Earth ?**
**अन्तरिक्ष में कई सौ कि.मी./से. की गति से यात्रा कर रहे विद्युत्-आवेशी कण यदि पृथ्वी के धरातल पर पहुँच जाएँ, तो जीव-जन्तुओं को गम्भीर नुकसान पहुँचा सकते हैं। ये कण किस कारण से पृथ्वी के धरातल पर नहीं पहुँच पाते?**

(a) The Earth's magnetic field diverts them towards its poles
    पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति उन्हें ध्रुवों की ओर मोड़ देती है
(b) Ozone layer around the Earth reflects them back to outer space/पृथ्वी के इर्द-गिर्द की ओजोन परत उन्हें बाह्य अन्तरिक्ष में परावर्तित कर देती है

(c) Moisture in the upper layers of atmosphere prevents them from reaching the surface of the Earth/वायुमण्डल की ऊपरी परतों में उपस्थित आर्द्रता उन्हें पृथ्वी के धरातल पर नहीं पहुँचने देती

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct /उपर्युक्त कथनों (a), (b) और (c) में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – अंतरिक्ष में कई सौ किमी./सेकेण्ड की गति से यात्रा कर रहे विद्युत आवेशी कण पृथ्वी के धरातल पर इसलिए नहीं पहुँच पाते क्योंकि पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति उन्हें ध्रुवों की ओर मोड़ देती है।

**21. With reference to the scientific progress of ancient India, which of the statements given below are correct ?**
**प्राचीनकालीन भारत में हुई वैज्ञानिक प्रगति के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. Different kinds of specialized surgical instruments were in common use by 1st century AD.
   प्रथम शती ईसवी में विभिन्न प्रकार के विशिष्ट शल्य औजारों का उपयोग आम था।
2. Transplant of Internal organs in the human body had begun by the beginning of 3rd century AD.
   तीसरी शती ईसवी के आरम्भ में मानव शरीर के आन्तरिक अंगों का प्रत्यारोपण शुरू हो चुका था।
3. The concept of sine of and angle was known in 5th century AD.
   पाँचवी शती ईसवी में कोण के ज्या का सिद्धान्त ज्ञात था।
4. The concept of cyclic quadrilaterals was known in 7th century AD.
   सातवीं शती ईसवी में चक्रीय चतुर्भुज का सिद्धान्त ज्ञात था।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 3 and 4 only/ केवल 3 और 4
(c) 1, 3 and 4 only/ केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/ 1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या -** प्राचीन काल में भारत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई थी। विभिन्न स्रोतों से पता चलता है कि प्रथम शताब्दी ईसवी तक शल्य क्रिया के काम आने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रयोग होने लगा था किन्तु इस काल या उसके बाद तीसरी शताब्दी ईसवी तक अंग प्रत्यारोपण संभव नहीं हो सका था। गुप्तकाल में गणित के क्षेत्र में 5वीं शती ईसवी तक भारत में त्रिकोणमिति में ज्या (Sine), कोज्या (Cosine) और उत्क्रम ज्या (Inverse sine) के सिद्धान्त ज्ञात किए जा चुके थे। इनका उल्लेख 'सूर्य सिद्धान्त' और 'आर्यभट्टीय' में मिलता है। सातवीं शती ईसवी में ब्रह्मगुप्त द्वारा चक्रीय चतुर्भुज का सिद्धान्त ज्ञात किया जा चुका था।

**22. With reference to the history of ancient India, which of the following was/were common to both Buddhism and Jainism?**
**प्राचीन भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से बौद्ध धर्म और जैन धर्म दोनों में समान रूप से विद्यमान था/थे?**

1. Avoidance of extremities of penance and enjoyment
   तप और भोग की अति का परिहार
2. Indifference to the authority of the Vedas
   वेद-प्रामाण्य के प्रति अनास्था
3. Denial of efficacy of rituals
   कर्मकाण्डों की फलवत्ता का निषेध

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – तप और भोग की अति का परिहार एवं मध्यम मार्ग का अनुसरण केवल बौद्ध धर्म में मिलता है। जबकि वेदों की प्रामाण्यता के प्रति अनास्था, कर्मकांडों की फलवत्ता का निषेध एवं प्राणियों की हिंसा का निषेध नामक इत्यादि विचारधाराएँ बौद्ध और जैन दोनों धर्मों में समान रूप से पाई जाती है।

**23. Which of the following can be said to be essentially the parts of 'Inclusive Governance' ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से मूलतः 'समावेशी शासन' के अंग कहे जा सकते हैं?**

1. Permitting the Non-Banking Financial Companies to do banking
   गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को बैंकिंग करने की अनुमति प्रदान करना
2. Establishing effective District planning Committees in all the districts
   सभी जिलों में प्रभावी जिला योजना समितियाँ संगठित करना
3. Increasing the government spending on public health
   जन-स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय में बढ़ोतरी करना
4. Strengthening the Mid-day Meal Scheme
   'दोपहर का भोजन' योजना का सशक्तिकरण करना

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(c) 2, 3 and 4/केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – समावेशी शासन ऐसे शासन को कहते हैं जिसमें आर्थिक विकास की उच्च दर से जनित राष्ट्रीय आय के वितरण में समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों को उचित हिस्सा मिले अर्थात् राष्ट्रीय आय का रिसाव प्रभाव नीचे की ओर अधिक हो। इस दृष्टि से 'दोपहर का भोजन' योजना का सशक्तिकरण करना, जनस्वास्थ्य पर सरकारी व्यय में बढ़ोत्तरी करना, सभी जिलों में प्रभावी जिला योजना समितियाँ गठित करना समावेशी शासन के अंग कहे जायेंगे।

24. **The Nagara, the Dravida and the Vesara are the नागर, द्राविड़ और बेसर हैं**

(a) three main racial groups of the Indian subcontinent
भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह

(b) three main linguistic divisions into which the languages of India can be classified
तीन मुख्य भाषा वर्ग, जिनमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है

(c) three main styles of Indian temple architecture
भारतीय मन्दिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियाँ

(d) three main musical Gharanas prevalent in India
भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – नागर, द्राविड़ और बेसर भारतीय मंदिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियाँ हैं। शिल्प ग्रन्थों में स्थापत्य कला के क्षेत्र में तीन प्रकार के शिखरों का उल्लेख मिलता है, जिनके आधार पर मंदिर निर्माण की तीन शैलियों का विकास हुआ – 1. नागर शैली, 2. द्राविड़ शैली, 3. बेसर शैली। उपर्युक्त सभी नाम भौगोलिक आधार पर दिये गये प्रतीत होते हैं। नागर शैली उत्तर भारत की शैली थी जिसका विस्तार हिमालय से विन्ध्य पर्वत तक दिखायी पड़ता है। द्रविड़ शैली का प्रयोग कृष्णा नदी से कन्याकुमारी तक मिलता है। विन्ध्य तथा कृष्णा नदी के बीच बेसर शैली प्रचलित थी।

25. **The Congress ministries resigned in the seven provinces in 1939, because/1939 में कांग्रेस मंत्रिमंडल ने सात प्रान्तों में त्यागपत्र दे दिया था, क्योंकि**

(a) The congress could not form ministries in the other four provinces
कांग्रेस अन्य चार प्रान्तों में मंत्रिमण्डल नहीं बना पाई थी

(b) emergence of a 'left wing' in the Congress made the working of the ministries impossible
कांग्रेस में 'वामपक्ष' के उदय से मंत्रिमण्डल का कार्य कर सकना असम्भव हो गया था

(c) there were widespread communal disturbances in their provinces
उनके प्रान्तों में बहुत अधिक साम्प्रदायिक अशान्ति थी

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given asbove is correct/उपर्युक्त कथनों (a), (b) और (c) में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – दिए गए विकल्पों में (d) सही है। सितम्बर 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध आरम्भ हो गया। अंग्रेजी सरकार ने भारतीयों की स्वीकृति के बगैर ही भारत को इस युद्ध में झोंक दिया। वायसराय ने भारत रक्षा नियमों के अधीन विशेषाधिकार प्राप्त कर लिए। सरकार की इन घोषणाओं से असंतुष्ट होकर काँग्रेस मंत्रिमंडलों ने 22 अक्टूबर, 1939 में त्यागपत्र दे दिए।

26. **With reference to National Rural Health Mission, which of the following are the jobs of 'ASHA', a trained community health worker ?**
**राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के सन्दर्भ में, प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, 'आशा' (ASHA) के कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?**

1. Accompanying women to the health facility for antenatal care checkup
स्त्रियों को प्रसव-पूर्व देखभाल जाँच के लिए स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र साथ ले जाना
2. Using pregnancy test kits for early detection of pregnancy
गर्भावस्था के प्रारम्भिक संसूचन के लिए गर्भावस्था परीक्षण किट प्रयोग करना
3. Providing information on nutrition and immunization
पोषण एवं प्रतिरक्षण के विषय में सूचना देना
4. Conducting the delivery of baby
बच्चे का प्रसव कराना

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1,2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) के तहत प्रारम्भ प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता 'आशा' (ASHA – Accredited Social Health Activists) के प्रमुख कार्यों के अंतर्गत पोषण एवं प्रतिरक्षा के विषय में सूचना उपलब्ध कराना, गर्भवती स्त्रियों को प्रसवपूर्ण देखभाल व जाँच के लिए स्वास्थ्य सुविधा केंद्र ले जाना और गर्भावस्था की प्रारम्भिक जानकारी हेतु गर्भावस्था परीक्षण किट का प्रयोग करना इत्यादि आते हैं। बच्चे का प्रसव कराना आशा का कार्य नहीं है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

27. **Which of the following is/are the principal feature (s) of the Government of India Act, 1919?**
**1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विशेषता/विशेषताएँ है/हैं?**

1. Introduction of dyarohy in the executive government of India provinces
प्रान्तों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध-शासन की व्यवस्था
2. Introduction of separate communal electorates for Muslims
मुसलमानों के लिए पृथक् साम्प्रदायिक निर्वाचक-मण्डलों की व्यवस्था
3. Devolution of legislative authority by the centre to the provinces.
केन्द्र द्वारा प्रान्तों को विधायिनी शक्ति का हस्तान्तरण

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – वर्ष 1919 के अधिनियम का सबसे महत्वपूर्ण भाग प्रान्तों में दोहरे शासन का आरम्भ करना था। इस योजना के अंतर्गत शासन के विषयों को प्रान्तीय तथा केंद्रीय सूचियों में बाँट दिया गया। केंद्र में विधानमण्डल के विस्तार के लिए द्विसदनीय व्यवस्था स्थापित की गई। उपरिसदन, राज्य परिषद (Council of State) कहलाता था तथा नीचे का सदन विधानसभा कहलाता था।

**28. During Indian freedom struggle, the National Social Conference was formed. What was the reason for its formation ?**
**भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के समय, राष्ट्रीय सामाजिक सम्मेलन (नेशनल सोशल कॉन्फरेन्स) का गठन किया गया था। इसके गठन के लिए उत्तरदायी कारण था**

(a) Different social reform groups or organizations of Bengal region united to form a single body to discuss the issues of larger interest and to prepare appropriate petitions/representations to the government.
बंगाल क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक सुधार ग्रुप/संगठन किसी एक मंच पर एकत्रित होकर व्यापक हित में माँगपत्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहते थे

(b) Indian National Congress did not want to include social reforms in its deliberations and decided to form a separate body for such a purpose
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने कार्यक्रम में सामाजिक सुधारों को नहीं रखना चाहती थी। इसीलिए प्रस्तुत उद्देश्य के लिए उसने अलग से संगठन बनाने का सुझाव दिया

(c) Behramji Malabari and M.G. Ranade decided to bring together all the social reform groups of the country under one organization
बहरामजी मालाबारी और एम.जी. रानाडे ने यह निश्चिय किया कि देश के समस्त सामाजिक सुधार ग्रुपों को एक संगठन के अन्तर्गत लाया जाय

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct in this context
उपर्युक्त सन्दर्भ में विकल्प (a), (b) और (c) में दिए गए वक्तव्य में कोई भी सही नहीं है

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय राष्ट्रीय सामाजिक सम्मेलन का गठन वर्ष 1887 में किया गया था। इसके गठन का प्रमुख कारण यह था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आरंभिक चरण में अपने कार्यक्रमों में सामाजिक सुधारों को नहीं रखना चाहती थी इसलिए प्रस्तुत उद्देश्य के लिए उसने अलग से संगठन बनाने का सुझाव दिया था।

**29. Which of the following parties were established by Dr. B.R. Ambedkar?/निम्नलिखित में से किन दलों की स्थापना डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने की थी?**

1. The Peasants and Workers Party of India
पीजेंट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया
2. All India Scheduled Castes Federation
ऑल इंडिया सिड्यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन
3. The Independent Labour Party
इंडिपेन्डेंट लेबर पार्टी

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – बी. आर. अम्बेडकर ने 1942 में अनुसूचित जातीय संघ (Scheduled Caste Federation) का एक अखिल भारतीय दल के रूप में गठन किया। इंडिपेन्डेंट लेबर पार्टी की स्थापना भी बी. आर. अम्बेडकर द्वारा की गई थी। पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया (भारत किसान मजदूर दल) की स्थापना वर्ष 1947 में नाना पाटिल, सी.डी. देशमुख, केशवराम जेधे, माधवराव बघेल इत्यादि सदस्यों ने मिलकर महाराष्ट्र में की थी।

**30. Which of the following special powers have been conferred on the Rajya Sabha by the Constitution of India ?**
**निम्नलिखित विशेषाधिकारों में से कौन-से भारत के संविधान द्वारा राज्य सभा को प्रदत्त किये जाते हैं?**

(a) To change the existing territory of a State and to change the name of a State
राज्य का वर्तमान राज्यक्षेत्र परिवर्तित करना और राज्य का नाम परिवर्तित करना

(b) To pass a resolution empowering the Parliament to make laws in the State List and to create one or more All India Services
संसद् को, राज्य सूची में नियम बनाने और एक अथवा एकाधिक अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन करने हेतु सशक्त बनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित करना

(c) To amend the election procedure of the President and to determine the pension of the President after his/her retirement
राष्ट्रपति की निर्वाचन-प्रक्रिया में संशोधन करना और राष्ट्रपति की सेवानिवृत्ति के पश्चात् उसकी पेंशन निर्धारित करना

(d) To determine the functions of the Election Commission and to determine the number of Election Commissioners .
चुनाव आयोग के क्रियाकलापों का निर्धारण करना और चुनाव आयुक्तों की संख्या निर्धारित करना

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारत के संविधान द्वारा राज्यसभा को प्रदत्त किये गए विशेषाधिकार हैं – राज्य सूची में नियम बनाने (अनु. 249) और संविधान के अनुच्छेद 312 द्वारा एक अथवा एकाधिक अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन करने हेतु सशक्त बनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित करना है।

**31. 'How does the National Rural Livelihood Mission seek to improve livelihood options of rural poor ?**
**'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का किस प्रकार प्रयास करता है?**

1. By setting up a large number of new manufacturing industries and agribusiness centres in rural areas/ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए विनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केन्द्र स्थापित करके
2. By strengthening 'self-help groups' and providing skill development/'स्वयं सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल विकास की सुविधाएं प्रदान करके

3. By supplying seeds, fertilizers, diesel pump-sets and micro-irrigation equipment free of cost to farmers./कृषकों को निःशुल्क बीज, उर्वरक, डीजल पम्प-सेट तथा लघु-सिंचाई संयंत्र देकर

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या** – 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का प्रयास है। केंद्र सरकार ने 3 जून, 2011 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) की शुरुआत की। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को सुदृढ़ कर उनके माध्यम से निर्धनों की निर्धनता के निवारण के लिए शुरू किए गए इस मिशन की शुरुआत राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से की गई। इस मिशन के तहत ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समूहों को फेडरेशन के रूप में गठित कर उनके माध्यम से लाभप्रद स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर जीवनयापन का स्थायी आधार प्रदान करने की सरकार की योजना है।

**32. The Multi-dimensional Poverty Index developed by Oxford Poverty and Human Development Initiative with UNDP support covers which of the following ?**
**UNDP के समर्थन से 'ऑक्सफोर्ड निर्धनता एवं मानव विकास नेतृत्व' द्वारा विकसित 'बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक' में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सम्मिलित है/हैं?**

1. Deprivation of education, health, assets and services at household level/पारिवारिक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्पत्ति तथा सेवाओं से वंचन
2. Purchasing power parity at national level
   राष्ट्रीय स्तर पर क्रय-शक्ति समता
3. Extent of budget deficit and GDP growth rate at national levle/राष्ट्रीय स्तर पर बजट घाटे की मात्रा और GDP की विकास दर

**Select the correct answer using the codes given below**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 and 3/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – UNDP के समर्थन से 'ऑक्सफोर्ड निर्धनता एवं मानव विकास नेतृत्व' द्वारा विकसित 'बहुआयामी निर्धनता सूचकांक' में पारिवारिक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्पत्ति तथा सेवाओं से वंचन सम्मिलित है । बहुआयामी निर्धनता सूचकांक की अवधारणा वर्ष 1990 में आई थी। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2019 के अनुसार, भारत ने वर्ष 2006-2016 के मध्य 271 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। भारत का झारखंड राज्य ''बहुआयामी गरीबी'' को सबसे तेजी से समाप्त करने वाला राज्य है। झारखंड में वर्ष 2005-06 में जहां 74.9% थी वहीं वर्ष 2015-16 में सिर्फ 46.5 रह गई है।

**33. Which of the following is/are among the noticeable features of the recommendations of the Thirteenth Finance Commission ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी अनुशंसा/अनुशंसाएँ तेरहवें वित्त आयोग की सुस्पष्ट विशिष्टता/विशिष्टताएँ है/हैं?**

1. A design for the Goods and Service Tax, and a compensation package linked to adherence to the proposed design/वस्तुओं व सेवाओं पर कर (टैक्स) लगाए जाने का अभिकल्प तथा इस प्रस्तावित अभिकल्प के संपालन से सम्बद्ध क्षतिपूर्ति पैकेज
2. A design for a creation of lakhs of jobs in the next ten years in consonance with India's demographic dividend
   भारत के जनांकिकीय लाभांश के अनुरूप अगले दस वर्षों में लाखों नौकरियाँ सृजन करने की योजना
3. Devolution of a specified share of central taxes to local bodies as grants
   केन्द्रीय करों के एक निश्चित अंश का स्थानीय निकायों को अनुदान के रूप में हस्तान्तरण

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1only/ केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – तेरहवें वित्त आयोग की सुस्पष्ट विशिष्टताएँ हैं – वस्तुओं व सेवाओं पर कर (टैक्स) लगाए जाने का अभिकल्प तथा इस प्रस्तावित अभिकल्प के संपालन से सम्बद्ध क्षतिपूर्ति पैकेज एवं केंद्रीय करों के एक निश्चित अंश का स्थानीय निकायों को अनुदान के रूप में हस्तांतरण। केंद्र और राज्यों के बीच राजस्व के बंटवारे के लिए मानक तय करने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 15वें वित्त आयोग का गठन 27 नवम्बर, 2017 में किया था। इस आयोग का अध्यक्ष एन. के. सिंह को बनाया गया है। इसका कार्यकाल 2020-25 तक होगा।
नोट - वर्तमान में वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं, इन्हे 16वें वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

**34. What is /are the recent policy initiatives(s) of Government of India to promote the growth of manufacturing sector ?**
**विनिर्माण क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने कौन-सी नई नीतिगत पहल की है/हैं?**

1. Setting up of National Investment and Manufacturing Zones
   राष्ट्रीय निवेश तथा विनिर्माण क्षेत्रों की स्थापना
2. Providing the benefit of 'single window clearance'
   'एकल खिड़की मंजूरी' (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) की सुविधा प्रदान करना

3. Establishing the Technology Acquisition and Development Fund
प्रौद्योगिकी अधिग्रहण तथा विकास कोष की स्थापना

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – विनिर्माण क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय निवेश तथा विनिर्माण क्षेत्रों की स्थापना, एकल खिड़की मंजूरी (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) की सुविधा प्रदान करना एवं प्रौद्योगिकी अधिग्रहण तथा विकास कोष की स्थापना की पहल की है।

**35. Which of the following are the methods of Parliamentary control over public finance in India?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी विधियाँ भारत के लोक वित्त पर संसदीय नियंत्रण रखने के काम आती हैं?**

1. Placing Annual Financial Statement before the Parliament
संसद् के सम्मुख वार्षिक वित्तीय विवरण का प्रस्तुत किया जाना
2. Withdrawal of moneys from Consolidated Fund of India only after passing the Appropriation Bill
विनियोजन विधेयक के पारित होने के बाद ही भारत की संचित निधि से मुद्रा निकाल पाना।
3. Provisions of supplementary grants and vote-on-account.
अनुपूरक अनुदानों तथा लेखानुदान का प्रावधान
4. A periodic or at least a mid-year review of programme of the Government against macroeconomic forecasts and expenditure by a Parliamentary Budget Office
संसदीय बजट कार्यालय द्वारा समष्टिगत आर्थिक पूर्वानुमानों तथा व्यय हेतु सरकार के कार्यक्रम का एक नियतकालिक अथवा कम-से-कम मध्यवर्षीय पुनरवलोकन
5. Introducing Finance Bill in the Parliament
संसद् में वित्त विधेयक का प्रस्तुत किया जाना

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2, 3, and 5 only /केवल 1, 2, 3 और 5
(b) 1, 2 and 4 only / केवल 1, 2 और 4
(c) 3, 4 and 5 only /केवल 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 and 5/ 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ पर राष्ट्रपति वित्तीय वर्ष के संबंध में संसद के दोनों सदनों के समक्ष भारत सरकार को उस वर्ष के लिए प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय का विवरण रखवाता है। इसे 'वार्षिक वित्तीय विवरण' (अर्थात् बजट) कहा जाता है (अनुच्छेद 112)। अनुच्छेद 114 में विनियोग अधिनियम का उल्लेख है। अनुच्छेद 281 के अनुसार राष्ट्रपति इस संविधान के उपबंधों के अधीन वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश की प्रत्येक सिफारिश को उस पर की गई कार्रवाई के स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवायेगा। ये सभी लोक वित्त पर संसदीय नियंत्रण के काम आती है। इनके अतिरिक्त भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एवं संसद की लोकलेखा समिति आदि लोक वित्त पर संसदीय नियंत्रण के काम आती हैं।

**36. Mahatma Gandhi undertook fast unto death in 1932, mainly because/1932 में महात्मा गाँधी ने मरणपर्यन्त उपवास प्रधानतया इसलिए किया कि**

(a) Round Table Conference failed to satisfy Indian political aspirations./गोल मेज सभा भारतीय राजनीतिक आकांक्षाओं को सन्तुष्ट करने में असफल हुई
(b) Congress and Muslim League had differences of opinion/कांग्रेस और मुस्लिम लीग में मत-भिन्नता थी
(c) Ramsay Macdonald announced the Communal Award/रैम्ज़े मैकडोनल्ड ने साम्प्रदायिक अधिनिर्णय (कम्युनल एवार्ड) की घोषणा की
(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct in this context.
इस सन्दर्भ में उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 1932 में महात्मा गाँधी ने मरणपर्यन्त उपवास प्रधानतया इसलिए किया कि रैम्जे मैंकडोनाल्ड ने साम्प्रदायिक अधिनिर्णय (कम्युनल एवार्ड) की घोषणा की। इसके विरोध में गाँधी जी 20 सितंबर, 1932 से आमरण अनशन पर बैठ गए। 20 सितंबर का दिन 'उपवास और प्रार्थना दिवस' के रूप में मनाया गया। अंततोगत्वा 24 सितम्बर, 1932 को एक समझौता हुआ, जिसे 'पूना समझौता' (पूना पैक्ट) के नाम से जाना जाता है। इस समझौते के तहत दलित वर्गों के लिए पृथक् निर्वाचक मंडल समाप्त कर दिया गया लेकिन प्रान्तीय विधानमंडल में दलितों के लिए सुरक्षित सीटों के लिए संख्या 71 से बढ़ाकर 148 कर दी गई। केंद्रीय विधानमंडल (सेंट्रल लेजिस्लेटर) में सुरक्षित सीटों की संख्या 18 प्रतिशत की गई।

**37. With reference of Ryotwari Settlement, consider the following statements :/रैयतवारी बन्दोबस्त के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The rent was paid directly by the peasants to the Government.
किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था।
2. The Government gave Pattas to the Ryots.
सरकार रैयत को पट्टे देती थी।
3. The lands were surveyed and assessed before being taxed.
कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य-निर्धारण किया जाता था।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3
(d) None/ कोई भी नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – रैयतवारी बन्दोबस्त के संदर्भ में किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था, सरकार रैयत को पट्टे देती थी तथा कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य निर्धारण किया जाता था। बम्बई तथा मद्रास के अधिकांश भाग में रैयतवाड़ी व्यवस्था लागू की गई। रैयतवाड़ी व्यवस्था वर्ष 1792 में थॉमस मुनरो एवं कैप्टन रीड द्वारा सर्वप्रथम मद्रास में आरम्भ की गई।

**38. Consider the following specific stages of demographic transition associated with economic development :**
**आर्थिक विकास से सम्बद्ध जनांकिकीय संक्रमण की निम्नलिखित विशिष्ट अवस्थाओं पर विचार कीजिए :**

1. Low birthrate with low death rate
   निम्न मृत्यु-दर के साथ निम्न जन्म-दर
2. High birthrate with high death rate
   उच्च मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर
3. High birthrate with low death rate
   निम्न मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर

**Select the correct order of the above stages using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से उपर्युक्त अवस्थाओं का सही क्रम चुनिए :**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 1, 3
(c) 2, 3, 1 (d) 3, 2, 1

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**– आर्थिक विकास के जनांकिकीय संक्रमण का सिद्धान्त वर्ष 1929 में डब्ल्यू एम. थामसन ने किया था, परन्तु इसको वैज्ञानिक स्वरूप फ्रैंक नोटेस्टीन ने वर्ष 1945 में दिया। आर्थिक विकास से सम्बद्ध जनांकिकीय संक्रमण की विशिष्ट अवस्थायें इस प्रकार हैं –
-उच्च मृत्यु दर के साथ उच्च जन्म दर
-निम्न मृत्यु दर के साथ उच्च जन्म दर
-निम्न मृत्यु दर के साथ निम्न जन्म-दर

**39. In India, in the overall Index of Industrial Production, the Indices of Eight Core Industries have a combined weight of 37.90%. Which of the following are among those Eight Core Industries?**
**भारत में 'औद्योगिक उत्पादन सकल सूचकांक' में आठ मूल उद्योगों के सूचकांकों का संयुक्त भार 37.90% है। निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग उन आठ मूल उद्योगों में सम्मिलित हैं?**

1. Cement/सीमेन्ट
2. Fertilizers/उर्वरक
3. Natural gas/प्राकृतिक गैस
4. Refinery products/रिफाइनरी उत्पाद
5. Textiles/वस्त्रोद्योग

**Select the correct answer using the codes given below**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 5 only/केवल 1 और 5
(b) 2, 3 and 4 only /केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 and 4 only/केवल 1, 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3, 4 and 5/1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – वर्तमान में भारत में औद्योगिक उत्पादन सकल सूचकांक में आठ मूल उद्योगों के सूचकांकों का संयुक्त भार वर्तमान में 40.27% (37.90% प्रश्नकाल में) है। इन आठ मूल उद्योगों में कोयला, क्रूड ऑयल, स्टील, बिजली, सीमेन्ट, उर्वरक, प्राकृतिक गैस तथा रिफाइनरी उत्पाद सम्मिलित हैं।

**40. Which of the following provisions of the constitution of India have a bearing on Education?**
**भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान शिक्षा पर प्रभाव डालते हैं?**

1. Directive Principles of State Policy
   राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
2. Rural and Urban Local Bodies
   ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय
3. Fifth Schedule/पंचम अनुसूची
4. Sixth Schedule/षष्ठ अनुसूची
5. Seventh Schedule/सप्तम अनुसूची

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 3, 4 and 5 only /केवल 3, 4 और 5
(c) 1, 2 and 5 /केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 and 5 /1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – संविधान की 6वीं अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों में विशेष प्रावधानों का वर्णन है। 6वीं अनुसूची के प्रशासन के अन्तर्गत जिला परिषद में अपने जिले में प्राथमिक विद्यालयों को स्थापित कर सकती है।
राज्य के नीति निदेशक तत्व के अनुसार अनुच्छेद 41 में शिक्षा का प्रावधान है। अनुच्छेद 45 में 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा राज्य प्रारम्भिक बाल्यावस्था में देखभाल और 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास करेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय, तथा सप्तम् अनुसूची (समवर्ती) शिक्षा पर प्रभाव डालते हैं।

**41. Government of India encourages the cultivation of 'sea buckthorn'. What is the importance of this plant ?**
**भारत सरकार 'सी बकथोर्न' की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इस पादप का क्या महत्व है?**

1. It helps in controlling soil erosion and in preventing desertification.
   यह मृदा-क्षरण के नियंत्रण में सहायक है और मरुस्थलीकरण को रोकता है।
2. It is a rich source of biodiesel.
   यह बायोडीजल का एक समृद्ध स्रोत है।
3. It has nutritional value and is well-adapted to live in cold areas of high altitudes.
   इसमें पोषकीय मान होता है और यह उच्च तुंगता वाले ठण्डे क्षेत्रों में जीवित रहने के लिए भली-भाँति अनुकूलित होता है।
4. Its timber is of great commercial value.
   इसकी इमारती लकड़ी का उच्च वाणिज्यिक मूल्य है।

**Which of the statements given above is/are correct ?**

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2, 3 and 4 / केवल 2, 3 और 4
(c) 1 and 3 / केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारत सरकार 'सी बकथोर्न' खेती को प्रोत्साहित कर रही है। यह पादप मृदा-क्षरण के नियंत्रण में सहायक है और मरुस्थलीकरण को रोकता है तथा इसमें पोषकीय मान होता है और यह उच्च तुंगता वाले ठण्डे क्षेत्रों में जीवित रहने के लिए भली-भाँति अनुकूलित होता है। यह मुख्यतः लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश आदि में उगाया जाता है। इसके उच्च पोषकीय मान के अलावा औषधीय एवं आर्थिक लाभ भी हैं।

**42. Which of the following is the chief characteristic of 'mixed farming' ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता है?**

(a) Cultivation of both cash crops and food crops
नकदी और खाद्य दोनों सस्यों की साथ-साथ खेती
(b) Cultivation of two or more crops in the same field
दो या दो से अधिक सस्यों को एक ही खेत में उगाना
(c) Rearing of animals and cultivation of crops together
पशुपालन और सस्य-उत्पादन को एक साथ करना
(d) None of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें पशुपालन और सस्य उत्पादन को एक साथ किया जाता है।

**43. A particular State in India has the following characteristics:**
**भारत का एक विशेष राज्य निम्नलिखित विशेषताओं से युक्त है :**

1. It is located on the same latitude which passes through northern Rajasthan.
यह उसी अक्षांश पर स्थित है, जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है।
2. It has over 80% of its area under forest cover.
इसका 80% से अधिक क्षेत्र वन आवरणान्तर्गत है।
3. Over 12% of forest cover constitutes Protected Area Network in this State.
12% से अधिक वनाच्छादित क्षेत्र इस राज्य के रक्षित क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है।

**Which one among the following States has all the above characteristics?**
**निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा एक ऊपर दी गई सभी विशेषताओं से युक्त है?**

(a) Arunachal Pradesh /अरुणाचल प्रदेश
(b) Assam /असम
(c) Himachal Pradesh / हिमाचल प्रदेश
(d) Uttarakhand / उत्तराखण्ड

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – अरुणाचल प्रदेश उसी अक्षांश पर स्थित है, जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है। 12% से अधिक वनाच्छादित क्षेत्र इस राज्य के रक्षित क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है तथा इस राज्य का 80% से अधिक क्षेत्र वन आवरण के अंतर्गत आता है।

**44. Consider the following crops of India :**
**भारत की निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए :**

1. Cowpea /लोबिया
2. Green Gram /मूँग
3. Pigeon pea /अरहर

**Which of the above is /are used as pulse, fodder and green manure ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से दलहन, चारा और हरी खाद के रूप में प्रयोग होता है/होते हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**–लोबिया और मूँग का प्रयोग दलहन, चारा और हरी खाद के रूप में किया जाता है। सनई, ढैंचा, उर्द, लोबिया, सैजी एवं मूँग आदि की फसलों का प्रयोग हरी खाद के रूप में भी होता है। ज्ञातव्य हो कि सैजी के फसल का हरी खााद के रूप में प्रयोग करने से मृदा का सर्वाधिक मात्रा में नाइट्रोजन (120-135) किग्रा./हेक्टेयर) प्राप्त होता है।

**45. Consider the following factors :**
**निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए :**

1. Rotation of the Earth / पृथ्वी का आवर्तन
2. Air pressure and wind/ वायुदाब और हवा
3. Density of ocean water /महासागरीय जल का घनत्व
4. Revolution of the Earth/ पृथ्वी का परिक्रमण

**Which of the above factors influence the ocean currents?**
**उपर्युक्त में से कौन-से कारक महासागरीय धाराओं को प्रभावित करते हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(c) 1 and 4 / 1 और 4
(d) 2, 3 and 4 / 2, 3 और 4

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – पृथ्वी का आवर्तन, वायुदाब और हवा तथा महासागरीय जल का घनत्व महासागरीय धाराओं को प्रभावित करते हैं। यह महासागरीय जल का एक महत्वपूर्ण भौतिक गुण है। यह सूर्यातप की मात्रा, ऊष्मा संतुलन, सागरीय जल के घनत्व, लवणता, वाष्पीकरण व संघनन, स्थानीय मौसमी दशाओं आदि द्वारा निर्धारित होती है।

**46. With reference to the wetlands of India, consider the following statements:**
**भारत की आर्द्रभूमियों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The country's total geographical area under the category of wetlands is recorded more in Gujarat as compared to other States.

आर्द्रभूमि के अन्तर्गत देश का कुल भौगोलिक क्षेत्र अन्य राज्यों की तुलना में गुजरात में अधिक अंकित है।

2. In India, the total geographical area of coastal wetlands is larger than that of inland wetlands.
भारत में तटीय आर्द्रभूमि का कुल भौगोलिक क्षेत्र, आन्तरिक आर्द्रभूमि के कुल भौगोलिक क्षेत्र से अधिक है।

**Which of the statements given above is /are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1only/ केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**–भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 4.86 प्रतिशत या 15.98 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र पर आर्द्रभूमियाँ विस्तारित हैं। आर्द्रभूमियों के अन्तर्गत देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में अन्य राज्यों की तुलना में गुजरात में (21.9%) सर्वाधिक क्षेत्र अंकित है। इस प्रकार कथन 1 सही है।
भारत में तटीय (Coastal) आर्द्रभूमि कुल आर्द्रभूमि के 4.13 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र (25.9%) पर अंकित है, जबकि आंतरिक (Inland) आर्द्रभूमि कुल आर्द्रभूमि के 11.85 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र (74.1%) पर अंकित है। इस प्रकार कथन 2 गलत है।

**47. Consider the following crops of India :**
**भारत की निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए :**

1. Groundnut /मूँगफली
2. Sesamum /तिल
3. Pearl millet /बाजरा

**Which of the above is /are predominantly rainfed crop/crops ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से प्रमुखतया वर्षा आधारित फसल है/हैं?**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 /केवल 2 और 3
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मूँगफली, तिल एवं बाजरा की कृषि शुष्क कृषि क्षेत्रों में की जाती है। ये फसलें प्रमुखतया वर्षा आधारित फसलें हैं।

**48. When you travel in Himalayas, you will see the following ?**
**जब आप हिमालय की यात्रा करेंगे, तो आप निम्नलिखित को देखेंगे :**

1. Deep gorges/गहरे खड्ड
2. U-turn river courses/U घुमाव वाले नदी-मार्ग
3. Parallel mountain ranges / समानान्तर पर्वत श्रेणियाँ
4. Steep gradients causing land-sliding
भूस्खलन के लिए उत्तरदायी तीव्र ढाल प्रवणता

**Which of the above can be said to be the evidences for Himalays being young fold mountains?**
**उपर्युक्त में से कौन-से हिमालय के तरुण वलित पर्वत (नवीन मोड़दार पर्वत) के साक्ष्य कहे जा सकते हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 1, 2 and 4 only /केवल 1, 2 और 4
(c) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – हिमालय की यात्रा करते समय क्रमशः गहरे खड्ड, घुमाव वाले नदी-मार्ग, समानान्तर पर्वत श्रेणियाँ तथा भूस्खलन के लिए उत्तरदायी तीव्र ढाल प्रवणता इत्यादि देखने को मिलेंगे। हिमालय की इस भौगोलिक परिस्थिति के कारण ही, भारतीय उपमहाद्वीप की शेष एशिया से अलग स्थिति बन सका। यह ध्रुवीय हवाओं को भारतीय भू-भाग पर प्रवेश करने से रोकता है।

**49. Normally, the temperature decreases with the increase in height from the Earth's surface, because.**
**सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोतरी होती है, क्योंकि**

1. the atmosphere can be heated upwards only from the Earth's surface
वायुमण्डल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है
2. there is more moisture in the upper atmosphere
ऊपरी वायुमण्डल में आर्द्रता अधिक होती है
3. the air is less dense in the upper atmosphere
ऊपरी वायुमण्डल में हवा कम घनी होती है

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोत्तरी होती है, क्योंकि वायुमण्डल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है तथा ऊपरी वायुमण्डल में हवा कम घनी होती है। वायुमण्डल की रचना मुख्य रूप से गैसों, जलवाष्प तथा धूलकणों से हुई है। वायुमण्डल में जलवाष्प की मात्रा शून्य से 4% के मध्य होती है।

**50. The acidification of oceans is increasing. Why is this phenomenon a cause of concern ?**
**महासागरों का अम्लीकरण बढ़ रहा है। यह घटना क्यों चिन्ता का विषय है?**

1. The growth and survival of calcareous phytoplankton will be adversely affected.
कैल्सियमी पादपप्लवक की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।
2. The growth and survival of coral reefs will be adversely affected.
प्रवाल-भित्ति की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।
3. The survival of some animals that have phytoplanktonic larvae will be adversely affected.
कुछ प्राणी, जिनके डिम्भक पादपप्लवकीय होते हैं, की उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।

4. The cloud seeding and formation of clouds will be adversely affected.
मेघ बीजन और मेघों का बनना प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगा।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1, 2 and 3 only/ केवल 1, 2 और 3
(b) 2 only / केवल 2
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3, and 4/1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – महासागर अम्लीकरण वातावरण में मानव प्रेरित कार्बनडाई ऑक्साइड ($CO_2$) सांद्रता में वृद्धि का प्रत्यक्ष परिणाम है। $CO_2$ समुद्र के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड बनाता है। जिससे समुद्र का PH कम हो जाता है। इसे महासागरीय अम्लीकरण के रूप में जाना जाता है। यह घटना चिंता का विषय है क्योंकि प्रवाल भित्ति की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है तथा कैल्सियमी पादपप्लवक की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त कुछ प्राणी जिनके डिम्बक पादपप्लवकीय होते हैं, की उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

**51. In India, other than ensuring that public funds, are used efficiently and for intended purpose, What is the importance of the office of the Comptroller and Auditor General (CAG) ?**
**लोक निधि के फलोत्पादक और आशयित प्रयोग को सुरक्षित करने के साथ-साथ भारत में नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (CAG) के कार्यालय का महत्त्व क्या है?**

1. CAG exercises exchequer control on behalf of the Parliament when the President of India declares national emergency/financial emergency.
CAG संसद् की ओर से राजकोष पर नियंत्रण रखता है जब भारत का राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपात/वित्तीय आपात घोषित करता है।
2. CAG reports on the execution of projects or programmers by the ministries are discussed by the Public accounts Committee.
CAG की मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर जारी किये गए प्रतिवेदनों पर लोक लेखा समिति विचार-विमर्श करती है।
3. Information from CAG reports can be used by investigating agencies to press charges against those who have violated the law while managing public finances.
CAG के प्रतिवेदनों से मिली जानकारियों के आधार पर जाँचकर्त्ता एजेंसियाँ उन लोगों के विरुद्ध आरोप दाखिल कर सकती है, जिन्होंने लोक निधि प्रबन्धन में कानून का उल्लंघन किया हो।
4. While dealing with the audit and accounting of government companies, CAG has certain judicial powers for prosecuting those who violate the law.
CAG को ऐसी निश्चित न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हैं कि सरकारी कम्पनियों के लेखा-परीक्षा और लेखा जाँचते समय वह कानून का उल्लंघन करने वालों पर अभियोग लगा सके।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1, 3 and 4/केवल 1, 3 और 4
(b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(c)**

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद-148 के अनुसार, भारत का एक नियंत्रक-महालेखा परीक्षक होगा जिसको राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा और उसे उसके पद से केवल उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है। CAG की मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर जारी किए गए प्रतिवेदनों पर लोक लेखा समिति विचार-विमर्श करती है। लोक लेखा समिति भारतीय संसद की सर्वाधिक प्राचीनतम समिति है। इस समिति में 22 सदस्य होते हैं जिनमें से 15 लोकसभा और 7 राज्य सभा के सदस्य होते हैं। जाँचकर्ता एजेन्सियाँ CAG के प्रतिवेदनों से मिली जानकारियों के आधार पर उन लोगों के विरुद्ध आरोप दाखिल कर सकती है, जिन्होंने लोक निधि प्रबन्धन में कानून का उल्लंघन किया हो।

**52. The endeavour of 'Janani Suraksha Yojana'programm is**
**'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम का प्रयास है**

1. to promote institutional deliveries
संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना
2. to provide monetary assistance to the mother to meet the cost of delivery
प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना
3. to provide for wage loss due to pregnancy and confinement?
गर्भावस्था और प्रसूति से हुई वेतन-हानि की आपूर्ति करना

**Which of the statements given above is / are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की महिलाओं के लिए जननी सुरक्षा योजना 12 अप्रैल, 2005 से प्रारम्भ की गई है। 100% केंद्र प्रायोजित इस योजना ने पूर्व में संचालित राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना (National Maternity Benefit Scheme) का स्थान लिया है तथा 2005-06 के बजट में प्रस्तावित राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का घटक है। 'जननी सुरक्षा योजना' के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना तथा प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना का लाभ 19 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के पहले दो जीवित प्रसवों के समय प्राप्त होता है। योजना के अंतर्गत पंजीकृत प्रत्येक लाभार्थी के पास एम. सी. एच. कार्ड के साथ जननी सुरक्षा योजना कार्ड भी होना जरूरी है।

**53. The Prime Minister of India, at the time of his/her appointment**
**भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति के समय**

(a) need not necessarily be a member of one of the Houses of the Parliament but must become a member of one of the Houses within six months.
जरूरी नहीं है कि वह संसद् के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो परन्तु उसे छः माह के अन्दर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिए।

(b) need not necessarily be a member of one of the Houses of the Parliaments but must become a member of the Lok Sabha within six months.
जरूरी नहीं है कि वह संसद् के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो परन्तु उसे छः माह के अन्दर लोक सभा का सदस्य हो जाना चाहिए

(c) must be a member of one of the Houses of the Parliament
संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य होना चाहिए

(d) must be a member of the Lok Sabha
आवश्यक रूप से लोक सभा का सदस्य होना चाहिए

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – हमारे संविधान में किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करना वर्जित नहीं जो किसी विधानमंडल का सदस्य नहीं है। किंतु यदि वह इसी बीच छह माह के भीतर संसद के किसी सदन में स्थान नहीं प्राप्त कर लेता तो वह मंत्री नहीं बना रहेगा (वह निर्वाचन या नाम निर्देशन में स्थान प्राप्त कर सकता है)। अनुच्छेद 75 (5) इस विषय में यह कहता है – ''कोई मंत्री, जो निरंतर छह मास की किसी अवधि तक संसद के किसी सदन का सदस्य नहीं है उस अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रहेगा।'' अतः भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति के समय जरूरी नहीं है कि वह दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो परन्तु उसे छः माह के अंदर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिए।

**54. With reference to the Delimitation Commission. consider the following statements :**
**परिसीमन आयोग के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The orders of the Delimitation Commission cannot be challenged in a Court of Law.
परिसीमन आयोग के आदेशों को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. When the orders of the Delimitation Commission are laid before the Lok Sabha or State Legislative Assembly, they cannot effect any modifications in the orders.
परिसीमन आयोग के आदेश जब लोक सभा अथवा राज्य विधान सभा के सम्मुख रखे जाते हैं, तब उन आदेशों में कोई संशोधन नहीं किया जा सकता।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – संसद ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा परिसीमन आयोग अधिनियम द्वारा 1952, 1963, 1973, 2002 परिसीमन आयोग बनाए हैं और इनसे निर्वाचन का ढंग विहित किया है एवं निर्वाचन से संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की रचना और उनका परिसीमन किया है। परिसीमन आयोग के आदेश जब लोकसभा अथवा राज्य विधान सभा के सम्मुख रखे जाते हैं, तब उन आदेशों में संशोधन नहीं किया जा सकता तथा परिसीमन आयोग के आदेशों को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**55. Consider the following :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

1. Hotel and restaurants / होटल तथा रेस्तराँ
2. Motor transport undertakings / मोटर परिवहन उद्योग
3. Newspaper establishments / समाचार-पत्र प्रतिष्ठान
4. Private medical institutions / निजी चिकित्सा संस्थान

**The employees of which of the above can have the 'Social Security' coverage under Employees' State Insurance Scheme ?**
**उपर्युक्त में से किस इकाई/किन इकाइयों के कर्मचारी, 'कर्मचारी राज्य बीमा योजना' के अन्तर्गत 'सामाजिक सुरक्षा' कवच प्राप्त कर सकते हैं?**

(a) 1,2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 4 only /केवल 4
(c) 1, 3 and 4 /केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – कर्मचारी राज्य बीमा निगम (Employees State Insurance Corporation – ESIC) के ताजा निर्णय के अनुसार अब 10 कर्मचारियों वाले कारखाने/संस्थान भी इसके दायरे में आएंगे, भले ही वह निर्माण प्रक्रिया में विद्युत का प्रयोग कर रहे हों या नहीं। होटल तथा रेस्तराँ, मोटर परिवहन उद्योग, समाचार-पत्र प्रतिष्ठान तथा निजी चिकित्सा संस्थान के कर्मचारी, 'कर्मचारी बीमा योजना' के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकते हैं।

**56. According to the Constitution of India, it is the duty of the President of India to cause to be laid before the Parliament which of the following ?**
**भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति का यह कर्तव्य है कि वे निम्नलिखित में से किसको/किनको संसद् के पटल पर रखवाए?**

1. The Recommendations of the Union Finance Commission
संघ वित्त आयोग की सिफारिशों को
2. The Report of the Public Accounts Committee
लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन को
3. The Report of the Comptroller and Auditor General/नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन को
4. The Report of the National Commssion for Schedules Castes
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रतिवेदन को

**Select the correct answer using the codes given below**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 4 only / केवल 2 और 4

(c) 1, 3 and 4/ केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति का यह कर्तव्य है कि वह निम्न की सिफारिशों को संसद् को पटल पर रखवाएं–
**(i)** राष्ट्रपति संघीय वित्त आयोग की सिफारिशों को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगा। (अनु. 281)
(ii) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के संघ के लेखाओं को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगा (अनु. 151(1))।
(iii) अनुसूचित जातियों और जनजातियों से संबंधित आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को संसद के समक्ष रखवाएगा (अनु. 338(6))।
(iv) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष प्रस्तुत प्रतिवेदन को राष्ट्रपति संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगा (अनु. 323)

**57. A deadlock between the Lok Sabha and the Rajya Sabha calls for a joint sitting of the Parliament during the passage of**
**लोक सभा और राज्य सभा के बीच गतिरोध की किस स्थिति/किन स्थितियों में संसद् की संयुक्त बैठक बुलाई जाती है?**
1. Ordinary Legislation
साधारण विधि-निर्माण को पारित करने की स्थिति में
2. Money Bill
धन-विधेयक को पारित करने की स्थिति में
3. Constitution Amendment Bill
संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने की स्थिति में

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**
(a) 1only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
**उत्तर**– (a)

**व्याख्या**– धन विधेयक से भिन्न कोई विधेयक तभी विधि बन सकता है जब दोनों सदन संशोधनों सहित या बिना संशोधन के उस पर सहमत हो जाते हैं। धन विधेयक के संबंध में यह प्रश्न नहीं उठता है क्योंकि लोकसभा को उसे पारित करने की अंतिम शक्ति है। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि अनुच्छेद 108 द्वारा विहित संयुक्त बैठक की प्रक्रिया सामान्य विधायन तक ही सीमित है। संविधान संशोधन को यह लागू नहीं होती। वह अनुच्छेद 368(2) द्वारा शासित होता है। उसे प्रत्येक सदन द्वारा अलग-अलग विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।

**58. How do District Rural Development Agencies (DRDAs) help in the reduction of rural poverty in India**
**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDAs) भारत में ग्रामीण निर्धनता को कम करने में कैसे मदद करते हैं?**
1. DRDAs act as Panchayati Raj Institution in certain specified backward regions of the country
DRDAs देश के कुछ विनिर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के रूप में कार्य करते हैं।
2. DRDAs undertake area- specific scientific study of the causes of poverty and malnutrition and prepare detailed remedial measures.
DRDAs विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निर्धनता और कुपोषण के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं और उनके समाधान के विस्तृत उपाय तैयार करते हैं।
3. DRDAs secure inter-sectoral and inter departmental coordination and cooperation for effective implementation of anti-poverty programmes.
DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अन्तरक्षेत्रीय (इंटर-सेक्टोरल) तथा अन्तरविभागीय समन्वयन और सहयोग सुरक्षित करते हैं।
4. DRDAs watch over the ensure effective utilization of the funds intended for anti poverty programmes.
DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के लिए मिले कोष पर निगरानी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका प्रभावी उपयोग हो।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) 1, 2 and 3 only/ केवल 1, 2 और 3
(b) 3 and 4 only / केवल 3 और 4
(c) 4 only/ केवल 4
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4
**उत्तर** – **(b)**

**व्याख्या**– जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों को मजबूती प्रदान करने और उन्हें अपने कामकाज में अधिक व्यावसायिक बनाने के उद्देश्य से 1 अप्रैल, 1999 को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में जिला ग्रामीण विकास एजेंसी (डीआरडीए) प्रशासन नामक कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के लिए केंद्र और राज्य 75 : 25 के अनुपात में धन उपलब्ध कराते हैं। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDAs) निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अन्तरक्षेत्रीय (इंटर-सेक्टोरल) तथा अन्तरविभागीय समन्वयन और सहयोग सुरक्षित है। DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के लिए मिले कोष पर निगरानी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका प्रभावी उपयोग हो।

**59. Which of the following is/are among the Fundamental Duties of citizens laid down in the Indian Constitution ?**
**भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मूल कर्तव्यों में निम्नलिखित में से क्या है/हैं?**
1. To preserve the rich heritage of our composite culture
मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत की रक्षा
2. To protect the weaker sections from social injustice
सामाजिक अन्याय से कमजोर वर्गों की रक्षा

3. To develop the scientific temper and spirit of inquiry
वैज्ञानिक मनोदशा और खोज की भावना का विकास
4. To strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity
वैयक्तिक और सामूहिक कार्यकलापों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयत्न

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only / केवल 2
(c) 1, 3 and 4 only /केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – मूल कर्तव्य अनुच्छेद 51(क) में अन्तर्विष्ट है (भाग 4क) जो 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर अन्तःस्थापित किया गया है। इस अनुच्छेद के अधीन भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(F) हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करे,
(H) वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे,
(J) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों के उत्कर्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करे

**60. What is the provision to safeguard the autonomy of the Supreme Court of India?**
**भारत के उच्चतम न्यायालय की स्वायत्तता की रक्षा हेतु क्या प्रावधान है?**

1. While appointing the Supreme Court Judges, the President of India has to consult the Chief Justice of india.
उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय भारत के राष्ट्रपति को भारत के मुख्य न्यायाधीश से विचार-विमर्श करना पड़ता है।
2. The Supreme Court Judges can be removed by the Chief Justice of India only.
उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा हटाया जा सकता है।
3. The salaries of the Judges are charged on the Consolidated Fund of India to which the legislature does not have to vote
न्यायाधीशों का वेतन भारत के संचित निधि पर आरोपित होता है, जिस पर विधानमण्डल को अपना मत नहीं देना होता है।
4. All appointments of officers and staffs of the Supreme Court of India are made by the Government only after consulting the Chief Justice of India.
भारत के उच्चतम न्यायालय के अफसरों और कर्मचारियों की सभी नियुक्तियाँ सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश से विचार-विमर्श के पश्चात् ही की जाती हैं।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(b) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(c) 4 only / केवल 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – **(a)**

**व्याख्या** – उच्चतम न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। ऐसा करते समय राष्ट्रपति उच्चतम अथवा उच्च न्यायालय के ऐसे न्यायाधीश से परामर्श कर सकता है जिससे वह आवश्यक समझे। परन्तु मुख्य न्यायमूर्ति से भिन्न किसी न्यायाधीश की नियुक्ति की दशा में भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से सदैव परामर्श किया जाएगा। (अनु. 124(2))
उच्चतम न्यायालय के प्रशासनिक व्यय जिसके अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन व भत्तें, पेंशन आते हैं भारत को संचित निधि पर भारित होगे। इस संबंध में विधान मण्डल को मत देने की आश्यकता नहीं होती।
उच्चतम न्यायालय के अधिकारियों और सेवकों की नियुक्तियां भारत का मुख्य न्यायाधीश करेगा या उस न्यायालय का ऐसा अन्य न्यायाधीश या अधिकारी करेगा जिसे वह निर्दिष्ट करे (अनु. 146(1))।

**61. To meet its rapidly growing energy demand, some opine that India should pursue research and development on thorium as the future fuel of nuclear energy. In this context, what advantage does thorium hold over uranium ?**
**कुछ लोगों का सोचना है कि तेजी से बढ़ रही ऊर्जा की जरूरत पूरी करने के लिए भारत को थोरियम को नाभिकीय ऊर्जा के भविष्य के ईंधन के रूप में विकसित करने के लिए शोध और विकास करना चाहिए। इस सन्दर्भ में थोरियम, यूरेनियम की तुलना में कैसे अधिक लाभकारी है?**

1. Thorium is far more abundant in nature than uranium.
प्रकृति में यूरेनियम की तुलना में थोरियम के कहीं अधिक भण्डार हैं।
2. On the basis of per unit mass of mined mineral, thorium can generate more energy compared to natural uranium.
उत्खनन-प्राप्त खनिज से मिलने वाली प्रति इकाई द्रव्यमान ऊर्जा की तुलना की जाए, तो थोरियम, प्राकृतिक यूरेनियम की तुलना में, कहीं अधिक ऊर्जा उत्पन्न करता है।
3. Thorium produces less harmful waste compared to uranium.
थोरियम, यूरेनियम की तुलना में, कम नुकसानदेह अपशिष्ट उत्पादित करता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – थोरियम की प्राप्ति मुख्यतः मोनाजाइट बालुका निक्षेपों से होती है जिसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल की चट्टानों के नष्ट होकर चूर्ण बन जाने से हुआ है। यह मोनाजाइट निक्षेप मुख्यतः केरल के तटवर्ती भागों में मिलते हैं। उत्खनन प्राप्त खनिज से

मिलने वाली प्रति इकाई द्रव्यमान ऊर्जा की तुलना करने पर थोरियम प्राकृतिक यूरेनियम की अपेक्षा कहीं अधिक ऊर्जा उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त यह यूरेनियम की तुलना में कम नुकसानदायक अपशिष्ट उत्पादित करता है तथा प्रकृति में थोरियम के भंडार यूरेनियम की तुलना में अधिक है।

**62. The increasing amount of carbon dioxide in the air is slowly raising the temperature of the atmosphere, because it absorbs.**
**वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती हुई मात्रा से वायुमण्डल का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है, क्योंकि कार्बन डाइऑक्साइड**

(a) the water vapour of the air and retains its heat
वायु में उपस्थित जलवाष्प को अवशोषित कर उसकी ऊष्मा को संचित करती है

(b) the ultraviolet part of the solar radiation
सौर विकिरण के पराबैंगनी अंश को अवशोषित करती है

(c) all the solar radiations
संपूर्ण सौर विकिरण को अवशोषित करती है

(d) the infrared part of the solar radiation
सौर विकिरण के अवरक्त अंश को अवशोषित करती है

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – कार्बन डाईऑक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन गैस है। वायुमण्डल में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा 0.03 प्रतिशत पायी जाती है। इसका जलीय विलयन अम्लीय होता है। वायुमण्डल दाब पर यह $-78.5\ ^{o}C$ ताप पर ठोस अवस्था में परिवर्तित होती है, जिसे 'शुष्क बर्फ' कहते हैं। 'शुष्क बर्फ' का प्रयोग रेफ्रिजरेशन में किया जाता है। वायु में कार्बन डाईऑक्साइड के कारण वायु का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है क्योंकि कार्बन डाईऑक्साइड सौर विकिरण के अवरक्त अंश को अवशोषित करती है।

**63. Which one of the following sets of elements was primarily responsible for the origin of life on the Earth ?**
**निम्नलिखित तत्त्व समूहों में से कौन-सा एक पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के लिए मूलतः उत्तरदायी था?**

(a) Hydrogen, Oxygen, Sodium
हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, सोडियम

(b) Carbon, Hydrogen, Nitrogen
कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन

(c) Oxygen, Calcium, Phosphorus
ऑक्सीजन, कैल्सियम, फॉस्फोरस

(d) Carbon, Hydrogen, Potassium
कार्बन, हाइड्रोजन, पोटैशियम

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के लिए मूलतः उत्तरदायी होता है। क्योंकि इन प्राथमिक गैसों से ही जीवन की मूल आवश्यकताएं जल, भोजन तथा पर्यावरण आदि की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाता है।

**64. What are the reasons for the people's resistance to the introduction of Bt brinjal in India ?**
**भारत में Bt बैंगन के प्रवेशन पर लोगों के विरोध के कारण क्या हैं?**

1. Bt brinjal has been created by inserting a gene from a soil fungus into its genome.
Bt बैंगन की रचना इसके जीनोम में मृदा कवक के जीन को प्रवेश कराकर की गयी है।
2. The seeds of Bt brinjal are terminator seeds and therefore, the farmers have to buy the seeds before every season from the seed companies.
Bt बैंगन के बीज टर्मिनेटर बीज हैं जिसके कारण किसानों को प्रत्येक मौसम के पहले बीज कम्पनियों से बीज खरीदना पड़ता है।
3. There is an apprehension that the consumption of Bt brinjal may have adverse impact on health.
एक आशंका है कि Bt बैंगन के उपभोग का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।
4. here is some concern that the introduction of Bt brinjal may have adverse effect on the biodiversity./यह भी चिन्ता है कि Bt बैंगन के प्रवेशन से जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव हो सकता है।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1,2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारत में बीटी बैंगन के प्रवेशन पर लोगों के विरोध करने के मुख्य कारण यह है कि बीटी बैंगन के प्रवेशन से जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा एवं इसके साथ ही यह आशंका है कि बीटी बैंगन के उपयोग का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों को खेतों में काम करने वाले मजदूरों और अन्य पेड़ पौधों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बीटी (Bt) फसलें ट्रांसजेनिक फसलें होती है, जो पौधों की कोशिका में बैसिलस थुरिंजिनेसिस के समान विष उत्पन्न करती है, जिससे फसलों की हानिकारक कीटो से सुरक्षा होती है।

**65. Other then resistance to pests, what are the prospects for which genetically engineered plants have been created ?**
**पीड़कों को प्रतिरोध के अतिरिक्त, वे कौन-सी सम्भावनाएँ हैं जिनके लिए आनुवंशिक रूप से रूपान्तरित पादपों का निर्माण किया गया है?**

1. To enable them to withstand drought
सूखा सहन करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना
2. To increase the nutritive value of the produce
उत्पाद में पोषकीय मान बढ़ाना
3. To enable them to grow and do photosynthesis in spaceships and space stations.
अन्तरिक्ष यानों और अन्तरिक्ष स्टेशनों में उन्हें उगने और प्रकाश-संश्लेषण करने के लिए सक्षम बनाना
4. To increase their shelf life
उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाना

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(c) 1,2 and 4 /केवल 1, 2 और 4
(d) 1,2,3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – पीड़कों के प्रतिरोध के अतिरिक्त उत्पाद में पोषकीय मान बढ़ाने, सूखा सहन करने के लिए सक्षम बनाने, उनकी सेल्फ लाइफ बढ़ाने और प्रकाश संश्लेषण क्रिया करने हेतु सक्षम बनाने इत्यादि के लिए रूपांतरित पादपों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त हरित लवक में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा भोज्य पदार्थों के निर्माण करने तथा वर्णी लवक में कैरोटिन एवं जैन्थोफिल वर्णक द्रव्यों का संश्लेषण एवं संचय करने में भी रूपांतरित पादपों का प्रयोग किया गया है।

**66. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**The most effective contribution made by Dadabhai Naoroji to the cause of Indian National Movement was that he**
**दादा भाई नौरोजी की भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को सर्वाधिक प्रभावी देन थी कि**

1. exposed the economic exploitation of India by the British
उन्होंने इस बात को अभिव्यक्त किया कि ब्रिटेन, भारत का आर्थिक शोषण कर रहा है
2. interpreted the ancient Indian texts and restored the self-confidence of Indians
उन्होंने प्राचीन भारतीय ग्रंथों की व्याख्या की और भारतीयों में आत्म-विश्वास जगाया।
3. stressed the need for eradication of all the social evils before anything else
उन्होंने सभी सामाजिक बुराइयों के निराकरण की आवश्यकता पर सर्वोपरि जोर दिया

**Which of the statements given above is /are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – दादाभाई नौरोजी की भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को सर्वाधिक प्रभावी देन थी कि उन्होंने इस बात को अभिव्यक्त किया कि ब्रिटेन भारत का आर्थिक शोषण कर रहा है। दादाभाई नौरोजी ने अंग्रेजी राज्य की शोषक नीतियों का अनावरण किया और कहा कि यह राज्य भारत को दिन-प्रतिदिन लूटने में लगा है, जिसके कारण भारत निर्धन देश बनता जा रहा है। अपनी महत्वपूर्ण पुस्तक Indian Poverty and Un-British Rule in India (1901) में उन्होंने तथ्यों से अपने लेखों एवं बातों को सिद्ध किया।

**67. With reference to Dhrupad, one of the major traditions of India that has been kept alive for centuries, which of the following statements are correct ?**
**सदियों से भारत में जीवित रही एक प्रमुख परम्परा 'ध्रुपद' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. Dhrupad originated and developed in the Rajput kingdoms during the Mughal period./ध्रुपद की उत्पत्ति तथा विकास मुगल काल में राजपूत राज्यों में हुआ।
2. Dhrupad is primarily a devotional and spiritual music./ध्रुपद प्रमुखतः भक्ति और अध्यात्म का संगीत है।
3. Dhrupad Alap uses Sanskrit syllables from Mantras./ध्रुपद आलाप मंत्रों से लिए गए संस्कृत अक्षरों पर आधारित है।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(c) 1,2 and 3 / 1, 2 और 3
(d) None of the above is correct
उपर्युक्त में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर– (b)**

**व्याख्या** – ध्रुपद की उत्पत्ति संस्कृत के ध्रुव शब्द से हुयी है। इसका प्रमाण प्राचीन काल से ही मिलते हैं, जिसके नाट्यशास्त्र तथा भागवत पुराण में भी साक्ष्य मिलते हैं। अतः कथन 1 गलत है। ध्रुपद गायकों में तानसेन का नाम प्रमुख रूप से लिया जाता था। तानसेन अकबर के दरबार में आने से पूर्व रीवाँ के राजा रामचन्द्र के राज्याश्रय में था। अकबर ने जब तानसेन की प्रशंसा सुनी तो अकबर का संगीत प्रेम अपने पर संयम न रख सका। प्राचीन ग्रन्थों में लगभग 260 प्रकार के प्रबंधों का उल्लेख मिलता है, जिनमें से 'सालग-सूड', 'ध्रुव प्रबन्ध' की गान शैली के आधार पर 'ध्रुपद गायन' का विकास हुआ। ध्रुपद गायन शैली का प्रचार बढ़ने से अन्य प्रकार की प्रबंध गायकी लुप्त होती चली गई। अकबर के काल में ध्रुपद गायन की चार विशिष्ट गायन शैलियाँ प्रचार में थीं जिनके नाम क्रमशः नोहार वाणी, भण्डार वाणी, गोबर हारी या गौदारी वाणी और डागुर वाणी। ध्रुपद आलाप मंत्रों से लिए गए संस्कृत अक्षरों पर आधारित है। ध्रुपद प्रमुखतः भक्ति और अध्यात्म का संगीत है।

**68. How do you distinguish between Kuchipudi and Bharatanatyam dances ?**
**कुचिपुड़ी तथा भरतनाट्यम नृत्यों के बीच क्या भेद है?**

1. Dancers occasionally speaking dialogues is found in Kuchipudi dance but not in Bharatanatyam
कुचिपुडी नृत्य में नर्तक प्रासंगिक रूप से कथोपकथन का प्रयोग करते हैं, जबकि भरतनाट्यम में कथोपकथन का प्रयोग नहीं किया जाता।
2. Dancing on the brass plate by keeping the feet on its edges is a feature of Bharatanatyam but Kuchipudi dance does not have such a form of movements.
पीतल की तश्तरी की धार पर पाद रख नृत्य करने की परम्परा भरतनाट्यम की विशिष्टता है, जबकि कुचिपुड़ी नृत्य में इस प्रकार की क्रियाओं का कोई स्थान नहीं है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only / केवल 2
(c) Both 1and 2/ 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1 और न ही 2

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – 'भरतनाट्यम' मुख्यतः तमिलनाडु का नृत्य है और अब यह अखिल भारतीय स्वरूप ले चुका है। कुचिपुड़ी की जड़ें आन्ध्र प्रदेश में है। भरतनाट्यम में कथोपकथन का प्रयोग नहीं होता जबकि कुचिपुड़ी नृत्य में नर्तक प्रासंगिक रूप से कथोपकथन का प्रयोग करते हैं।

69. **With reference to the religious history of medieval India, the Sufi mystics were known to pursue which of the following practices ?**
**मध्ययुगीन भारत के धार्मिक इतिहास के सन्दर्भ में सूफी सन्त निम्नलिखित में से किस तरह के आचरण का निर्वाह करते थे?**

1. Meditation and control of breath
ध्यान-साधना और श्वास-नियमन
2. Severe ascetic exercises in a lonely place
एकांत में कठोर यौगिक व्यायाम
3. Recitation of holy songs to arouse a state of ecstasy in their audience
श्रोताओं में आध्यात्मिक हर्षोन्माद उत्पन्न करने के लिए पवित्र गीतों का गायन

**Select the correct answer using the codes given below :**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 3 only/केवल 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – इस्लाम में सूफीमत का विकास किसी धर्म में होने वाले रहस्यवादी आंदोलन (Mystic Movement) की सफलता तथा लोकप्रियता का महत्वपूर्ण और दिलचस्प इतिहास है। सूफीवाद मूलतः दार्शनिक व्यवस्था पर टिका था। इस दार्शनिक व्यवस्था के कारण ही सूफीवाद ने इस्लाम की कट्टरता को तिलांजलि देकर रहस्यवाद की आंतरिक गहराई से समझौता कर लिया। इस्लाम में संगीत की प्रतिष्ठा न होते हुए भी सूफियों ने इसे ईश्वर को पाने में महत्वपूर्ण साधन माना है। निजामुद्दीन के विचार में संगीत ईश्वरीय प्रेम एवं सौन्दर्य से साक्षात्कार करने का अनूठा माध्यम है। कीर्तन और नृत्य की भावुक अवस्था में हृदय प्रभु को पाने के लिए अजीब शक्ति पा लेता है। भारतीय संस्कृति एवं साधना के सम्पर्क में आने पर सूफियों ने इस संस्कृति से बहुत कुछ ग्रहण कर लिया। नाथपंथी साधकों, योगियों आदि का प्रभाव तो इन पर जगह-जगह देखा जा सकता है। निजामुद्दीन ने योगियों की साधना पद्धति को मुक्त मन से स्वीकार किया।

70. **The Rowlatt Act aimed at**
**रॉलेट ऐक्ट का लक्ष्य था**

(a) compulsory economic support to war efforts
युद्ध प्रयासों को अनिवार्य आर्थिक समर्थन
(b) imprisonment without trial and summary procedures for trial/बिना मुकदमा चलाये बन्दी बनाना और मुकदमों की सुनवाई संक्षिप्त प्रक्रिया द्वारा
(c) suppression of the Khilafat Movement
खिलाफत आन्दोलन का दमन
(d) imposition of restrictions on freedom of the press/प्रेस स्वातंत्र्य पर प्रतिबन्ध लगाना

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– रॉलेट एक्ट का लक्ष्य बिना मुकादमा चलाये बन्दी बनाना और मुकदमों की सुनवाई संक्षिप्त प्रक्रिया द्वारा किया जाना था। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत में बढ़ रही क्रांतिकारी गतिविधियों को कुचलने हेतु ब्रिटिश सरकार द्वारा वर्ष 1971 में न्यायधीश सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। इसके सुझावों पर मार्च 1919 में पारित विधेयक रोलेक्ट एक्ट के नाम से जाना गया। इस एक्ट के विरोध में गाँधी जी द्वारा प्रथम अखिल भारतीय स्तर 1919 में सत्याग्रह चलाया गया। इस एक्ट के विरोध में 13 अप्रैल, 1919 को पंजाब के लोकप्रिय नेता डॉ. सैफुद्दीन किचलू एवं सत्यपाल की गिरफ्तारी एवं ब्रिटिश दमन के विरोध में जलियाँवाला बाग में एक सभा आयोजित की गई, जिसकी परिणिती जलियाँवाला बाग हत्याकांड के रूप में घटित हुई।

71. **The Lahore Session of the Indian National Congress (1929) is very important in history, because**
**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लौहार अधिवेशन (1929) इतिहास में इसलिए बहुत प्रसिद्ध है, क्योंकि**

1. the Congress passed a resolution demanding complete independence
कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की माँग का एक संकल्प पारित किया
2. the rift between the extremists and moderates was resolved in that Session
इस अधिवेशन में उग्रवादियों एवं उदारवादियों के बीच झगड़े को सुलझा लिया गया
3. a resolution was passed rejecting the two-nation theory in that Session
इस अधिवेशन में दो राष्ट्रों की माँग के सिद्धान्त को अस्वीकार करते हुए एक संकल्प पारित किया गया।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) only 1 / केवल 1
(b) 2 and 3 /2 और 3
(c) 1 and 3 / 1 और 3
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का लाहौर अधिवेशन बहुत प्रसिद्ध है,क्योंकि काँग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की माँग का एक संकल्प पारित किया। 1929 के काँग्रेस के वार्षिक अधिवेशन के स्मारक सत्र के आतिथ्य का सम्मान लाहौर को मिला जो पंजाब की राजधानी थी और 'पूर्ण स्वराज्य' की घोषणा करने का सम्मान जवाहर लाल नेहरू को मिला। अधिवेशन में 31 दिसंबर को रात्रि 12, बजे रावी नदी के तट पर भारत का तिरंगा फहराकर पूर्ण स्वाधीनता का प्रस्ताव पास किया गया।

72. **Lord Buddha's image is sometimes shown with the hand gesture called 'Bhumisparsha Mudra' It symbolizes.**
**भगवान बुद्ध की प्रतिमा कभी-कभी एक हस्त मुद्रा युक्त दिखाई गई है, जिसे 'भूमिस्पर्श मुद्रा' कहा जाता है। यह किसका प्रतीक है?**

(a) Buddha's calling of the Earth to watch over Mara and to prevent Mara from disturbing his meditation
मार पर दृष्टि रखने एवं अपने ध्यान में विघ्न डालने से मार को रोकने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान
(b) Buddha's calling of the Earth to witness his purity and chastity despite the temptation of Mara.
मार के प्रलोभनों के बावजूद अपनी शुचिता और शुद्धता का साक्षी होने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान

(c) Buddha's reminder to his followers that they all arise from the Earth and finally dissolve into the Earth, and thus this life is transitory
बुद्ध का अपने अनुयायियों को स्मरण कराना कि वे सभी धरती से उत्पन्न होते हैं और अन्ततः धरती में विलीन हो जाते हैं, अतः जीवन संक्रमणशील है

(d) Both the statements (a) and (b) are correct in this context./इस सन्दर्भ में दोनों ही कथन (a) एवं (b) सही हैं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मथुरा कला के अंतर्गत बुद्ध की धर्मचक्रप्रवर्तन मुद्रा, अभय मुद्रा, ध्यान मुद्रा और भू-स्पर्श मुद्रा आदि मूर्तियों का निर्माण किया गया था। बुद्ध की 'भूमिस्पर्श मुद्रा' मार (कामदेव) के प्रलोभनों के बावजूद अपनी शुचिता और शुद्धता का साक्षी होने के लिए बुद्ध का धरती को आह्वान प्रस्तुत करती है।

**73. The religion of early Vedic Aryans was primarily of**
**पूर्व-वैदिक आर्यों का धर्म प्रमुखतः था**

(a) Bhakti / भक्ति
(b) image worship and Yajnas/मूर्तिपूजा और यज्ञ
(c) worship of narture and Yajnas
प्रकृति पूजा और यज्ञ
(d) worship of nature and Bhakti
प्रकृति पूजा और भक्ति

**उत्तर**– (c)

**व्याख्या** – पूर्व वैदिक आर्यों का धर्म प्रमुखतः प्रकृति पूजा और यज्ञ था। प्रारम्भ में हमें बहुदेववाद के दर्शन मिलते हैं। आर्यों के प्रधान देवता प्राकृतिक शक्तियों के प्रतिनिधि हैं जिनका मानवीकरण किया गया है। देवताओं की उपासना यज्ञों द्वारा की जाती थी। यज्ञ में दूध, अन्न, घी, माँस तथा सोम की आहुतियाँ दी जाती थीं। यज्ञीय विधि-विधान अत्यंत जटिल थे।

**74. Which of the following statements is/are correct regarding Brahmo Samaj.**
**ब्रह्म समाज के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. It opposed idolatry
इसने मूर्तिपूजा का विरोध किया।
2. It denied the need for a priestly class for interpreting the religious texts.
धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या के लिए इसने पुरोहित वर्ग को अस्वीकारा
3. It popularized the doctrine that the Vedas are infallible
इसने इस सिद्धान्त का प्रचार किया कि वेद त्रुटिहीन हैं।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2
(c) 3 only/ केवल 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – राजाराम मोहन राय ने 20 अगस्त, 1828 को ब्रह्म समाज की स्थापना की थी। धर्म के क्षेत्र में ब्रह्म समाज का महत्व इस बात में नहीं था कि उसने किन प्राचीन परम्पराओं को बनाए रखा अपितु इस बात में था कि उसने किन परम्पराओं व विश्वासों को छोड़ दिया - (1) अवतारवाद को त्याग दिया, (2) धर्म ग्रन्थों को मानवीय अन्तरात्मा तथा तर्क के ऊपर नहीं माना जा सकता, (3) बहुदेववाद तथा मूर्तिपूजा त्याग दी, (4) वर्णव्यवस्था की आलोचना की, (5) परन्तु कर्म सिद्धान्त तथा पुनर्जन्म के विषय में अपने निश्चित मत प्रकट न करके प्रत्येक ब्रह्म समाजी को मानने अथवा न मानने की अनुमति दे दी।

**75. The Reserve Bank of India (RBI) acts as a banker' bank .This would imply which of the following ?**
**भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंक (केन्द्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है। इसका अर्थ निम्नलिखित में से कौन-से हैं?**

1. Other banks retain their deposits with the RBI.
अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
2. The RBI lends funds to the commercial banks in times of need./आवश्यकता के समय RBI वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
3. The RBI advises the commercial banks on monetary matters./RBI वाणिज्यिक बैंकों को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 1 and 3 /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – **(d)**

**व्याख्या** – रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया भारत का केंद्रीय बैंक है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को पाँच करोड़ रुपए की अधिकृत पूँजी से हुई थी। 1 जनवरी, 1949 को रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। रिजर्व बैंक, बैंको के बैंक अर्थात् केंद्रीय बैंक के रूप में कार्य करता है जिसका अर्थ है - अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं जिससे RBI साख नियंत्रण करता है। यह वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है तथा मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है। इसके अतिरिक्त विदेशी विनिमय पर नियंत्रण, नोटों का निर्गमन, बैंकों के बैंक के रूप में कार्य करना भी इसके कार्यों में सम्मिलित है।

**76. Under, which of the following circumstances may 'capital gains' arise ?**
**निम्नलिखित में से किस/किन परिस्थिति/परिस्थितियों में 'पूँजीगत लाभ' हो सकता है?**

1. When there is an increasse in the sales of product.
जब किसी उत्पाद के विक्रय में वृद्धि हो
2. When there is a natural increase in the value of the property owned
जब किसी सम्पत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि हो
3. When you purchase a painting and there is a growth in its value due to increase in its popularity
जब आप कोई रंगचित्र खरीदें और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उसके मूल्य में वृद्धि हो

**Select the correct answer using the codes given below**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) only 2/केवल 2
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – जब किसी सम्पत्ति को उसकी मूल कीमत से अधिक कीमत पर बेचा जाता है तो यह आधिक्य पूँजीगत लाभ कहलाता है अर्थात् 'पूँजीगत लाभ' तब होता है जब किसी सम्पत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि हो। इसके अतिरिक्त जब कोई व्यक्ति रंगचित्र खरीदे और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उसके मूल्य में वृद्धि हो ऐसी स्थिति में भी पूँजीगत लाभ होता है। पूंजीगत लाभ के अंतर्गत प्राकृतिक वृद्धि को सम्मिलित करने का प्रमुख कारण यदि पूंजीगत लाभ में कृत्रिम वृद्धि होती है, तो स्फीति की स्थिति में इससे हानि की संभावना अधिक हो जाती है तथा व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगता है। इसके अतिरिक्त लोकप्रियता बढ़ने के कारण रंगचित्र के मूल्य में वृद्धि पूंजी की निवेशित मात्रा पर लाभ को प्रकाशित करता है जो पूंजीगत लाभ में सम्मिलित होता है।

**77. Which of the following measures would result in an increase in the money supply in the economy ?**
**निम्नलिखित उपायों में से किसके/किनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी?**

1. Purchase of government securities from the public by the Central Bank
   केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय
2. Deposit of currency in commercial banks by the public
   लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में जमा की गई करेंसी
3. Borrowing by the government form the Central Bank
   सरकार द्वारा केन्द्रीय बैंक से लिया गया ऋण
4. Sale of government securities to the public by the Central Bank
   केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 4 only /केवल 2 और 4
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 2, 3 and 4 /2, 3 और 4
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – रिजर्व बैंक व्यापारिक बैंकों द्वारा निर्मित साख की मात्रा तथा दिशा पर नियंत्रण करने का कार्य सम्पन्न करता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह परिमाणात्मक व गुणात्मक उपायों का उपयोग करता है। केंद्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय करने तथा सरकार द्वारा केंद्रीय बैंक से लिये गये ऋण से अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी।

**78. Which of the following would include Foreign Direct Investment in India ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी बातें भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में समाविष्ट होंगी?**

1. Subsidiaries of companies in India
   भारत में विदेशी कंपनियों की सहायक कम्पनियाँ
2. Majority foreign equity holding in Indian companies
   भारतीय कम्पनियों में बहुसंख्यक विदेशी इक्विटी धारण
3. Companies exclusively financed by foreign companies
   विदेशी कम्पनियों द्वारा अनन्य रूप से वित्त-पोषित कम्पनियाँ
4. Portfolio investment
   पोर्टफोलियो निवेश

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4
(b) 2 and 4 only / केवल 2 और 4
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 only / केवल 1, 2 और 3
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में भारतीय कम्पनियों में बहुसंख्यक विदेशी इक्विटी धारक, विदेशी कम्पनियों द्वारा अनन्य रूप से वित्त-पोषित कम्पनियाँ तथा भारत में विदेशी कम्पनियों की सहायक कम्पनियाँ इत्यादि सम्मिलित होती हैं जबकि पोर्टफोलियो निवेश इसमें सम्मिलित नहीं होते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भौतिक सम्पदा जैसे कारखानों, भूमि पूंजीगत वस्तुएं तथा आधारिक संरचना वाले क्षेत्रों में जब विदेशी अपना धन लगाते हैं तो इसे प्रत्यक्ष पूंजी निवेश कहा जाता है। अधिकांशतया इस प्रकार के निवेश बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किये जाते हैं।

**79. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**The price of any currency in international market is decided by the**
**किसी मुद्रा का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य**

1. World Bank
   विश्व बैंक निर्धारित करता है
2. demand for goods/services provided by the country concerned
   सम्बन्धित देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं/सेवाओं की कितनी माँग है, से निर्धारित होता है
3. stability of the government of the concerned country
   सम्बन्धित देश की सरकार की स्थिरता से निर्धारित होता है
4. economic potential of the country in question
   सम्बन्धित देश की आर्थिक सम्भाव्यता से निर्धारित होता है

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4
(b) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(c) 3 and 4 only /केवल 3 और 4
(d) 1 and 4 only/ केवल 1 और 4
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – किसी मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य सम्बन्धित देश की सरकार की स्थिरता तथा सम्बन्धित देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं/सेवाओं की कितनी माँग है, से निर्धारित होता है। जिस देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं तथा सेवाओं की माँग अधिक होती है उस देश का मुद्रा मूल्य अधिक होता है। इसके अतिरिक्त जिस देश की

वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य कम अनुमानित होते हैं ऐसे देश के मुद्रा के मूल्य कम होते हैं। संबंधित देश की स्थिरता से भी मुद्रा मूल्य लगभग नियंत्रित होते हैं तथा स्फीति एवं अवस्फीति की स्थिति नियंत्रित की जाती है।

**80. The basic aim of Lead Bank Scheme is that**
**लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि**

(a) big banks should try to open offices in each district/बड़े बैंक प्रत्येक जिले में अपने कार्यालय खोलने का प्रयास करें
(b) there should be stiff competition among the various nationalized banks
विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हो
(c) individual banks should adopt particular districts for intensive development/प्रत्येक बैंक सघन विकास के लिए पृथक्-पृथक् जिलों को अपनाएँ
(d) all the banks should make intensive efforts to mobilize deposits/सभी बैंक अपने पास जमा राशि जुटाने के लिए गहन प्रयास करें

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि प्रत्येक बैंक सघन विकास के लिए पृथक्-पृथक् जिलों को अपनाएँ। लीड बैंक योजना जिलों की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए वर्ष 1969 में प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले के लिए एक बैंक को लीड बैंक घोषित कर दिया जाता है। जिस बैंक को लीड बैंक घोषित किया जाता है, वह जिला स्तर पर ऋणों की योजना बनाने, विशिष्ट कार्यक्रमों में अन्य बैंकों का सहयोग लेने तथा निश्चित कार्यक्रमों के लिए ऋण जुटाने में सभी वित्तीय संस्थाओं में समन्वय कायम करने का प्रयास करता है।

**81. Consider the following :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

1. Assessment of land revenue on the basis of nature of the soil and the quality of crops
मृदा के स्वरूप तथा उपज के गुणों के आधार पर भूमि राजस्व का मूल्यांकन
2. Use of mobile cannons in warfare
युद्ध में चलती-फिरती तोपों का उपयोग
3. Cultivation of tobacco and red chillies
तम्बाकू और लाल मिर्च की खेती

**Which of the above was/were introduced in to India by the English ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से अंग्रेजों की भारत को देन थी/थीं?**

(a) 1 only / केवल 1 (b) 1 and 2 /1 और 2
(c) 2 and 3 /2 और 3 (d) None /कोई भी नहीं

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – मृदा के स्वरूप तथा उपज के गुणों के आधार पर भूमि राजस्व का मूल्यांकन मध्यकाल में ही किया जाता था। युद्ध में चलती-फिरती तोपों का प्रयोग पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर द्वारा किया गया था। इसके अतिरिक्त पुर्तगालियों द्वारा मुगल सम्राट अकबर के समय में तम्बाकू सर्वप्रथम भारत लाई गई।

**82. With reference to the guilds (Shreni) of ancient India that played a very important roll in the country's economy, which of the following statements is/are correct ?**
**प्राचीन भारत में देश की अर्थव्यवस्था में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 'श्रेणी' संगठन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. Every guild was registered with the central authority of the State and the king was the chief administrative authority on them.
प्रत्येक 'श्रेणी' राज्य की एक केन्द्रीय प्राधिकरण के साथ पंजीकृत होती थी और प्रशासनिक स्तर पर राजा उनका प्रमुख होता था।
2. The wages, rules of work, standards and price were fixed by the guild.
'श्रेणी' ही वेतन, काम करने के नियमों, मानकों और कीमतों को सुनिश्चित करती थीं।
3. The guild had judicial powers over its own members.
'श्रेणी' का अपने सदस्यों पर न्यायिक अधिकार होता था।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/ केवल 1 और 2
(b) 3 only/ केवल 3
(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – प्राचीन अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रेणियों के अपने अलग न्यायालय होते थे जो अपने सदस्यों के विवादों का निपटारा करते थे। 'श्रेणी' ही वेतन, काम के नियमों, मानकों और कीमतों को सुनिश्चित करती थी। नगर श्रेष्ठि नगर के महाजनों का प्रमुख होता था।

**83. The distribution of powers between the Centre and the States in the Indian Constitution is based on the scheme provided in the?**
**भारत के संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच किए गए शक्तियों का विभाजन इनमें से किसमें उल्लिखित योजना पर आधारित है?**

(a) Morley-Minto Reforms, 1909
मार्ले-मिन्टो सुधार, 1909
(b) Montagu-Chelmsford Act, 1919
मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड अधिनियम, 1919
(c) Government of India Act, 1935
भारत सरकार अधिनियम, 1935
(d) Indian Independence Act, 1947
भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारत के संविधान में केन्द्र और राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन भारत सरकार अधिनियम 1935 पर आधारित है। परिसंघीय प्रणाली में दो सरकारें होती हैं और उनके बीच शक्तियों का विभाजन किया जाता है। परिसंघीय राज्य व्यवस्था की सफलता और उसकी शक्ति इन दोनों सरकारों के बीच सहकार्य और समन्वय पर निर्भर करती है।